e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 126
बुधवार
10.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

**सुविचार**
वर्तमान को सबसे बेहतरीन पल बनाओ क्योंकि वो वापिस नही आता।

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 30° |
| न्युनतम | 18° |

## क्विक न्यूज

### प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर की गोली मारकर हत्या

**हजारीबाग।** जिले के बड़कागांव प्रखंड स्थित एनटीपीसी साइट ऑफिस के निकट अपराधियों ने ॠत्विक कंपनी के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर का नाम शरद बाबू है, जो हैदराबाद के रहने वाले थे।बताया जा रहा है कि वह अपने वाहन से कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ गोली चला दी। इससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई जबकि उनका बॉडीगार्ड राजेंद्र प्रसाद गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज हजारीबाग के आरोग्यम अस्पताल में चल रहा है।

# इमरान के गिरफ्तार होते ही पूरे पाकिस्तान में हिंसा-आगजनी

एजेंसी

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पीटीआई प्रमुख इमरान खान को गिरफ्तार कर लिया गया। इमरान को इस्लामाबाद हाई कोर्ट से पाक रेंजर्स ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद इस्लामाबाद में हिंसा भड़क उठी। उनके कई समर्थक सड़कों पर आ गए। उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के कार्यकर्ताओं ने इस्लामाबाद में प्रदर्शन और हंगामा किया। इसके बाद पाकिस्तान पुलिस ने शहर में निषेधाज्ञा लागू कर दी। प्रदर्शनकारी लाहौर में सेना के कमांडरों के आवास और रावलपिंडी में सेना मुख्यालय के परिसर में घुस गए हैं। पाकिस्तानी सेना के रावलपिंडी मुख्यालय में तोड़फोड़ की गई और इमरान खान समर्थकों ने कोर कमांडर हाउस में आग लगा दी। धारा 144 लागू कर दी गई और पाक सेना ने देखते ही गोली मारने का आदेश दिया है। इमरान खान के समर्थकों ने लाहौर कैंट स्थित कॉर्प्स कमांडर के घर पर हमला किया। सरगोधा, पेशावर, लाहौर और मर्दन में कोर कमांडर मुख्यालय पर बड़ा हमला किया गया है। पूर्व पीएम इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में प्रदर्शनकारी लाहौर में सेना के कमांडरों के आवास और रावलपिंडी में सेना मुख्यालय के परिसर में घुस गए। केपीके के इमरान खान समर्थकों के एक बड़े पठान समूह ने पीएम हाउस, जीएचक्यू, आईएसआई कार्यालयों, कोर कमांडर हाउस, 111 ब्रिगेड और सीएम हाउस पर हमला करने के लिए हथियारों के साथ इस्लामाबाद और रावलपिंडी की ओर मार्च करना शुरू कर दिया है।





**सेना मुख्यालय पर इमरान समर्थकों ने की तोड़फोड़, इस्लामाबाद में निषेधाज्ञा लागू, पेशावर रेडियो स्टेशन को फूंका**

### इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने गिरफ्तारी पर जताया नाराजगी

इस्लामाबाद हाईकोर्ट परिसर से इमरान खान की गिरफ्तारी पर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक ने नाराजगी जताते हुए मामले का संज्ञान लिया है। उन्होंने इस्लामाबाद के पुलिस प्रमुख और गृह सचिव को 15 मिनट के भीतर तलब किया। इमरान खान की गिरफ्तारी से पहले मंगलवार को एक आतंकवाद रोधी अदालत ने कई मामलों में उनकी अंतरिम जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी। खान अभी देश भर में 121 मामलों का सामना कर रहे हैं, जिनमें राजद्रोह, आतंकवाद, ईशनिंदा और हिंसा भड़काने के आरोप शामिल हैं।जज ने अतिरिक्त अटॉर्नी जनरल को भी 15 मिनट में अदालत के सामने पेश होने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर इस्लामाबाद पुलिस प्रमुख कोर्ट में पेश नहीं होते हैं, तो वो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को समन करेंगे। उन्होंने कोर्ट परिसर में गिरफ्तारी पर तल्ख रूख अपनाते हुए पूछा कि आप हमें बताएं कि गिरफ्तारी किस मामले में की गई है। अटॉर्नी जनरल 15 मिनट के बजाय 45 मिनट के बाद कोर्ट में पहुंचे जिसके बाद चीफ जस्टिस भड़क गए।

**मध्यप्रदेश के खरगोन में बोराड़ नदी पर बने पुल से 50 फीट नीचे गिरी बस**

# सड़क दुर्घटना में 25 की मौत



एजेंसी

**भोपाल** : मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में एक बस के पुल से नीचे गिरने से 25 यात्रियों की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि 15 लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक खरगोन और बड़वानी के बताए जा रहे हैं। बस श्रीखंडी से इंदौर जाने के लिए रवाना हुई थी। बस खरगोन-ठीकरी मार्ग से गुजरते वक्त अचानक अनियंत्रित होकर बोराड़ नदी पर बने 50 फीट ऊंचे पुल से नीचे जा गिरी। हादसे के वक्त 45 से ज्यादा यात्री बस में सवार थे। हादसे का शिकार बस मां शारदा ट्रैवल्स की है जिसका नंबर एमपी10 पी 7755 है। मंगलवार की सुबह करीब नौ बजे हादसे का शिकार हुई। बताया जा रहा है कि संकरा पुल होने की वजह से बस की रफ्तार ज्यादा तेज नहीं थी, शायद चालक को झपकी आने की वजह से ये हादसा हुआ है। हालांकि हादसे की सही वजह अब तक सामने नहीं आई है। बोराड़ नदी सूखी थी, पुल से नीचे नदी के धरातल की गहराई करीब 50 फीट थी। बस अचानक रेलिंग तोड़ते हुए तेज झटके के साथ नीचे गिरी। बस के गिरते ही घटनास्थल पर चीख पुकार मच गया। घायल अपने परिजनों की सांसे टटोल रहे थे। जैसे ही आसपास के ग्रामीणों को हादसे की सूचना मिली उन्होंने पुलिस को जानकारी दी और तत्काल मदद के लिए मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने एंबुलेंस का इंतजार न करते हुए घायलों को अपने वाहनों से अस्पताल पहुंचाया।



# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




**संक्षिप्त खबरे**

## पिपरा में गिरता जलस्तर बना चर्चा का विषय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा प्रखंड क्षेत्र में गिरते हुए जलस्तर के कारण यहां के स्थानीय लोग काफी परेशान दिख रहे हैं। लोगों को मोटी रकम खर्च कर हीरा बोरिंग से नया बोरिंग कराना पड़ रहा है जिसमें भी अधिकांश लोगों को निराशा ही हाथ लग रही है आशा के अनुरूप उन्हें जलस्तर नहीं मिल पा रहा है. पिछले 2 वर्षो से वर्षा भी औसत से कम हुई है एवं प्रखंड क्षेत्र में नियम को ताक पर रखकर हो रहे माइनिंग के कारण भी जलस्तर गिरता जा रहा है. सरकारी चापाकल अधिकांश जगहों पर खराब पड़े हुए हैं. जिसकी मरम्मत के लिए खोज खबर भी लेने वाला अभी तक प्रखंड क्षेत्र में नहीं पहुंचा है. गिरता जलस्तर के कारण गरीब तबका काफी परेशान दिखाई दे रहा है अभी तक उनकी परेशानियों से भी अवगत होने उन तक कोई नहीं पहुंचा है. स्थानीय लोगों ने उपायुक्त पलामू से गुहार लगाकर कहां है कि हमारी इस गंभीर समस्या का निदान निकाला जाए।

**उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार आयोजित**

# उपायुक्त ने विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय वेशम में जनता दरबार का आयोजन किया। इसमें जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्याओं को डीडीसी के समक्ष रखा। प्राप्त मामलों का निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभाग को भेज दिया। जनता दरबार में छत्तरपुर से आयी दशरथी नामक महिला ने अपने स्वर्गीय पति के बैंक खाते से वृद्धा पेंशन की राशि का निकासी करने के संबंध में आवेदन दिया वहीं सदर प्रखंड के रजवाडीह से आये दीपनारायण ने भूमि सीमांकन के विषय के संबंध में आवेदन दिया। **चैनपुर के संजनी कुमारी को ट्यूमर के इलाज हेतु उपायुक्त ने दिया 20 हजार रुपये**



: जनता दरबार में चैनपुर से आयी संजनी कुमारी ने उपायुक्त को बताया कि वो पिछले 10 माह से छाती के ट्यूमर से पीड़ित है.संजनी ने उपायुक्त को बताया कि वो अपना इलाज स्थानीय डॉक्टर जी.पी सिंह से करा रही थी लेकिन बेहतर इलाज को लेकर उसे रांची जाने की सलाह दी गयी है। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं की वो अपना इलाज रांची में रहकर करासके इसपर उपायुक्त ने संजनी को इलाज हेतु 20 हज़ार रुपये की मदद की। जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने विश्रामपुर सीओ, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज़ गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।

## बारात में कार ने एक ग्रामीण को कुचला, घटनास्थल पर हुई मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** धुरकी थाना क्षेत्र के खुटिया गांव मे एक दुल्हे का बारात लेकर आए हुंडई कार ने गांव के ही एक ग्रामीण को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। यह घटना सोमवार की रात्रि मे हुई है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद मुखिया प्रतिनिधी इसलाम खान घटनास्थल पर पहुंचकर घटनाक्रम की पुरी जानकारी प्राप्त करने के बाद धुरकी पुलिस को सुचना दिया। वहीं सुचना मिलते ही थाना प्रभारी सदानंद कुमार सदलबल के साथ घटनास्थल पर की सूबह पहुंचे। थाना प्रभारी को मुखिया प्रतिनिधी व मृतक के परिजनो सहित अन्य प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की गांव मे ही अयोध्या भुइयां की लड़की का ब्याह हो रहा था।उसी दौरान युपी के सोनभद्र जिले के कोन थाना अंतर्गत कचनरवा किसुनपुरवा से बारात आइ थी।ग्रामीणों के अनुसार दुल्हा सवार कार को चला रहा चालक नशे की हालत मे था। लोगो ने



बताया की बारात लड़की के दरवाजे पर पहुंच ही रहा था की चालक ने गांव के ही पचपन वर्षीय इसरार खान को कुचल दिया। जिसके बाद घटनास्थल पर ही इसराइल खान ने दम तोड़ दिया। इधर मृतक इसरार खान के बाद परिजनो पर घटना के बाद दुखो का पहाड़ टुट पड़ा है। थाना प्रभारी ने बताया की उन्होने मृतक का शव कब्जे मे कर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया है। उन्होने बताया की पुलिस अग्रेतर कार्यावाई के लिए घटनास्थल से कार को जब्त कर लिया है। उन्होंने बताया कि चालक फरार है। शव का अंत्यपरीक्षण कराने के बाद परिजनो को सौप दिया जाएगा।

## कम्युनिस्ट पार्टी ने छात्र की पिटाई का किया निंदा, मुआवजे की मांग

**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेक्रेड हार्ट स्कूल में वर्ग 7 के एक बच्चे सक्षम शंघाई की स्कूल में हुई पिटाई का मामला प्रकाश में आने के बाद मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी एआईएसएफ के जिला सचिव मृत्युंजय तिवारी ने पीड़िता के घर पर जाकर मुलाकात किया। जहां पीड़िता के पिता और माता ने बताया कि बच्चे की पिटाई 27 मार्च को ही स्कूल में हुई थी और उसी दिन से वह बच्चा स्कूल नहीं जाने लगा और बाद में बीमार पड़ गया। मानसिक रूप से विक्षिप्त हो गया इसके चलते परिजनों ने इलाज कराया बाद में रांची जाने पर बच्चा घरवालों और परिजनों से बताया कि स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार के द्वारा उन्हें बुरी तरह पीटा गया स्केल से मारा गया और इस इसट्रिक से पूरे बदन पर पिटाई किया गया। जिसके बाद बच्चा तनाव में रह गया और आज वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है नाम पूछने पर अपना बताता है लेकिन पूरी तरह चल भी नहीं पाता। बच्चे के पिता स्वरूप शंघाई और उनके परिजन दादी मम्मी बहन सब बहुत परेशान है ऐसी परिस्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी पलामू जिला परिषद पलामू उपायुक्त से मांग करती है कि इसकी जांच कमेटी बनाकर दोषी पाए गए पदाधिकारियों को चिन्हित कर उन पर करवाई किया जाए और परिजनों को 50 लाख का मुआवजा इलाज कराने के लिए दिया जाए।

## जमीन विवाद में मारपीट, तीन पर प्राथमिकी, एक गिरफ्तार

**पंडवा, पलामू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पड़वा थाना क्षेत्र के कठौतिया गांव के मुड़कटवा टोला में जमीन विवाद को हुई मारपीट में योगेन्द्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल योगेन्द्र का इलाज मेदिनीनगर के मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज मेदिनीनगर अस्पताल में चल रहा है। घायल योगेन्द्र के बयान के आधार पर पड़वा थाना में जितेंद्र साव, राकेश साव एवं मथुरा साव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी नकुल साह ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी मथुरा साव को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है।

# हीरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के निर्देश पर अवैध मादक पदार्थ के खरीद बिक्री करने वाले अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाकर आवश्यक कार्रवाई एवं छापामारी कर अवैध मादक पदार्थ के कारोबारियों को पकड़ने का प्राप्त निर्देश के आलोक में सोमवार को उपाधीक्षक एवं पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, गढ़वा के नेतृत्व में एक छापामारी दल गठन कर सघन अभियान चलाया गया। इस दौरान ग्राम टण्डवा दानरो नदी स्थित स्टूडेंट क्लब के पास से अवैध मादक पदार्थ (हेरोईन) का खरीद व बिक्री करने वाले तीन लोगों को अवैध मादक पदार्थ (हिरोईन)- 6.94 ग्राम के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। गिरफ्तार किए गए लोगो मे भट्टी मुहल्ला, सोनपुरवा, थाना व जिला गढ़वा निवासी 25 वर्षीय राकेश गौड़, 25 वर्षीय पिन्टू चौहान उर्फ सोनू एवं शत्रुध्न चौहान के नाम शामिल है।



अभियुक्त राकेश गौड़ का अपराधिक इतिहास रहा है। इससे पूर्व में भी अवैध मादक पदार्थ तस्करी में शामिल रहा है। पलामू एवं लातेहार जिला मे दर्ज काण्डों में वह 2021 में जेल जा चुका है। विगत माह ही अवैध मादक पदार्थ के तस्करी के आरोप में अभियुक्त दिलीप गोड़ का माननीय न्यायालय के द्वारा 05 (पाँच) वर्ष की सजा दी गई थी। पुलिस ने दो छोटा प्लास्टिक की पुड़िया में मादक पदार्थ (हेरोईन) जिसका कुल वजन 6.94 ग्राम था जब्त किया है। छापामारी टीम में चंदन कुमार, पु0नि0 सह थाना प्रभारी, गढ़वा थाना पु0अ0नि0 सूर्य प्रकाश दुबे, गढ़वा थाना, पु0अ0नि0 प्रवीण कुमार, गढ़वा थाना पु0अ0नि0, दिनेश कुमार मरांडी, गढ़वा थाना, पु0अ0नि0 राजू उराँव, गढ़वा थाना, सूर्यभूषण सिंह, जलेंद्र कुमार पासवान, अरुण प्रकाश बैठा सहित पुलिस बल शामिल थे।

## चोरी और गुम मोबाईल को पुलिस ने बरामद कर धारकों को सौंपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों के 53 मोबाईल धारकों के बीच उनके गुम एवं चोरी हुये मोबाईल को वितरित किया गया। मंगलवार को श्री बंशीधर नगर थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में एसडीपीओ प्रमोद कुमार केसरी ने बताया कि एसपी साहब के निर्देश पर श्री बंशीधर नगर अनुमंडल क्षेत्र में 1 सितंबर 2022 से लेकर फरवरी 2023 तक चोरी एवं गुम हुये मोबाईल को बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि मोबाईल की बरामदगी के लिये एक विशेष टीम गठित कर क्षेत्र में खोजबीन किया गया। जिसमें अनुमंडल के विभिन्न थाना क्षेत्रों से लगभग 53 मोबाईल को बरामद किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि श्री बंशीधर नगर थाना क्षेत्र में 15, रमना में 09, विशुनपुरा में 10, धुरकी में 5, खरौंधी में 02, भवनाथपुर में 02 एवं हरिहरपुर ओपी में 10 मोबाईल बरामद किया गया। जो बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने बताया कि मोबाईल गुम एवं चोरी



होने के बाद मोबाईल धारक सोचे भी नहीं होंगे कि उन्हें मोबाईल मिलेगा। किंतु पुलिस ने कार्रवाई करते हुये विभिन्न स्थानों से मोबाईल बरामद किया है। एसडीपीओ ने कहा कि मोबाईल बरामद होने के बाद लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास काफी बढ़ा है। लोग गुम हुये अपना मोबाईल पाकर काफी खुश हैं। उन्होंने कहा कि बरामद किये गये मोबाईल को मोबाईल धारकों के बीच वितरण किया गया है। उधर मोबाईलधारकों को गुम एवं चोरी हुये मोबाईल मिलते ही उनके चेहरे खिल उठे। मोबाईल धारक अपना मोबाईल पाकर काफी गदगद हुये तथा पुलिस की जमकर सराहना किया। मौके पर श्री बंशीधर नगर के थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, महिला थाना प्रभारी पिंकी कुमारी साव, रमना के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा, विशुनपुरा के निमिर हेशरा, धुरकी के सदानंद कुमार आदि मौजूद थे।

## इमलियाटांड़ गांव मे विगत 6 से माह से ट्रांसफार्मर खराब, अंधेर मे रहने के लिए मजबूर है लोग



**नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौडीहा बाजार प्रखंड के विशुनपुर पंचायत के अंतर्गत 30-35 घर का बस्ती इमलियाटांड है जो विगत 6 माह से ट्रांसफार्मर खराब हो गया है, लेकिन उस गाँव के लोग विगत 6 माह से अंधेरे मे रहने के लिए विवश है। वहाँ के लोगों ने स्थानीय जन प्रतिनिधि जीप सदस्य सुदामा पासवान व विधायक का भी इस समस्या के बारे मे लिखित आवेदन देकर ट्रांसफार्मर दिलाने के लिए गुहार लगाए। लेकिन अभी तक जन प्रतिनिधियों के माध्यम से कोई ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाया गया। लाचार विवश लोगों ने कई बार बिजली विभाग के अधिकारी के भी अवगत कराया। लेकिन भोले भाले ग्रामीण जनता की बात आखिर कौन सुनेगा? और फिर समस्या की समधान कौन करेगा? ट्रांसफार्मर खराब होने से अध्यनरत छात्र छात्राओं की पढ़ने मे दिक्कत हो रही है। किसान के पटवन करने पानी का भी सुविधा नहीं मिल पा रहा है। लाचार विवश ग्रामीणों ने एक बार पुनः बिजली विभाग की अधिकारियों से लिखित आवेदन देकर गुहार लगाई। गुहार लगाने वाले में अरुण कुमार, अजय कुमार, रामाधार राम, विजय राम, गुड्डू कुमार, राहुल कुमार सहित अन्य शामिल है।

## महुडंड पंचायत क्षेत्र में फिल्म सुटिंग किया जायेगा भोजपुरी गायक श्रवण सिंह



**हुसैनाबाद (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के हुसैनाबाद क्षेत्र के महुडंड पंचायत प्राकृतिक की गोद और नदियों पहाड़ों से घिरे हुए क्षेत्रों तलहटियों में बासा गांव अब फिल्मी दुनिया में दिखाई देंगी भोजपुरी के मशहूर लोक गायक श्रवण सिंह और फ़िल्म निर्माता असुतोष पाठक ने वाणारसी

## रामगढ़ थाना के पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाया सर्च ऑपरेशन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय के नेतृत्व में उलेमान जंगल में चलाया गया एंटी नक्सल ऑपरेशन। एसपी चंदन कुमार सिन्हा के आदेश के आलोक में रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय के नेतृत्व में जिला बल और थाना के रिजर्व गार्ड ने साथ उलेमान जंगल में एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया गया। इस एंटी नक्सल ऑपरेशन में क्षेत्र में भ्रमण करते हुए नक्सली गड़बिजियो की जानकारी ली गई साथ ही ग्रामीणों से अपील की गई की ग्रामीण किसी प्रकार से नक्सलियों का सहयोग न करे और उनके भ्रमण सिल होने पर इसकी सूचना गुप्त रूप से थाना को जरूर दे। जब कोई सफलता हाथ नहीं लगी तो जवान वापस लौट आए।पुलिस की रात से जारी इस ऑपरेशन से उक्त क्षेत्र के नक्सलियों व ग्रामीणों में खलबली मची हुई है। पुलिस और जंगल में आग से परेशान हैं नक्सली चलायमान जीवन बिताने को मजबूर हैं। सूत्रों के अनुसार वह एक स्थान पर ठहर नहीं रहे हैं तथा प्रतिदिन स्थान को बदल रहे हैं।

## श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों ने सत्संग का आयोजन किया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा सरेह स्थित सत्संग उप योजना केंद्र अखिलेश प्रसाद के आवास पर सत्संग का आयोजन किया गया.सत्संग का शुभारंभ बन्दे पुरुषोत्तम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ व रामचरितमानस का पाठ किया गया। सत्संग में इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि इस पृथ्वी पर जब कभी भी ईश्वर अवतार लेते हैं, तो एक नाम लेकर आते है, उस नाम के स्मरण से मनुष्य का कल्याण होता है। यह नाम जप सबो के लिये आवश्यक है। सत्संग में संजय दा, अजय दा, शक्तिदास सिन्हा, राजकुमार, दीपमाला, धृतिदीप्त, मधु कुमारी, सुशीला देवी, निर्मला जायसवाल सहित अन्य सत्संगी उपस्थित थे।

## स्टोन चिप्स व डस्ट लदा दो हाईवा जब्त

**हरिहरगंज (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर मंगलवार को एन एच 98 स्थित अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट पर अंचल पदाधिकारी वासुदेव राय के नेतृत्व में विशेष वाहन जांच अभियान चलाया गया। इसमें माइनिंग परिवहन चालान व अन्य कागजात की जांच की गई। इस दौरान बगैर वैद्य कागजात के स्टोन चिप्स लदा हाईवा बीआर 2 सी 8798 तथा स्टोन डस्ट लदा हाईवा बीआर 26 एफ 8804 को जब्त किया गया। उक्त दोनों वाहन बिहार की ओर जा रहे थे।

## आश्वासन के बाद सोमवार रात दस बजे हटा सड़क जाम, घंटो जाम में फंसे रहे यात्री



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत भोलाटांड के नाबालिक शाहिद अंसारी के हत्या के विरोध में ग्रामीणों ने बी मोड़ - उंटारी मुख्य पथ को सोमवार रात दस बजे तक जाम रखा। जिसके चलते काफी यात्री और बाराती देर रात तक फंसे रहे। ग्रामीण मृतक शाहिद अंसारी के एक परिजन को नौकरी, मुआवजा और हत्यारे के गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार, पुलिस निरीक्षक अजय कुमार, रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक व विश्रामपुर थाना प्रभारी शशि रंजन के काफी समझाने बुझाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटाया?। जिसके बाद परिचालन शुरू हुआ और पुलिस मृतक के शव को थाना ले जा सकी। इस दौरान बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह, नईमुद्दीन अंसारी, राहुल दुबे, राहुल ठाकुर, फिरोज खान सहित कई राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता मृतक के परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद देने का भरोसा दिलाया।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में छात्र की हुई बेरहमी से पिटाई, छात्र ने याददाश्त खोया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** स्थानीय चियांकी स्थित सेक्रेट हार्ट स्कूल के वर्ग सात के सेक्शन बी के 13 वर्षीय छात्र सक्षम शंघाई का पिटाई का मामला प्रकाश में आया है। स्कूल में पिटाई के कारण सक्षम अपना यादाश्त खो बैठा है। उसका इलाज मेदनीनगर, रांची, बंगलुरु के चिकित्सकों के पास चल रहा है। फिर भी सक्षम अभी तक ठीक नहीं हुआ है। सक्षम के पिता स्वरूप कुमार सिंघई का अपना व्यवसाय है। इस संबंध में सक्षम के माता-पिता ने मंगलवार को नावा हाता स्थित अपने आवास पर पत्रकारों को बताया कि 27 मार्च 2023 की शाम स्कूल से लौटने के बाद सक्षम का तबीयत बिगड़ गया। सक्षम ने बताया कि उसे स्कूल में भी उल्टी हुआ था। घर आकर सक्षम कुछ खाना नहीं खाया और गुमसुम रहने लगा। इस दौरान सक्षम के सिर में काफी दर्द प्रारंभ हुआ। सक्षम की मां श्वेता शंघाई ने बताया कि 2 दिनों के बाद सक्षम को बुखार हुआ और सिर में काफी दर्द रहने लगा। उन्होंने बताया कि मेदनीनगर के कई



चिकित्सकों के पास इलाज कराने के बाद भी ठीक नहीं हुआ। इसके बाद इलाज के लिए रांची के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ प्रसेन रंजन के पास दिखाया गया ।रंजन ने बताया कि बच्चा डिप्रेशन में चला गया है। बेहतर इलाज के लिए माता-पिता ने रांची के चिकित्सकों के सलाह पर बंगलुरु सक्षम के इलाज के लिए गया। बैंगलोर में चिकित्सकों ने बताया कि सक्षम डिप्रेशन में चला गया है इसका काउंसलिंग किया जाएगा। सक्षम की मां ने बताया कि बंगलुरु में रुकने के बाद चिकित्सकों की सलाह पर रांची मानसिक आरोग्यशाला के चिकित्सकों से दिखाया गया। इसके बावजूद अभी तक सक्षम पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। यादाश्त जाने के बाद सक्षम चलने फिरने में भी लड़खड़ा रहा है। सक्षम अभी ठीक से चल नहीं पा रहा है। इस दौरान सक्षम शरीर का चिकित्सकों ने चिकित्सकों ने पूरी तरह से जांच किया। स्कूल में पिटाई का मामला का खुलासा तब हुआ जब रांची के चिकित्सक के समक्ष सक्षम ने बताया कि स्कूल के शिक्षक दिलीप कुमार ने उसके सर पर स्केल से बेरहमी तरह से पिटाई किया है। सक्षम डरते डरते स्कूल में पिटाई की जानकारी अपने नाना सुरेश कुमार मित्तल को दिया। इधर सक्षम के घरवाले उसकी बीमारी को लेकर काफी परेशान है। उन्हें समझ में नहीं आ रहा है कि उनका बच्चा कैसे ठीक होगा। इसके लिए वह क्या करें। सक्षम की मां श्वेता ने बताया कि ऐसे भी सेक्रेड हार्ट स्कूल में पहले भी बच्चे को प्रताड़ित किया गया था। लेकिन स्कूल में पढ़ाने के चलते उन लोगों ने सक्षम द्वारा स्कूल में प्रताड़ित किए जाने की शिकायत की अनदेखी किया था। इस संबंध में जब सेक्रेट हार्ट स्कूल के प्रबंधन से बात किया गया तो स्कूल प्रबंधन की ओर से संजीव कुमार ने बताया कि बच्चे के साथ मारपीट का आरोप निराधार है। बच्चे के साथ मारपीट नहीं किया गया है।


**e- Procurement Cell**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER, CIRCLE NO-2, RANCHI**
**COMBINED OFFICE BUILDING, BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT**
**JHARKHAND, RANCHI**

**Notice Inviting Tender (Very Short Notice)**

ई – प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

**Tender Reference No.-(06)BCD/CIR-2/RANCHI/DALTONGANJ, DIV/2023-24 Date:-09-05-2023**

| क0सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलितएराशि(रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Health Sub Centre ,Dehariya Under Block Bishrampur ,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 2. | Construction of Health Sub Centre ,Karma Under Block Chhattarpur,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 3. | Construction of Health Sub Centre ,Nawadih Under Block Chainpur,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 4. | Construction of Health Sub Centre ,Chando Under Block Chainpur,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 5. | Construction of Health Sub Centre ,Manjhauli Under Block Chhattarpur,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 6. | Construction of Health Sub Centre ,Nauniyabigha Under Block Hussainabad,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 7. | Construction of Health Sub Centre ,Baijli Under Block Hussainabad,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 8 | Construction of Health Sub Centre ,Kelwa Under Block Panki,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 9. | Construction of Health Sub Centre ,Tatidiri Under Block Panki,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 10. | Construction of Health Sub Centre ,Kajibigha Under Block Hussainabad,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 11. | Construction of Health Sub Centre ,Dulaidbigha Under Block Hussainabad,Palamu For The Year 2023 -24 | रू0 55,25,000.00 | 06 महीने |
| 12 | Construction of Additional Central Library Near Sahitya Samaj Chowk at Medininagar,Palamu. | रू0 69,35,400.00 | 06 महीने |
| i. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15-05-2023 | |
| ii. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 20-05-2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक | |
| iii. | हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 22-05-2023 को दोपहर 12.00 बजे तक | |
| iv. | निविदा खोलने की तिथि/ समय | 22-05-2023 को अपराह्न 3.00 बजे तक | |
| v. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेलअधीक्षणाअभियंतााकाएकार्यालय भवनण्अंचलएसं0–2,रांची,कम्बाईन्ड ऑफिस बिल्डिंग, भवन निर्माण विभाग, लाईन टैंक रोड, रांची। | |
| vi. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9431105183/8987663716 | |
| vii. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-3512691 | |

• इस निविदा/कोटेशन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना/बदलाव/संशोधन का अवलोकन http://jharkhandtenders.gov.in पर किया जा सकता है।

**Nodal Officer,**
**e- Procurement Cell**
**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER,**
**CIRCLE NO-2, RANCHI.**
**COMBINED OFFICE BUILDING,**
**BUILDING CONSTURCTION DEPARTMENT,RANCHI.**

PR296969 (Building Dept Circle - 2)23-24*D

**संक्षिप्त खबरें**

## ममेरे भाई की शादी में शामिल होने ननिहाल जाएंगे मुख्यमंत्री

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 22 मई को जमशेदपुर जिले के चांडिल प्रखंड के धातकीडीह गांव में अपनी ननिहाल में ममेरे भाई की शादी में शामिल होंगे। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। बुधवार को जिला प्रशासन ने गांव पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। जानकारी मिली है कि मुख्यमंत्री के मामा लखीराम किस्कू के पुत्र धरम किस्कू की शादी 22 मई को होना निश्चित हुआ है। मुख्यमंत्री अपने ननिहाल में होने वाली शादी समारोह में सपरिवार आएंगे और 23 मई की रिसेप्शन पार्टी में भी शरीक होंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। मंगलवार को उपायुक्त अरबा राजकमल, पुलिस अधीक्षक प्रकाश आनंद आदि जिला प्रशासन की पूरी टीम धातकीडीह गांव पहुंचे। पदाधिकारियों ने हेलीपैड स्थल और गांव की सड़कों का जायजा लिया। प्रशासन ने गांव में चल रही तैयारियों का भी जायजा लिया।

## प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान

**रांची।** मंगलवार को ओरमांझी थाना क्षेत्र के हुटाप के एक प्लास्टिक फैक्ट्री में दोपहर के समय अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद इस आस पास में दहशत फैल गई,लोग आग बुझाने के लिए खुद पानी लेकर पहुंचने लगे। लेकिन आग पे काबू नहीं पाया जा सका और आग से उठने वाली काले धुंए की लपटें कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देने लगी। घटना की जानकारी मिलने पर दमकल के कई वाहने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाने की कोशिश की कुछ आग तो बूझ गया लेकिन काफी नुकसान हो गया। पुलिस की मानें तो अभी तक लिखित शिकायत नहीं की गई है। आग कैसे लगी इस पर जांच की जा रही है।

# हाई कोर्ट ने चिटफंड घोटाले में सीबीआई से मांगी स्टेटस रिपोर्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मंगलवार को चिटफंड घोटाला में निवेशकों के डूबी राशि के मामले में सीबीआई को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने सीबीआई से पूछा है कि चिटफंड घोटाले में शामिल कंपनियों की कितनी प्रॉपर्टी अटैच की गई, भुक्तभोगी लोगों को उनका पैसा वापसी के लिए क्या रास्ता हो सकता है।कोर्ट ने आज चिटफंड घोटाला में पैसा की वापसी को लेकर नन बैंकिंग अभिरक्षा निवेशक सुरक्षा समिति सहित अन्य दायर याचिकाओं की सुनवाई की। इससे पहले मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर बताया गया कि सरकार ने झारखंड के जमाकर्ताओं के हितों का संरक्षण अधिनियम 2011 बनाया है। इसके हिसाब से चिटफंड से प्रभावित लोगों को संबंधित अथॉरिटी के पास आवेदन देना होगा। यह अथॉरिटी प्रभावित लोगों की शिकायत का निवारण करेगी।कोर्ट ने सरकार की इस जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए कहा कि यह एक व्यक्ति के पैसे वापसी की बात नहीं हो रही है, बल्कि चिटफंड घोटाले से प्रभावित सैकड़ों लोगों के पैसे की वापसी की बात है। ऐसे में वेस्ट बंगाल, उड़ीसा की तर्ज पर एक कमीशन बनाकर कार्पस फंड बनाना होगा। इस फंड के लिए सरकार को पैसा मुहैया कराना होगा, जिससे चिटफंड के प्रभावित लोगों को पैसा वापसी का रास्ता बन सके। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई सात जुलाई निर्धारित की है।पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि चिटफंड घोटाला में शामिल कई कंपनी के संचालकों की ईडी और सीबीआई ने करोड़ की संपत्ति सीज की है। चिटफंड घोटाले के सीज पैसे ईडी और सीबीआई ने बैंकों में रखे हैं। याचिका में कहा गया है कि कई राज्यों में एक कमेटी बनाकर चिटफंड के शिकार लोगों के केस को डिस्पोजल किया जा रहा है और उन्हें उनके डूबे पैसे वापस दिलाए जा रहे हैं। झारखंड में भी कमेटी बनाकर निवेशकों के डूबे पैसे को वापस दिलाया जाए।

# कांग्रेस नेता निरंजन के नेतृत्व में कई नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने राज्य के सत्ताधारी गठबंधन दल झामुमो कांग्रेस और राजद को आड़े हाथो लिया। वे आज प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे।मिलन समारोह में गोड्डा जिला कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष निरंजन सिन्हा के नेतृत्व में 300से ज्यादा कांग्रेस, झामुमो और राजद के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने पार्टी का पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई एवम अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री एवम मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा,गोड्डा भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव मेहता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने और धन्यवाद ज्ञापन जिलाध्यक्ष राजीव मेहता ने किया।मिलन समारोह को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि राज्य के सत्ताधारी गठबंधन दल के कार्यकर्ताओं में पार्टी छोड़ने की होड़ मची है। कार्यकर्ताओं का पार्टी की नीतियों ,कार्यक्रमों से लगातार मोह भंग हो रहा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा राज्य में व्याप्त राज संपोषित भ्रष्टाचार ,खनिज संसाधनों की लूट ,महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार से जनता में आक्रोश है। मैं 2014तक पार्टी का कार्यकर्ता रह चुका हूं। और कतिपय कारण से मैं कुछ दिनो केलिए अलग हो गया था।सदस्यता ग्रहण करने वालों में कांग्रेस पार्टी के महिपाल सिंह,राजेश लाला,रूपेश झा,गोपाल कृष्ण वर्मा,दिवाकर कुमार सिन्हा, बीरु पांडेय, डॉ रिंकू,विनोद मुर्मू,कलीमुद्दीन अंसारी,सलाउद्दीन अंसारी, कौशर अंसारी, झामुमो से विकास मुर्मू, एंथोनी मुर्मू, अनिल टुडू, गंगाराम मुर्मू, प्रकाश हेंब्रम, थॉमस टुडू, अनिल किस्कू, बेंजामिन हेंब्रम, बेड़का टुडू, संतोष मुर्मू, अल्बानुश टुडू, सुनील हांसदा, मक्सिले मुर्मू, विजय सोरेन, सेमोल टुडू, विनोद बास्की, गणेश मुर्मू, प्रेमलाल मुर्मू, विनोद हेंब्रम, सुनीता टुडू, राजद के शिवजी यादव, फ्रांसिस किस्कू, मैन्युअल मुर्मू, श्रीराम वास्की, भुवनेश्वर यादव,मनीष सिंह ,रितेश यादव का शनाम शामिल है।

## राज्य सरकार अविलंब ट्रिपल टेस्ट करा कर निगम चुनाव कराएं : संजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** सांसद संजय सेठ के कार्यालय में रांची नगर निगम के कुछ पार्षदों के साथ एक बैठक हुई । इस बैठक में सभी पार्षदों ने नगर निगम का चुनाव जल्द कराने का आग्रह किया। सांसद सेठ ने कहा राज्य सरकार अविलंब ट्रिपल टेस्ट कराकर नगर निगम का चुनाव सुनिश्चित करें। उत्तर प्रदेश सरकार ने ट्रिपल टेस्ट करा कर 6 महीने के अंदर चुनाव करवा रही है। इसके लिए राज्य सरकार को गंभीर होना होगा। अगर जल्द चुनाव नहीं हुए तो शहर में विकास कार्य बाधित हो जाएगा, जो मध्य वर्गीय लोग हैं ,विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, लाल कार्ड ,प्रधानमंत्री आवास योजना सहित कई ऐसे महत्वपूर्ण योजनाएं बाधित होगी। इस बैठक में पार्षद विनोद सिंह, अरुण झा, रौशनी खलखो ,आनंद मूर्ति, ओमप्रकाश, सुनील कुमार यादव, सुजाता कच्छप, वीणा अग्रवाल, अशोक यादव, नकुल तिर्की, दिनेश राम, दीपक लोहरा, सुचिता रानी राय, रीता मुंडा, कृष्णा महतो उपस्थित थे

# रांची में अनूप हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** तमाड़ थाना पुलिस ने अनूप कुमार दास हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें सत्यजीत पाठक, राजेश लोहरा और बिपिन सिंह मुंडा शामिल हैं। इनके पास से एक लाख रुपये नकदी, तीन मोबाइल फोन और एक चाकू बरामद किया गया है।

ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि बीते दो मई को अमित कुमार दास ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी कि उनके बड़े भाई अनूप कुमार दास की धारदार हथियार से



मारकर हत्या कर दी गयी है। एसपी ने तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया।

टीम ने तकनीकी शाखा और गुप्त सूचना के आधार पर घटना में शामिल तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया। राजेश लोहरा के खिलाफ पूर्व में भी आपराधिक मामला दर्ज है। एसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में चंदन कुमार साहा, सिरिल सांगा, अविनाश कुमार शुक्ल, जितेन्द्र कुमार और अनिल कुमार सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

## गलती विश्वविद्यालय की,भुगत रहे छात्र : अभिषेक शुक्ला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में यूजी सेशन 2017-20 एवं 2018-21 जी.ई. पेपर परीक्षा में हो रही समास्याओं को लेकर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिला।मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा की स्नातक सत्र 2017-20 एवं 2018-21 में विश्वविद्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार एक ही जेनेरिक पेपर की परीक्षा कराई गई थी परंतु अब अचानक कोर्स पूरा हो जाने के दो वर्षों के बाद दूसरे जेनेरिक पेपर के परीक्षा का नोटिफिकेशन विश्वविद्यालय द्वारा जारी किया गया है। जिससे विश्वविद्यालय के उस सत्र के छात्र-छात्राएं काफी परेशान और हताश है। कई ऐसे छात्र है जिन्होंने परिस्थितिवश पढ़ाई छोड़ दी, और बहुत सारे छात्र-छात्राएं अपने उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए झारखंड से बाहर दूसरे राज्यों में रह रहे हैं तो कई विभिन्न स्थान पर नौकरी कर रहे हैं। ऐसी कई गलतियां विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग द्वारा पहले बारंबार की गई हैं और अब भी परीक्षा विभाग के गलतियों के कारण पूरे विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। आजसू सत्र 2017-20 एवं 2018-21 के छात्र छात्राओं के मांग की है।मौके पर ओम वर्मा, चेतन सिंह, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला, गिलमन अनवर, अमित तिर्की, विक्रम कुमार यादव, विशाल यादव, विपिन कुमार यादव के अलावा कई सदस्य मौजूद थे।

## एमवीआर रेड्डी ने एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक का पदभार संभाला



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** एम वी आर रेड्डी, कार्यकारी निदेशक (सुरक्षा), एनटीपीसी कॉरपोरेट सेंटर ने 9 मई, 2023 से क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन), एनटीपीसी कोयला खनन मुख्यालय, रांची का पद ग्रहण किया है। वे एनटीपीसी के कोयला खनन प्रभाग के प्रमुख होंगे और सभी कोयला खनन परियोजनाओं की देखभाल करेंगे,जो झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में स्थित है और रांची में कोयला खनन-मुख्यालय है। लगभग 38 वर्षों के अपने शानदार करियर में रेड्डी का विभिन्न विद्युत परियोजनाओं/स्टेशनों और सुरक्षा में संचालन और रखरखाव, संचालन प्रणाली, ईंधन प्रबंधन, परियोजना प्रबंधन, परियोजना निर्माण, परियोजना निष्पादन और निगरानी के क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान है।रेड्डी ने एनटीपीसी में अपने लगभग चार दशकों के लंबे करियर के दौरान विभिन्न एनटीपीसी परियोजनाओं जैसे कोरबा, रामागुंडम, दक्षिणी क्षेत्र मुख्यालय, कुडगी, उत्तरी करणपुरा, पूर्वी मुख्यालय-द्ब झज्जर और पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में प्रमुख पदों पर काम किया है। झारखंड में स्थित पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना और उत्तरी कर्णपुरा दोनों परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख थे।

**शिक्षा प्राप्त किए:** उन्होंने उस्मानिया विश्वविद्यालय, हैदराबाद से अपनी मैकेनिकल इंजीनियरिंग पूरी करने के बाद, वह जुलाई 1985 में एक प्रशिक्षु इंजीनियर के रूप में एनटीपीसी में शामिल हुए और कोरबा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट,छत्तीसगढ़ से अपना करियर शुरू किया था। बिजली उत्पादन और कोयला खनन क्षेत्र में एक अनुभवी, एम वी आर रेड्डी अपने साथ गतिशील नेतृत्व गुणों के साथ समृद्ध अनुभव लेकर आए हैं।

## आम आदमी पार्टी की छवि को खराब करने भाजपा कि साजिश बेनकाब : आप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** आम आदमी पार्टी ने अपने प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बीजेपी का तथाकथित शराब घोटाला हवा हवाई निकला। कोर्ट के ऑर्डर के बाद पूरी दुनिया को पता चल गया पीएम मोदी के कहने पर ईडी ने केजरीवाल और आम आदमी पार्टी को बदनाम करने की गहरी साजिश रची थी जो बेनकाब हो गई। उन्होंने कहा कि पिछले 1 साल से भाजपा नेता एवं प्रवक्ता विभिन्न मंचों से यह कहते आ




रहे हैं कि नई शराब नीति के तहत आम आदमी पार्टी ने 100 करोड़ का शराब घोटाला किया है। भाजपा द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि इस पैसे को आम आदमी पार्टी ने गोवा के चुनाव प्रचार में खर्च किया है जिसके चलते ईडी और सीबीआई ने राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को आरोपी बनाते हुए गिरफ्तार कर लिया। आम आदमी पार्टी ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि शराब घोटाले का पूरा प्रकरण जब कोर्ट पहुंचा और वहां ईडी और सीबीआई एक रुपए का भी भ्रष्टाचार का सबूत पेश नहीं कर पाई तो कोर्ट ने 6 मई को राजेश जोशी और गौतम मल्होत्रा को बेल दे दी गई। ईडी और सीबीआई ने कोर्ट को बताया कि कि आम आदमी पार्टी ने गोवा के विधानसभा चुनाव में 19 लाख रुपए मात्र खर्च किए थे, कोर्ट को ईडी और सीबीआई 30 करोड़ के साक्ष्य नहीं दे पाए, तथाकथित शराब घोटाला फर्जी निकला।

## सभी बीडीओ पंचायतों के पूरी तरह से कार्यशील बनाने की दिशा में कार्य करें : मरनेगा आयुक्त



**प्रभात मंत्र संहवाददाता**

**रांची :** मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने राज्य के सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे पंचायतों के पूरी तरह से कार्यशील बनाने की दिशा में कार्य करें। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि उन्होंने देखा है कि आज भी पंचायत भवनों से पूरी तरह से कार्य नहीं हो रहा है, अब भी प्रखंड कार्यालयों से 98 फीसदी काम हो रहा है। ऐसे में पंचायतों की भूमिका खास नहीं रह जा रही है। ऐसे में पंचायत सचिव,मुखिया के पास कुछ खास काम नहीं हो रहा है। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि पंचायतों की सिस्टम पूरी तरह से ऑनलाइन नहीं है। इंटरनेट की व्यवस्था सही नहीं है। बिजली की भी समस्या है। लाभुकों को समय से भुगतान भी नहीं हो पा रहा है। ऐसे में सारा कुछ अब भी प्रखंड कार्यालय से ही हो रहा है। उन्होंने सभी बीडीओ को निर्देश दिया है कि पंचायतों को कार्यशील बनाने के लिए काम करें। वहां हर जरूरी संसाधन हो इसके लिए वे खुद अपनी मॉनिटरिंग में काम करायें। बिरसा हरित ग्राम, दीदी बाड़ी योजना, जेएसएलपीएस की योजनाओं का क्रियान्वयन पंचायत स्तर बेहतर तरीके से होने पर विकास कार्य आसानी हो सकेगा।

## डीएवी गांधीनगर के बच्चों ने देखी ऑस्कर फिल्म

**रांची :** रांची महानगर भाजयुमो कला और खेल प्रकोष्ठ की ओर से मंगलवार को डीएवी गांधीनगर के बच्चों को ऑस्कर फिल्म दिखाया गया। बच्चों ने हाथी फुसफुसाता है फिल्म देखी। भाजयुमो के संयोजक आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को फिल्म के जरिए यह शिक्षा दी गई कि हाथी सहित अन्य जीवों के प्रति प्रेम और सेवा का भाव किस तरह विकसित करना चाहिए। झारखंड में जीव और प्रकृति दोनों का बहुत गहरा संबंध है।हम सभी को इन दोनों में समर्पित होने की भावना रखनी चाहिए। जीवों को किसी रुप से दुःख या चोट नहीं पहुंचाना चाहिए,साथ ही उनकी देखभाल करनी चाहिए।

# आकाश बायजू ने छात्रों और अभिभावकों से कहा, जीत जिंदगी का

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** परीक्षा तैयारी सेवाओं में भारत के अग्रणी आकाश बायजूस ने रांची में छात्रों और अभिभावकों के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और प्रेरणा के लिए एक प्रेरक सत्र का आयोजन किया। सेमिनार गुरु नानक स्कूल, पीपी कंपाउंड रांची में आयोजित किया गया। इसमें करीब 2000 से अधिक छात्रों और अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक माहेश्वरी, सीईओ, आकाश बायजूस थे और मुख्य वक्ता अजय बहादुर सिंह, क्षेत्रीय निदेशक थे, जिन्होंने छात्रों को एक



उत्साहजनक और प्रेरक संदेश दिया कि कैसे कड़ी मेहनत और निरंतरता उनके सपनों को हकीकत में बदल देगी। उन्होंने इस बात पर भी चर्चा की कि छात्रों को अपनी तैयारी के प्रति कितना प्रतिबद्ध होना चाहिए और कैसे रचनात्मक बदलाव किसी को उज्जवल और अधिक सफल बना सकते हैं। आकाश बायजूस अपने छात्रों के भविष्य को संवारने के लिए प्रतिबद्ध है। आकाश बायजूस के क्षेत्रीय निदेशक अजय बहादुर सिंह ने कहा, मन को नियंत्रित करना सफलता की कुंजी है। जीत जिंदगी सेमिनार में छात्रों ने आकाश के विशेषज्ञों की टीम के साथ एक सफल डॉक्टर या इंजीनियर बनने की राह में आने वाली चुनौतियों, उपलब्ध अवसरों, तैयारी कैसे करें आदि जैसे विषयों पर बातचीत की। वहां मौजूद आकाश बायजू के अनुभवी फैकल्टी द्वारा साझा किए गए व्यावहारिक सुझावों ने छात्रों को एनईईटी/जेईई प्रवेश परीक्षाओं पर महत्वपूर्ण जानकारी दी।

# छात्रों की मेहनत से केराली स्कूल को मिला प्रथम स्थान : निदेशक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** तीन दिवसीय 5 से 7 मई 2023 सांसद सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन युवा रंगमंच के तत्वावधान में आयोजित हुआ था। इस भव्य आयोजन में धुर्वा केराली स्कूल के छात्र छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल को ओर आवल प्रथम पुरस्कार दिलाने में अहम भूमिका निभाई। माइम प्रतियोगिता जिसमें थीम था आग का अविष्कार से लेकर दहेज प्रथा और मोबाइल ,आग का अविष्कार और उसका दुरपयोग को माइम अभिनय द्वारा बखूबी दिखाया गया, जिसमे बच्चे प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। 6 मई का लोक नृत्य कालबेलिया हुआ जो राजस्थान के बंजारों और संपेरों के द्वारा किया जाता है , जिसमे बच्चों ने कांच की ग्लास पर खड़े होकर के नृत्या का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, प्रथम स्थान मिला और 7 मई को समापन के दिन रांची सांसद संजय सेठ, कला संस्कृति केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवान द्वारा ऑल ओवर केराली स्कूल को प्रथम पुरस्कार देकर सम्मानित किया । किम और दीक्षा ने छात्रों को




प्रशिक्षित किया। जिसमे केराली स्कूल के प्रधानाचार्य राजेश पिल्लई , निदेशक सी जे जेकप भी उपस्थित रहे। निदेशक सी जे जेकप ने कहा कि बच्चों की मेहनत के बल पर ही आज प्रथम स्थान केराली स्कूल को मिला है, इसके लिए बच्चे आभार के पात्र हैं और उम्मीद करते हैं कि आने वाले समय में उनका भविष्य और उज्जवल होगा।प्रधानाचार्य राजेश पिल्लई ने कहा कि छात्र-छात्राओं की मेहनत, शिक्षक शिक्षिकाओं का सहयोग से ही हम सब आगे बढ़ सकते हैं। इसमें सभी की भूमिका सराहनीय है । और जिस तरह से सांसद संजय सेठ द्वारा यह पहल की गई है कलाकारों को बेहतर मंच देने की, उम्मीद करते हैं कि इस तरह का सफल आयोजन आगे भी होगी।

# रांची : सजायाफ्ता गैंगस्टर अनिल शर्मा को बाईपास सर्जरी की जरूरत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गैंगस्टर अनिल शर्मा के सीने में दर्द की शिकायत के बाद रिम्स में उसकी एंजियोग्राफी कराई गई, जिसमें हार्ट ब्लॉकेज की समस्या सामने आई। उसे अब बाईपास सर्जरी की जरूरत है। रिम्स के पीआरओ डॉ राजीव रंजन ने मंगलवार को बताया कि अनिल शर्मा की एंजियोग्राफी जांच करायी गयी, जिसमें हार्ट में ब्लॉकेज की पुष्टि हुई है। उसे रिम्स के कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के डॉ विनित महाजन के अंदर में रेफर कर दिया गया है। सीटीवीएस विभाग के डॉ विनित ने बताया कि जांच के दौरान यह सामने आया कि उसके हार्ट की तीनों नसों में ब्लॉकेज है। बाईपास सर्जरी करनी पड़ेगी, जिसकी जानकारी मरीज को दे दी गयी है।

इससे पूर्व बीते सप्ताह तीन मई की सुबह चार बजे के करीब सीने में दर्द के बाद हजारीबाग केंद्रीय कारागार में सजा काट रहे गैंगस्टर अनिल शर्मा को हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। वहां से उसे छह मई को रिम्स रेफर किया गया था। रिम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के चिकित्सक डॉ मृणाल कुंज की देखरेख में उसका इलाज किया जा रहा था। उल्लेखनीय है कि भोमा सिंह हत्याकांड में अनिल शर्मा सजायाफ्ता है। वह पिछले दो साल से केंद्रीय कारा हजारीबाग में सजा काट रहा है। अनिल शर्मा 23 साल से जेल की सजा काट रहा है।

## सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मैक्लुस्कीगंज के री फैक्ट्री मैदान परिसर के हनुमान मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पथ किया गया. सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के आह्वान पर किया जाना तय किया गया है. जो कि प्रत्येक मंगलवार को फैक्ट्री मैदान के हनुमान मंदिर में किया जाएगा. हनुमान चालीसा का पाठ उपस्थित विश्वहिंदू परिसद सह बजरंगदल के कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण व नौजवान ने भाग लिया. इस दौरान मंदिर परिसर पर संध्या 6.30 दिप प्रज्वलित कर हनुमानजी का आरती व हनुमान चालीसा पाठ किया गया. मौके पर प्रीतम साहू, विकाश शाह, राजदेव गिरी ,प्रमोद गुप्ता अविनाश गुप्ता, नीतीश कुमार ,बबलू साहू एवं समस्त ग्रामीण उपस्थित थे.

## 19 वर्षीय छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** खलारी थाना क्षेत्र के विश्रामपुर पंचायत अंतर्गत जामुन दोहर बस्ती में 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया. जानकरी के अनुसार मृतक सूरज केवट लगभग (19 वर्ष)पिता मंटू केवट बीते शाम सोमवार को संध्या अपने घर मे फाँसी लगाकर ईहलीला समाप्त कर लिया. मृतक सूरज केवट करकट्टा शांतिनिकेतन के दसवीं क्लास का छात्र था.वही मृतक के परिजनों ने बताया कि सोमवार की दोपहर सूरज घर के पास हीं क्रिकेट खेल रहा था. खेलकर शाम में घर लौटा. इसके बाद घर के लोगों ने पानी लाने के लिए बाहर गए. परिजन पानी लेकर लौटा दो देखा कि घर का एक कमरा बंद है. परिजन आवाज दिया तो कोई आवाज नहीं मिला. जिसके बाद कमरे के वेंटिलेटर से झांका तो सूरज फंदे से झूलता हुआ देखा गया. परिजनों ने थाना को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंचकर सूरज को नीचे उतारी तबतक उसकी मौत हो चुकी थी.मृतक के पिता कमाने खाने के लिए घर से बाहर रहने के कारण रात को शव पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा गया. मंगलवार को सुबह 11 बजे मृतक के पिता के आने के बाद खलारी पुलिस शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दी. वहीं घटना को लेकर खलारी थाना में यूडी केस का मामला दर्ज किया गया. मृतक के पिता रायगढ़ में प्राइवेट लोडर ऑपरेटर पर कार्यरत हैं. इस घटना की जानकारी मिलने पर विश्रामपुर मुखिया दीपमाला कुमारी तथा पूर्व मुखिया गोविंद उरांव ने परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त किया.

## सिरफिरे युवक ने महिला मुखिया और उनके पति पर किया जानलेवा हमला

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सिल्ली थाना क्षेत्र के टोला रायकोचा गोड़ाडीह पंचायत में मंगलवार की दोपहर एक सिरफिरे युवक ने खौफनाक घटना को अंजाम दिया है।युवक ने गोड़ाडीह पंचायत की मुखिया सावन देवी और मुखिया पति श्रवण मुण्डा के ऊपर तेज धारदार हथियार से हमला कर दिया है,घटना में मुखिया पति की मौके पर मौत हो गई,वही मुखिया गंभीर रूप से घायल बताई जा रहीं है।मिली जानकारी के अनुसार मुखिया सावन देवी अपने घर पर आराम कर रही थी,इसी दरमियान उसी के पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने तेज धारदार हथियार से महिला मुखिया पर हमला बोल दिया,चीख पुकार होता देखा पत्नी को बचाने पहुंचे पति श्रवण मुण्डा के ऊपर भी युवक ने हमला कर दिया जिससे मुखिया पति वही गिर गए,जिसके बाद सिरफिरे युवक ने मुखिया के पति को घर से कुछ दुरी पर ले जाकर जोरदार तरीके से शरीर के कई हिस्सों मे हथियार से वार करता रहा,जिससे श्रवन मुंडा की मौके पर ही मौत हो गई,जिसके बाद आरोपी युवक घटनास्थल से घटना को अंजाम दे फरार हो गया।इसी बीच स्थानीय ग्रामीणों की मदद से पति पत्नी को सिल्ली स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।जहाँ गंभीर रूप से घायल मुखिया सावन देवी का ईलाज किया जा रहा है वही मृतक पति के शव को सिल्ली थाना लाया गया,सिल्ली पुलिस प्रशासन शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया।वही पुलिस सूत्रो से मिली जानकारी के अनुसार समाचार भेजे जाने तक मामला दर्ज भी किया था इसके बाबजूद सिल्ली पुलिस आरोपी को दबोचने हेतु छापेमारी में जुटी है,इस तरह की घटना से पूरा क्षेत्र दहशत में है लोग घटना को लेकर तरह तरह के कयास लगा रहे है।फिलहाल पुलिसिया जांच के बाद ही मामले का खुलासा होने की उम्मीद है।सिल्ली थाना क्षेत्र में हुए इस तरह की ह्रदयविदारक घटना की जानकारी पाते है झामुमो पार्टी के रांची जिला उपाध्यक्ष रामानन्द बेदिया सिल्ली थाना पहुंच पुलिस प्रशासन से अविलंब आरोपी को गिरफ्तार करने का आग्रह किया है।

## डीएवी खलारी में तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड कार्यशाला का आयोजन



**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी स्कूल खलारी में तीन दिवसीय भारत स्काउट एंड गाइड के प्रवेश कोर्स के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया. इसमें विद्यालय की कक्षा चतुर्थ से लेकर नवमीं तक के इच्छुक 94 विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यशाला में प्रेजीडेंशियल अवॉर्डी, हिमालय वूडबैज श्री बजरंग प्रसाद शर्मा, जिला संगठन आयुक्त, राँची द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है. प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी सफल प्रतिभागियों को 12 मई को विद्यालय में स्काउट एंड गाइड का दीक्षांत समारोह आयोजित करके उन्हें स्कार्फ और सदस्यता बैज प्रदान किया जाएगा.

## रजरप्पा ओपी क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर में डिक्की से चार लाख की चोरी

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** रामगढ़ के जिला रजरप्पा ओपी क्षेत्र अंतर्गत चितरपुर में अपराधियों ने एक स्कूटी की डिक्की को तोड़कर रू 4 लाख चोरी कर लिया है। पीड़ित व्यक्ति ने इस संबंध में रजरप्पा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है।

रामगढ़ के रजरप्पा थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में लिखा गया है कि मैं अली रजा, उम्र लगभग 56 वर्ष,पिता मुस्तकीम ग्राम-पोस्ट चितरपुर थाना रजरप्पा जिला रामगढ़ का निवासी हूँ। आज 09 मई को दोपहर लगभग 12 बजे को मेरा पुत्र अब्दुस सलाम अपने दो चक्का वाहन सं जे एच 24 एच 1063 में बैंक ऑफ इंडिया चितरपुर शाखा से पैसा निकल कर स्कूटी के डिक्की में रख दिया। जिसके बाद एनएसटी टेलर चितरपुर के पास गया। कुछ काम के लिए गाड़ी खड़ा कर दिया और उसके पास गया। जैसे ही उपर से उतरा तो देखा कि गाडी का डिक्की खुला हुआ है। उसमें रखें 400000.00 (चार लाख) रूपया एवं पासबुक गायब है। जिसके बाद वो काफी खोजबीन एवं पूछताछ किया परन्तु कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद मारिया बस्त्रालय, चितरपुर मेन रोड का का CCTV एवं अन्य दुसरे का भी CCTV देखा तो दिया गया कि सादा रंग का अपाची गाड़ी में दो लड़का आया और डिक्की को तोड़कर पैसा निकाल कर भाग निकला।

# तमाड़ के पांडरानी में बरामद शव की हत्या की गुत्थी सुलझी, तीन हत्यारे गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**तमाड़ :** रांची जिला अंतर्गत तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडरानी में विगत 2 मई को एक अज्ञात लाश बरामद की गई थी जिसकी पहचान जमशेदपुर के मानगो थाना क्षेत्र स्थित राजस्थान भवन के सामने टीचर्स कॉलोनी में निशांत रेसीडेंसी के छठे तल्ले में बापी महापात्रा के मकान में किरायेदार के रुप में रहने वाले अंनती दास के बेटे अनुप दास के रूप में की गई थी ज्ञात हो कि मृतक अनुप दास का खुन से लथपथ शरीर में धारदार हथियार से काटा हुआ निशान के साथ पीसीसी पथ के किनारे पड़ा हुआ था। घटना की सूचना प्राप्त होते ही मृतक का भाई अमित कुमार दास ने तमाड़ थाने में मामला दर्ज कराया और साथ ही उसने बताया कि उसका भाई घर से तमाड़ बुंडू जाने की बात कहकर निकला था।वरीय पुलिस पदाधिकारी ने मामले की गंभीरता से लेते हुए तमाड़ थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की सभी बिंदुओं पर जांच करना शुरू कर दिया आखिरकार घटना की तह तक पहुंचते हुए इस हत्याकांड में शामिल तमाड़ थाना क्षेत्र के सारजमड़ीह निवासी सत्यजीत पाठक ( पिता - माधवीकांत पाठक ),वीरगांव निवासी राजेश लोहरा (पिता- दुबराज लोहरा), सारजमड़ीह निवासी विपिन सिंह मुंडा (पिता- राजेन्द्र सिंह मुंडा) को गिरफ्तार उनके पास से कर एक लाख रुपए नगद तीन मोबाइल फोन और हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया।सभी अपराधकर्मियों ने स्वीकार किया है कि जमशेदपुर मानगो क्षेत्र के रहने वाले मृतक अनुप कुमार दास को अफीम पोस्ता खरीदने बुलाकर पहले से तय योजना के तहत एक रूपए लुटकर चाकू से गोद जान से मार दिया गया ।

## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा
### पाण्डेय गणपत राय भवन, प्रथम तल्ला समाहरणालय, लोहरदगा
ई-मेलः lohardaga.rmsa@gmail.com

### आवश्यक सूचना

माननीय सर्वोच्च न्यायालय में दायर Cont. No : 00612/2022 में दिनांक 15.12.2022 को पारित अन्तिम न्यायादेश की कंडिका 4 एवं 5 के अनुपालन में झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के विज्ञापन संख्या–21/2016 के चयनित अभ्यर्थियों का फोल्डर सरकार के सचिव, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड, राँची में निम्न पत्रांक द्वारा लोहरदगा जिला हेतु कुल 01 विषयवार स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति हेतु अनुशंसा प्राप्त है।

उक्त के आलोक में उपायुक्त, लोहरदगा के निदेशानुसार दिनांक 10.05.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में काउंसेलिंग हेतु तिथि निर्धारित की गई है।

| क्र० स० | विषय | अनुसंशित शिक्षकों की संख्या | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|---|
| 01 | संस्कृत | 05 | 10.05.2023 स्थान : पाण्डेय गणपत राय भवन, सभा कक्ष, द्वितीय तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा |

संबंधित विषय के सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि एवं समय पर निम्न प्रमाण पत्रों के साथ काउंसेलिंग में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगेः–

01. प्रवेश पत्र – झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, रॉंची के विज्ञापन संख्या–21/2016
02. शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों की मूल प्रति प्रवेश पत्र सहित स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति – 02 प्रति में।
03. प्रशिक्षण प्राप्त संस्थान की मान्यता संबंधी प्रमाण पत्र।
04. जाति/आवासीय प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं स्व अभिप्रमाणित छाया प्रति – 2 प्रति में।
05. पासपोर्ट साईज फोटो – 4 प्रति।
06. निःशक्तता संबंधी प्रमाण पत्र की मूल प्रति (निःशक्तता अभ्यर्थियों के लिए स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति – 02 प्रतियों में)
07. आधार कार्ड/पैन कार्ड/मतदाता पहचान पत्र की छाया प्रति – 2 प्रति में।

जिला शिक्षा पदाधिकारी,
लोहरदगा

PR 296954 (Lohardaga)23-24*D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
### BUILDING DIVISION NO. -1. RANCHI

### VERY SHORT NOTICE INVITING QUOTATION

Sealed quotations are invited for supplying, fitting and fixing of **Renovation and Furnishing Sofa, Chairs and Supply of Comforter, Dohar, Laundry Bag, Carpet, Yoga Mat etc. in Governor House at Ranchi** by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi from agencies having similar works experience in the Office of the undersigned on 16-05-2023 up to 3.00 pm and will be opened on 16-05-2023 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-1, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative. Who so ever desire may remain present at the time of opening. Detail list of work, specification, Quantity etc. may be obtained from the office in working day 15-05-2023 to 16-05-2023 which Cost of Bid Rs. 10,000/- in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi/any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-1, Ranchi.

Time of completition for work is One Month.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be *2%* of the quoted amount (Refundable) in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-1, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) Similar nature works experience.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

**Executive Engineer**
**Building Construction Department**
**Building Division No.-1, Ranchi**

PR 296941 Building(23-24).D

ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

### अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/DHANBAD/08/2023-24 दिनांकः– **08.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | **Renovation of Central Library Building at Saheed Nirmal Mahto Medical College & Hospital, Dhanbad.** |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.**87,01,800/-**(Eighty Seven Lac One Thousand Eight Hundred) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 **(Six) Month** |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | **12.05.2023** |
| 5 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | **18-05.2023** को अपराह्न 3.00 बजे |
| 6 | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | **19-05.2023** को अपराह्न 12.00 बजे |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना ***http:// Jharkhandtenders.gov.in*** पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी
ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
भवन अंचल, हजारीबाग

PR 296886 Building (23-24)_D

ई–प्रोक्योरमेंट सेल
## अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

### अति अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०– BCD/BCHZB/DHANBAD/07/2023-24 दिनांकः– **08.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Repair and Other Work for Lecture Theatre at Saheed Nirmal Mahto Medical College & Hospital, Dhanbad. |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू०) | Rs.71,17,900/-( Seventy One Lac Seventeen Thousand Nine Hundred) Only |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 (Six) Month |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.05.2023 |
| 5 | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 18-05.2023 को अपराह्न 3.00 बजे |
| 6 | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19-05.2023 को अपराह्न 12.00 बजे |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई–प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 06546–222640 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546–222640 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note:UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी, ई–प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, हजारीबाग

PR 296865 Building(23-24)#D

## आईएचएम ब्राम्बे रांची में रवींद्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती मनाई गई

**मांडर :** इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट राँची विश्वविख्यात कवि, साहित्यकार, दार्शनिक एवम भारतीय साहित्य में एशिया के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता तथा गुरुदेव के नाम से प्रचलित श्री रबीन्द्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में संस्थान के छात्रों हेतु रवींद्रनाथ टैगोर के जीवन और योगदान थीम पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सुश्री वैष्णवी शर्मा, विजेता तथा सुश्री बिदीशा रे, उप विजेता घोषित हुए। संस्थान के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार सभी विजेताओं को बधाई देते हुए बताया की जिस प्रकार गुरदेव ने अपने साहित्य से टैगोर सिर्फ महान रचनाधर्मी ही नहीं थे, बल्कि वो पहले ऐसे इंसान थे।

# अड़की में थाना प्रभारी ने छऊ नृत्य कार्यक्रम का उद्घाटन किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**अड़की :** खुंटी जिला अंतर्गत अड़की प्रखंड क्षेत्र के अड़की स्थित प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय के मैदान में सोमवार को छऊ नृत्य के कार्यक्रम आयोजित की गई।इस दौरान अड़की आस पास के दर्जनों गांवों से हजारों की संख्या में लोग छऊ नृत्य कार्यक्रम का आनंद पहुंचे,रात के दस बजे से कार्यक्रम के आरंभ के बाद सुबह के आठ बजे तक छऊ नृत्य देखने वालों की भीड़ में कोई नहीं हुई कार्यक्रम में चारों तरफ विद्युत सज्जा से दुधिया रौशनी में आखड़ा सहित पुरा क्षेत्र जगमग रहा। स्त्री पुरुष और बच्चों ने रात भर जागकर छऊ नृत्य कार्यक्रम का आनंद लिया। इससे पूर्व अड़की थाना प्रभारी मोहम्मद इकबाल हुसैन ने छऊ नृत्य कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। अड़की में छऊ नृत्य कार्यक्रम के आयोजन को लोग भगवान भोले की कृपा मानते हैं ।

## Govt. of Jharkhand
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
### Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department, Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002
e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

### e-Procurement very Short Notice

e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/**22**/23-24 Dated **08.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal & Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required for Padma-Manatu-Chak Missing link raod under Road division Daltonganj in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 1.828 KM |
| 3 | Work completion time | 30 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 11.05.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 19.05.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 22.05.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer**
**Field Survey Division, A.P**
**Road Construction Department, Ranchi .**

PR 296909 Road(23-24)#D

## कार्यालय
## झारखण्ड शिक्षा परियोजना, रामगढ़

राजकीय बुनियादी विद्यालय परिसर गोला रोड़, रामगढ़ कैंट
ई मेल :– ssa_ramgarh@rediffmail.com फोन नं0/फैक्स नं० – 06553–231133,

### सूचना

U-DISE Plus 2022-23 अंतर्गत Child Mandatory Field का अद्यतीकरण अनिवार्य रूप से e-vidyavahini.jharkhand.gov.in पोर्टल पर किया जाना है परन्तु अत्यंत खेद के साथ सूचित करना है कि कई विद्यालय/महाविद्यालय द्वारा कार्य Not Started या Zero complete है। जिसकी विवरणी निम्नवत है–

| UDISE | Block | School | Total No. Of Child | Not Started | In Progress | Completed |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 20241500412 | CHITARPUR | ADARSH G. H.S RAJA BANDH CHITARPUR | 69 | 69 | 0 | 0 |
| 20241500209 | CHITARPUR | MADARSA JAMIA ARBIA DARUL ULOOM MAYAL | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20240702704 | GOLA | C P C INTER COLLEGE RAMGARH | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 20240709701 | GOLA | CHILDRENS PARADISE SCHOOL GOLA | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20240702616 | GOLA | M C M COLLEGE GOLA | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20240706206 | GOLA | MADARSA AYUBIYA | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20240700508 | GOLA | MURLI SHANKAR ACADEMY | 4 | 4 | 0 | 0 |
| 20240702618 | GOLA | RADHA KRISHNA ACADEMY GOLA | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20240700406 | GOLA | SHARSWATI SHISHU VIDYA BIKLANG AWASHIYA VIDYALAYA RAKUWA | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20240708904 | GOLA | SONA SABRAN +2HIGH SCHOOL LUKAIYATAND HETHBARGA BARLANGA | 4 | 4 | 0 | 0 |
| 20241208711 | MANDU | CHOTANAGPUR COLLEGE RAMGARH | 59 | 59 | 0 | 0 |
| 20241202405 | MANDU | D.A.V TAPIN | 180 | 145 | 35 | 0 |
| 20241208909 | MANDU | RAGHUNANDAN THAKUR SARWADAY HIGH SCHOOL MURPA | 33 | 33 | 0 | 0 |
| 20241204209 | MANDU | SHARDANAND HIGH SCHOOL | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20241204207 | MANDU | SIDHART PUBLIC SCHOOL | 36 | 36 | 0 | 0 |
| 20241200501 | MANDU | UPG P.S. CHAPRA` | 14 | 14 | 0 | 0 |
| 20241310603 | PATRATU | ADARS SHIKSHA NIKETAN POCHRA | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20241307427 | PATRATU | ANOKHA BACHPAN SCHOOL BHURKUNDA | 75 | 75 | 0 | 0 |
| 20241307318 | PATRATU | GURUKUL PUBLIC SCHOOL | 45 | 45 | 0 | 0 |
| 20241307411 | PATRATU | GURURDEV D.A.V PATELNAGAR | 23 | 23 | 0 | 0 |
| 20241309201 | PATRATU | GYAN BHARTI PUBLIC SCHOOL | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 20241307426 | PATRATU | GYANDEEP VIDYALAYA BHURKUNDA | 5 | 5 | 0 | 0 |
| 20241307424 | PATRATU | J M COLLEGE BHURKUNDA | 1 | 1 | 0 | 0 |
| 20241307423 | PATRATU | JUBLI COLLEGE BHURKUNDA | 32 | 32 | 0 | 0 |
| 20241307428 | PATRATU | MADARSA GULSAN-E- RAZA | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20241301705 | PATRATU | MANORAMA DEVI PUBLIC SCHOOL | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20241310602 | PATRATU | ORCHID SKYLINE SCHOOL | 4 | 4 | 0 | 0 |
| 20241308315 | PATRATU | P.T.P.S COLEGE PATRATU | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20241307514 | PATRATU | PRAGYA BAL VIKASH VIDYALAYA | 8 | 8 | 0 | 0 |
| 20241308704 | PATRATU | PRATHMIK SAN MADHYA SANSKRIT VIDYALAY SAYAL | 19 | 19 | 0 | 0 |
| 20241303702 | PATRATU | SARVODAYA HIGH SCHOOL | 15 | 15 | 0 | 0 |
| 20241302407 | PATRATU | SHISHU GYAN NIKETAN | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20241302203 | PATRATU | SHISHU VIDYA MANDIR, BALKUDRA | 66 | 66 | 0 | 0 |
| 20241307909 | PATRATU | SISHU GYAN NIKETAN GHUTUWA | 19 | 19 | 0 | 0 |
| 20241409208 | RAMGARH | AL-FATIMA GIRLS HIGH SCHOOL | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20241409507 | RAMGARH | RADHA GOVIND INTER COLLEGE RAMGARH | 40 | 40 | 0 | 0 |

निदेशानुसार सभी संबंधित विद्यालय को निदेशित किया जाता है कि तीन दिनों के अंदर Child Mandatory Field का अद्यतीकरण अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के मान्यता रद्द करने तथा गैर मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों का U-DISE Code रद्द करने हेतु नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, समग्र शिक्षा अभियान, रामगढ़।

PR 296915 District(23-24)D

## क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप जयंती पर उनके प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आज महाराणा प्रताप के जयंती पर सोनारी मंडल क्षत्रिय समाज के द्वारा साकची स्थित पुराना कोर्ट के समीप महाराणा प्रताप के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष संभू नाथ सिंह, नंदकिशोर सिंह, चंद्रगुप्त सिंह सोनारी मंडल के कार्यकारिणी अध्यक्ष रामचंद्र सिंह, राज परिवार के सदस्य सह उपाध्यक्ष कल्याण चंद्र सिंह, उपाध्यक्ष रामाशंकर सिंह, उपाध्यक्ष एसके सिंह, महामंत्री अरविंद सिंह, जितेंद्र सिंह, विनोद सिंह, मास्टर जी, कृष्णा सिंह समेत काफी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित थे।

## पूजा के दौरान दुकान में लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**निमडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरायकेला खरसावां जिला के



चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के कुकडू प्रखंड के पारगामा पंचायत के काड़का में एक दुकान में आग लगने से दुकान में रखे लाखों के सामान जलकर राख हो गए। घटना मंगलवार सुबह के करीब 9.30 बजे में की है। काड़का निवासी महेंद्र नाथ प्रामाणिक के दुकान में पूजा अर्चना करने के समय कपड़े में आग लगने से धीरे धीरे पुरे दुकान में आग फैल गया। जिससे दुकान में रखे पूरे समान को आग अपने चपेट में ले लिया। आगजनी में किसी तरह का कोई हताहत नहीं हुआ। ग्रामीणों के सूझ बूझ से आग पर काबू पा लिया गया। मौके पर महेंद्र नाथ प्रामाणिक, विजय सिंह,कृष्ण सिंह, देवेन सिंह, तापस सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## रबीन्द्र नाथ टैगोर जयंती पर करीम सिटी कॉलेज के बांग्ला विभाग ने किया कार्यक्रम का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** करीम सिटी कॉलेज के बांग्ला



विभाग ने महाविद्यालय में रबीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज की विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में बांग्ला भाषी छात्र-छात्राओं के अतिरिक्त दूसरी भाषाओं के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया और अपने देश के राष्ट्रगान रचयिता रबीन्द्रनाथ टैगोर को याद किया। सभा के समक्ष बंगला के प्राध्यापक ओमप्रकाश सिंह देव ने अतिथि शिक्षकों तथा विद्यार्थियों का स्वागत किया और टैगोर का परिचय प्रस्तुत किया। बांग्ला विभागाध्यक्ष डॉ बी एन त्रिपाठी ने कहा रबीन्द्रनाथ टैगोर हमारे देश के ऐसे महान व्यक्ति थे जिनकी प्रसिद्धि विश्व स्तर पर स्वीकार की गई। कार्यक्रम में जया दत्ता ने टैगोर की रचना फगुन हवाई हवाई, विद्युत तिवारी ने अमार बेला ले जाए तथा प्रिया तिवारी ने एकला चलो रे की सुंदर प्रस्तुति दी। मनोविज्ञान के प्राध्यापक डॉ फिरोज इब्राहिमी तथा उर्दू के प्राध्यापक मोहम्मद ईसा विशेष रुप से सम्मिलित हुए। अंत में ओमप्रकाश सिंह देव ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी में रविंद्र नाथ टैगोर की जयंती मनाई गई

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साउथ प्वाइंट स्कूल गोबरघुसी में



मंगलवार को रविन्द्र नाथ टैगोर की जयंती समारोह मनाई गई। स्कूल के डायरेक्टर शिवम शर्मा, प्राचार्य अरुण कुमार सिंह और स्कूल के शिक्षिकाओं ने संयुक्त रूप से रवींद्रनाथ टैगोर की चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय की शिक्षिका सुष्मिता सिट ने विद्यालय के बच्चों के साथ रविंद्र संगीत गाकर शमा को बांध दिया। पांचवीं कक्षा की छात्रा दीपा चक्रवर्ती ने कविता पाठकर सभी का ध्यान आकृष्ट कराया। इस दौरान स्कूल की सीनियर छात्राओं ने रविन्द्र संगीत पर नृत्य करते हुए सबको झूमने पर विवश कर दिया। स्कूल के डायरेक्टर ने संबोधित करते हुए कहा कि रवीन्द्रनाथ टैगोर भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति थे। रविंद्र नाथ टैगोर सबसे प्रथम नोबेल पुरस्कार पाने वाले महापुरुष बने। महात्मा गांधी द्वारा उनको %गुरुदेव% उपाधि दी गई। मौके पर स्कूल के अन्य सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थी।

## कांड्रा में दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में महिला समेत दो लोग घायल

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कांड्रा-चौका मार्ग पर रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार को प्रातः करीब दस बजे एक अनियंत्रित टेलर द्वारा बाइक सवार को टक्कर मार दी गई जिसमें बाइक सवार कांड्रा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर ग्राम निवासी गुरुपद मंडल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा तत्काल इसकी सूचना सड़क निर्माता कंपनी के एंबुलेंस और कांड्रा थाना को दी गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कांड्रा पुलिस द्वारा घायल गुरुपद को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से गम्हरिया स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। उक्त दुर्घटना के बाद रेलवे ओवरब्रिज के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे उक्त मार्ग पर काफी देर तक आवागमन ठप्प हो गया।कांड्रा पुलिस द्वारा दोनों वाहन को कब्जे में ले लिया है। दूसरी सड़क दुर्घटना कांड्रा टॉल प्लाजा के समीप हुई जिसमें एक ऑटो आगे जा रही एक कार से टकरा गई। इसमें ऑटो में बैठी आदित्यपुर शेरे पंजाब निवासी महिला पूजा कैबर्त सड़क के बीच में गिर कर घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उसे एम्बुलेंस द्वारा इलाज के लिए आदित्यपुर स्थित शिवा नर्सिंग होम भेजा गया।

## साप्ताहिक जनता दरबार में आए फरियादियों की समस्याओं से रूबरू हुए उपायुक्त



**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय में मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्र से व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं को लेकर आए दर्जनों फरियादियों की समस्याओं से उपायुक्त अरवा राजकमल आवेदनों के माध्यम अवगत हुए। कुछ मामलों के त्वरित निष्पादन करते हुए कुछ मामलों के जांच कर शीघ्र निष्पादन का निर्देश संबंधित विभाग प्रमुख को दिए।आज आयोजित जनता दरबार में भूमि संबंधित, आपसी बटवारा, राशन कार्ड मे नाम जोड़ने, भू अर्जन कार्यालय, तालाब जीर्णोद्धार, स्वास्थ्य विभाग संबंधित मामले, विभिन्न विद्यालयों में स्थानीय भाषा में शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति समेत कई मामले आए। उपायुक्त ने कहा कि योग्यता अनुसार इन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ते हुए लाभ प्रदान करे तथा यह सुनिश्चित करे की पैसे के अभाव में परिवार का इलाज ना रुके।

### शहर में हुई छिनतई की घटनाओं का जमशेदपुर ने किया खुलासा, 8 अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल

# दो गुटों में बंट कर घटनाओं को देते थे अंजाम चोरी के 13 मोबाइल व अन्य सामान बरामद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पुलिस ने शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हो रही छिनतई की घटनाओं का खुलासा किया है। मंगलवार को एसएसपी प्रभात कुमार ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए विशेष छापामार टीम गठित किया गया था, जिसने आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, उनके पास से चोरी की मोबाइल समेत अन्य सामान भी बरामद हुए हैं। एसएसपी ने बताया कि गिरफ्तार हुए लोगों में से 2 आदित्यपुर और 6 जमशेदपुर के रहनेवाले हैं। एसएसपी ने बताया कि बीते दो हफ्ते से जमशेदपुर समेत आस- पास के क्षेत्रों में हुई चोरी और छिनतई की घटनाओं



को इन लोगों द्वारा ही अंजाम दिया जा रहा था। ये दो गुट में बंट कर विभिन्न स्थानों पर चोरी और छिनतई की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। वहीं इनके पास से चोरी की मोबाइल समेत कई अन्य सामान बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार लोगों में धातकीडीह हरिजन बस्ती का प्रथम मुखी (23) और बिष्टुपुर नॉर्दन टाउन का सौरव बाग (23) हैं. इन दोनों को पहले कदमा के एंटी काइम चेंकिंग के दौरान काले रंग की पल्सर के साथ गिरफ्तार पकड़ा गया था. बाद में इन दोनों ने ही अन्य अपराधियों का खुलासा किया. उनकी निशानदेही पर बर्मामाइंस का लखन सिंह उर्फ लख्खू (19), मानगो का मनीष कुमार (24), बिरसानगर का नेल्सन डेविड ( 28 ), बिष्टुपुर का अकबर अंसारी (22) को गिरफ्तार किया गया। वहीं दूसरी ओर 14 अप्रैल को बिष्टुपुर में जुगसलाई की महिला से हुई छिनतई की घटना में आदित्यपुर से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें पुलिस ने आदित्यपुर से बाबुल कुमार (23) और जयप्रीत सिंह उर्फ रॉकी (30) को गिरफ्तार किया है। वहीं बरामद सामानों में 13 मोबाइल, एक काले रंग की पल्सर बाइक और लाल रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद की गई है. वहीं उनके पास से बैंगनी रंग का एक पर्स भी बरामद किया गया है।

### आदिवासी बहुल राजाबासा में छह महीने से जलमीनार खराब

## पेयजल संकट में 70 परिवार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड मुख्यालय से करीब 15 किमी दूर जोड़सा पंचायत के आदिवासी बहुल गांव राजाबासा में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अंतर्गत खनिज संपदा विभाग से सौर ऊर्जा संचालित लघु ग्रामीण जलापूर्ति योजना से निर्मित जलमीनार पिछले छह महीनों से खराब पड़े होने के कारण 70 परिवारों के लोग इस भीषण गर्मी में प्यास बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना कर रहे हैं। ये लोग अब एक ही चापाकल के पानी से प्यास बुझाने का काम कर रहे हैं। इस बात की जानकारी विभागीय अधिकारियों को मिलने के बाद मरम्मत के नाम पर मोटर (मशीन) को खोलकर ले गए है। लेकिन एक महीना होने जा रहा है न तो मोटर का मरम्मत किया गया है और न ही नया लगाने के लिए पहल किया गया



है। ग्रामीण कमल मुर्मू ने बताया कि गांव में एक ही चापाकल के है और उसमें भी कम मात्रा में पानी निकलता है। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। इस संबंध में पूछने पर बीडीओ पियूषा शालीना डोना मिंज ने बताया कि मोटर को मरम्मत के लिए भेजा गया है। मरम्मत होते ही पुनः जलमीनार को चालू किया जाएगा।

## जंगल छोड़ बीच सड़क पर आया हाथियों का झुंड, थमी वाहनों की रफ्तार


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** कांड्रा-चौका मार्ग पर लखना सिंह घाटी जंगल से निकलकर आए सड़क पर आए हाथियों के झुंड ने लोगों के भीतर दहशत भर दी। बताया गया है कि कांड्रा हैप्पी लक्की होटल से पहले कांड्रा-चौका मार्ग पर मंगलवार की सुबह अचानक हाथियों का एक विशालकाय झुंड आ धमका। उक्त झुंड में 30 हाथी शामिल थे। एक साथ कई हाथियों के झुंड द्वारा कांड्रा-चौका मुख्य मार्ग पर अचानक कब्जा जमा लिए जाने से उक्त मार्ग से होकर गुजर रहे लोगों के पांव ठिठक गए। वहीं, दूर में ही कई चालकों ने अपनी वाहनों को रोक लिया। सड़क पर आई हाथियों का झुंड देखने काफी संख्या में वहां



ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और उन्होंने पटाखे छोड़कर ने हाथियों को भगाने का प्रयास करने लगे। तत्पश्चात, हाथियों का झुण्ड सड़क से उतर कर कांड्रा के डुमरा पंचायत अंतर्गत आड़ालकोचा और बोड़बेड़ा गांव के बीच सड़क के समीप की झाड़ियों में घुस कर डेरा जमा लिया है। इससे आसपास के ग्रामीणों मे भय व्याप्त है।

# टाटा स्टील यूआईएसएल ने 3 एमजीडी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का किया उद्घाटन





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पीने के पानी की बढ़ती खपत को पूरा करने के लिए, टाटा स्टील यूआईएसएल ने आईएसडब्ल्यूपी ट्रांसपोर्टेशन पार्क के पास रामाधिन बागान में 3 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) जल उपचार संयंत्र का निर्माण किया है। यह संयंत्र नमदा बस्ती, मिश्रा बागान, जेमको आजाद बस्ती, गोवाला बस्ती, रामादीन बागान, मनिफित बस्ती, मोहनंदा बस्ती आदि जैसे विभिन्न स्थानों की पेयजल जरूरतों को पूरा करेगा। संयंत्र का उद्घाटन चाणक्य चौधरी, वाइस प्रेसिडेंट, कॉर्पोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील और रितु राज सिन्हा, प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील यूआईएसएल ने किया। संयंत्र नवीनतम तकनीकों और उपकरणों से लैस है, जो उच्चतम स्तर की दक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करता है। उद्घाटन समारोह में प्रणय सिन्हा, चीफ, कॉरपोरेट सर्विसेज, टाटा स्टील, कैप्टन धनंजय मिश्रा, सीनियर जनरल मैनेजर, टीएसयूआईएसएल, संजीव कुमार झा, ईआईसी (वाटर एंड वेस्ट वाटर सर्विसेज), टीएसयूआईएसएल तथा टाटा की सीनियर लीडरशिप के दोनों टीमों ने भाग लिया। इस संयंत्र से क्षेत्र में शुद्ध पानी की बढ़ती मांग को पूरा करने और औद्योगिक क्षेत्र के सतत विकास का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की उम्मीद है।

## करीम सिटी कॉलेज में दो दिवसीय इंडोर गेम्स टूर्नामेंट का शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** करीम सिटी कॉलेज, साकची, जमशेदपुर में दो दिवसीय इंडोर गेम्स टूर्नामेंट 2023 आयोजित किया गया। इस टूर्नामेंट में छात्र छात्राओं के लिए बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चैस तथा कैरम जैसे खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिनमें महाविद्यालय के लगभग 800 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्वाहन 11:00 बजे महाविद्यालय के सचिव एवं पूर्व प्राचार्य डॉ मोहम्मद जकरिया ने किया। उन्होंने



प्रतिभागियों तथा व्यवस्थापको को संबोधित करते हुए अपनी अपार प्रसन्नता और रुचि की अभिव्यक्ति की। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने भी व्यवस्थापक शिक्षकों तथा भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इस टूर्नामेंट के कन्वेनर डॉ शाहिद हाश्मी ने अपनी तरफ से प्रसन्नता अभिव्यक्त करते हुए बताया कि कल इन सभी खेलों का सेमीफाइनल तथा फाइनल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अपने सहयोगी शिक्षक डॉ इंद्रसेन सिंह, डॉ आफताब आलम खान, डॉ एमएम नजरी, डॉ फखरुद्दीन अहमद, डॉ पी सी बनर्जी, डॉ फिरोज इब्राहिमी, डॉ मोइज अशरफ, डॉ कौसर तस्नीम, बसुधरा राय, प्रो सानिया तहरीम, फिरोज आलम, जाहिद परवेज, डा शाहबाज अंसारी तथा डॉ उधम सिंह सहित सभी सहयोगी शिक्षकों को धन्यवाद दिया।

## भाजपा की बैठक में 12 मई को आहूत कार्यक्रम की तैयारी पर चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** परिसदन सरायकेला में मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष विजय महतो की अध्यक्षता में भाजपा की एक कामकाजी बैठक संपन्न हुई। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी के उपस्तिथि में आगामी 12 मई सरायकेला पुराना कोर्ट के सामने स्थित दुर्गा पूजा मैदान में होने वाले विशाल धरना प्रदर्शन कार्यक्रम की तैयारी पर विस्तार से चर्चा की गई। कुछ दिनों पूर्व तुष्टिकरण की खातिर मामूली विवाद के आड़ में हेमंत सोरेन सरकार द्वारा जमशेदपुर के भाजपा नेताओं को साजिश के तहत जेल में डालने के खिलाफ यह धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। बैठक में मुख्यरूप ने सिंहभूम लोकसभा प्रभारी उदय सिंहदेव, गणेश महाली, रमेश हंसदा, चामी मुर्मू, मंजू बोदरा, सूर्या देवी, राकेश सिंह, अभिजीत दत्त, आदि थे।

## आईआईएम संबलपुर ने नए वैकल्पिक ड्यूअल डिग्री प्रोग्राम का किया एलान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**संबलपुर :** देश में नए जनरेशन के आईआईएम में सबसे भरोसेमंद और प्रीमियम मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट में से एक इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, संबलपुर ने नई दिल्ली में अपना नया कैंपस खोलने की घोषणा की है। नया कैम्पस दक्षिणी दिल्ली के वसंत कुंज औद्योगिक क्षेत्र में औद्योगिक विकास अध्ययन संस्थान (आईएसआईडी) में स्थित एक सुव्यवस्थित और बेहतर परिसर होगा। इसके संकाय सदस्यों को आकर्षित करते हुए नए आईएसआईडी परिसर से मैनेजमेंट में छोटे और साथ ही लंबी अवधि के एक्जीक्यूटिव और अन्य




कार्यक्रमों का संचालन करने की भी योजना बनाई है। केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री डॉ सुभाष सरकार ने इस अवसर पर कहा कि देश में स्टार्टअप से संबंधित ईकोसिस्टम को सपोर्ट करने की दिशा में उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम के लिए मैं आईआईएम संबलपुर को बधाई देता हूं। जी20 सेमिनार के साथ इसे जोड़ते हुए आईआईएम, संबलपुर के डायरेक्टर डॉ. महादेव जायसवाल ने कहा कि आईआईएम, संबलपुर को मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के 3.0 संस्करण के रूप में जाना जाता है क्योंकि यह तीन मुख्य स्तंभों, यानी, इनोवेशन, इंटीग्रेशन और इनक्लूसिवनेस पर बनाया गया है।

## महिला पहलवानों के समर्थन में आम आदमी पार्टी ने निकाला कैंडल मार्च

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना दे रही महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ मंगलवार को आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जुगसलाई विधानसभा अध्यक्ष राजीव रंजन के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारीगोड़ा से राहरगोड़ा तक पदयात्रा करते हुए कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च का संचालन आप के युवा नेता मोनू श्रीवास्तव ने किया। पदयात्रा में पार्टी कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार व भाजपा सांसद व कुस्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जमकर नारे लगाए तथा उन्हें तुरंत गिरफ्तार करने की मांग



की। राजीव रंजन ने मोदी सरकार को निशाने में लेते हुए कहा कि देश की बहू-बेटियाँ अब सुरक्षित नहीं हैं। सत्ता में बैठे लोग ही महिलाओं का शोषण कर रहे हैं। केंद्र सरकार ही अगर बलात्कारियों का संरक्षण करेगी तो बहन-बेटियों की इज़्ज़त कैसे बचेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मोनू श्रीवास्तव, बीरेश माझी, विप्लव कर, लक्ष्मण हेम्ब्रम, हरेश सुनानी, गोविंद जोरा, बीरबल, सनी, राजवान सिंह, विकास कुमार, सरोज शर्मा, हरिंदर शाह, अभिषेक कुमार, सिंटू कुमार, राजा श्रीवास्तव, भरत सिंह, चंदन कुमार, गुड्डू कुमार व प्रभू शाह आदि उपस्थित थे।

## कुरान ख्वानी से शुरु हुआ चुनाशाह बाबा का 54वां सालाना उर्स

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** हज़रत बादशाह अब्दुर्रहीम रह. उर्फ चुनाशाह बाबा का 54 वाँ सालाना उर्स शरीफ बिष्टुपुर स्थित दरगाह में आज सुबह 8 बजे से कुरान ख्वानी के साथ शुरू हो गया है। इस अवसर पर मदरसा फैज उल उलूम धातकीडीह, कुरान एकेडमी, जिया मदरसा दारूल किरात के बच्चों और दरगाह कमेटी के सचिव एस एम कुतुबुद्दीन, गद्दी नशी ताज अहमद, अब्दुल वहाब, अजीबुल अंसारी, फारूक अहसन, हाजी वसीम, डॉक्टर जिया अहमद, रामावतार जांगिड़, जेपी सिंह, नाज अहमद, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद अफजल, मौलाना हफीजुद्दीन



खतीब, बिष्टुपुर मस्जिद, मौलाना मोहम्मद इजहार अहमद खतीब व इमाम, बिष्टुपुर जामा मस्जिद, हाफीज व कारी मौलाना मोहम्मद कलीम कैंसर जुगसलाई आदि मुख्य रूप से शामिल हुए और फातिहा पढ़ी गई। इसी के साथ बाबा के दरगाह में जमशेदपुर के अलावा पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार और झारखंड से जायरीनों का आना शुरू हो गया। इस चार दिवसीय उर्स में विभिन्न धर्मालंबियो के लोग अपनी मुराद लेकर आते है और दरगाह में चादर पेश करते है। मौके पर दरगाह कमेटी के सचिव एस एम कुतुबुद्दीन ने बताया कि कल 10 मई को बाद नमाज ईशा तकरीर का आयोजन होगा। जिसमे मौलाना कुतुबउद्दीन रिजवी, राँची, जम जम फतेहपुरी, रामगढ़, कारी व मौलाना इसहाक अंजुम और कारी इबरार कैंसर औरंगाबादी शामिल होंगे। 11 मई (गुरुवार) को सुबह 10 बजे से चादर व संदल गस्त, दोपहर 1.20 बजे चादरपोशी, 2 बजे से लंगरे आम और रात 9 बजे से कव्वाली जिसमे जानी वारिश कव्वाल नवादा और शाह वारसी कव्वाल कोलकाता अपनी कलाम पेश करेंगे। अंतिम दिन 12 मई को 2 बजे दिन से लंगरे आम और रात 9 बजे से देश के महशूर कव्वाल महबूब ताज, कानपुर और शाबीर सैफ अली चिश्ती, बनारस महफिले शमा में सूफिया कलाम पेश करेंगे।

## ईचागढ़ : हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के झाडुआ गांव में एक हाथी ने भवतारण महतो का खेत में लगे लौकी खेत में जमकर उत्पात मचाया। घटना मंगलवार की अहले सुबह करीब 5 बजे की बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि रात भर उसी खेत में जमकर उत्पात मचाते हुए लौकीयों को अपना निवाला बनाया है। किसान भवतारण महतो का खेत में बने झोंपड़ी को भी तोड़ दिया गया है। सुबह ग्रामीणों द्वारा एकजुट होकर हाथी को लौकी खेत से निकाल कर जंगल की ओर भगा दिया। बताया जा रहा है कि हाथी बहुत ही उम्रदराज है। ठीक से चल



भी नहीं पाता है। वन विभाग उम्रदराज हाथी का इलाज अभी तक नहीं कराए हैं। वहीं भवतारण महतो ने बताया कि दिन भर पहरेदारी के लिए बनाया गया झोंपड़ी को भी हाथी तोड़कर चावल, सब्जी आदि को भी चट कर गया। उन्होंने वन विभाग से मुआवजा का मांग किया है।

## संपादकीय

# केजरीवाल और उनके 'वायदों का हवामहल'

**भ्रष्टाचार** के विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन के दौरान अरविंद केजरीवाल ने सरकारी खजाने से नेताओं की ऐशोआराम की जिंदगी पर सवाल उठाये थे तब देश को लगा था कि यह व्यक्ति सचमुच क्रांति ला देगा। इसलिए आम आदमी पार्टी को उसके पहले ही प्रयास में जनता ने दिल्ली की सत्ता तक पहुँचा दिया। अभूतपूर्व समर्थन दिया। आंदोलन की पीठ पर सवार होकर सत्ता में पहुंची आआपा ने ईमानदार एवं सादगीपूर्ण राजनीति का जो सपना दिखाया था, सत्ता में आते ही ठीक उसके प्रतिकूल व्यवहार किया। आज देश हैरानी से देखता है कि जिस आदमी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के सरकारी आवास में लगे आठ एसी पर हो-हल्ला मचाया था, वही आदमी आज मुख्यमंत्री आवास में करोड़ों के पर्दे, वार्डरोब और विदेशी टाइल्स लगवा रहा है। याद हो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने ही यह कहा था कि उनके लोग सरकारी बंगला और सरकारी सुरक्षा नहीं लेंगे लेकिन सत्ता पाते ही उन्होंने महंगी गाड़ियां भी ली और बंगले भी। पिछले कुछ दिनों से अरविन्द केजरीवाल और उनकी सरकार अपने मंत्रियों के भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा में थी। लेकिन अब तो केजरीवाल सहित समूची सरकार मुख्यमंत्री आवास को आलीशान महल का रूप देने के लिए विवादों में हैं। प्रत्येक देशवासी यह जानकार हैरान है कि आम आदमी की तरह सरकार चलाने का वायदा करनेवाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सरकारी बंगले की साज-सज्जा पर 45 करोड़ रुपये खर्च कर डाले हैं। इस खर्च का विवरण देखकर हैरानी और बढ़ जाती है। केजरीवाल के सरकारी बंगले में जितनी राशि के पर्दे लगे हैं, उतनी राशि में कई आम लोगों के संपूर्ण आवास बन जाते। दुर्भाग्यपूर्ण है कि आवास में टाइल्स भी विदेश से मंगाकर लगाई गई हैं। आम आदमी पार्टी की ओर से दावा किया जा रहा है कि यह खर्च अन्य मुख्यमंत्रियों की ओर से किये जाने वाले खर्च से बेहद कम है। लेकिन यहां सवाल किसी से ज्यादा खर्च करने या कम खर्च करने का नहीं है। यहां सवाल वादाखिलाफी का है। किसी अन्य मुख्यमंत्री ने कभी नहीं कहा था कि हम सरकारी सुविधा नहीं लेंगे। ऐसा कहने वाले सिर्फ केजरीवाल ही थे इसलिए उनसे प्रश्न पूछा ही जायेगा। उन्होंने जनता से वोट सादगीपूर्ण राजनीति की बात करके ही हासिल किए थे। सवाल तो यह भी है कि इतनी भारी भरकम राशि उस कोरोना काल में कैसे खर्च कर दी गयी, जिस दौरान सभी अनावश्यक खर्चों पर रोक लगी हुई थी? उस समय एक तरफ दिल्ली की सरकार कोरोना काल में प्रवासी मजदूरों को भोजन और आश्रय सुविधा देने में नाकाम साबित हो रही थी और उनको दिल्ली की सीमाओं पर छोड़ दे रही थी तो वहीं केजरीवाल के बंगले की साज-सज्जा पर करोड़ों रुपए खर्च किये जा रहे थे। कुलमिलाकर अरविंद केजरीवाल एवं उनकी पार्टी जनता से वायद कुछ करती है, जबकि उसका आचरण कुछ और रहता है। बहरहाल, आम आदमी पार्टी के नेता सरकारी आवास पर बेतहाशा अपव्यय का कितना भी बचाव करना चाहें, लेकिन वे किसी भी प्रकार से इसे उचित नहीं ठहरा सकते। यह सरकारी धन के दुरुपयोग की पराकाष्ठा है।

> आज देश हैरानी से देखता है कि जिस आदमी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के सरकारी आवास में लगे आठ एसी पर हो-हल्ला मचाया था, वही आदमी आज मुख्यमंत्री आवास में करोड़ों के पर्दे, वार्डरोब और विदेशी टाइल्स लगवा रहा है। याद हो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने ही यह कहा था कि उनके लोग सरकारी बंगला और सरकारी सुरक्षा नहीं लेंगे लेकिन सत्ता पाते ही उन्होंने महंगी गाड़ियां भी ली और बंगले भी। पिछले कुछ दिनों से अरविन्द केजरीवाल और उनकी सरकार अपने मंत्रियों के भ्रष्टाचार को लेकर चर्चा में थी। लेकिन अब तो केजरीवाल सहित समूची सरकार मुख्यमंत्री आवास को आलीशान महल का रूप देने के लिए विवादों में हैं। प्रत्येक देशवासी यह जानकार हैरान है कि आम आदमी की तरह सरकार चलाने का वायदा करनेवाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सरकारी बंगले की साज-सज्जा पर 45 करोड़ रुपये खर्च कर डाले हैं।

## तीखी टक्कर वाले दलों ने राष्ट्रीय मुद्दों को भी पर्याप्त तवज्जो दी

# कर्नाटक में कांग्रेस ने अपने ही पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम कर दिया है

ललित गर्ग

> कांग्रेस ने इन चुनावों से काफी उम्मीदें लगा रखी हैं, वहीं भाजपा की ओर से हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही जोरदार एवं धारदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन लगाने की बात अपने घोषणा पत्र में करके जीत की ओर बढ़ते अपने कदमों पर विराम ही लगाया है। क्योंकि भाजपा इसे हिन्दू भावनाओं के मान-सम्मान से जोड़ रही है, देश में बह रही हिन्दूवादी लहर के दौर में निश्चित ही इसके नकारात्मक असर देखने को मिलेंगे। हर तरह की चहलकदमी के बावजूद यह चुनाव भी मुद्दों से भटकता हुआ दिखाई दे रहा है। कर्नाटक में मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, विधानसभा चुनाव मुद्दों से भटक कर धार्मिक भावनाओं पर केंद्रित होता दिख रहा है।

**कर्नाटक** में विधानसभा चुनाव काफी दिलचस्प होने जा रहे हैं, इन चुनावों के परिणामों का असर कांग्रेस की भावी स्थितियों के साथ राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनावों पर भी पड़ेगा। इन चुनावों से विपक्षी एकता की प्रक्रिया में कांग्रेस की भूमिका भी तय होने की दिशाएं सामने आयेंगी। इस लिहाज से कर्नाटक चुनाव महत्त्वपूर्ण होने के साथ भविष्य की भारतीय राजनीति की दिशाओं को मोड़ देगी। कांग्रेस ने इन चुनावों से काफी उम्मीदें लगा रखी हैं, वहीं भाजपा की ओर से हर बार की तरह इस बार भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ही जोरदार एवं धारदार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन लगाने की बात अपने घोषणा पत्र में करके जीत की ओर बढ़ते अपने कदमों पर विराम ही लगाया है। क्योंकि भाजपा इसे हिन्दू भावनाओं के मान-सम्मान से जोड़ रही है, देश में बह रही हिन्दूवादी लहर के दौर में निश्चित ही इसके नकारात्मक असर देखने को मिलेंगे। हर तरह की चहलकदमी के बावजूद यह चुनाव भी मुद्दों से भटकता हुआ दिखाई दे रहा है। कर्नाटक में मतदान की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, विधानसभा चुनाव मुद्दों से भटक कर धार्मिक भावनाओं पर केंद्रित होता दिख रहा है। मुफ्त रेवड़ियों के चुनावी वादे दक्षिण की पुरानी परंपरा है, लेकिन अब शिव के गले के सांप और बजरंग बली भी चुनावी मुद्दा बन गए हैं। दक्षिण भारत में भाजपा का प्रवेश द्वार बने कर्नाटक को सामाजिक-आर्थिक रूप से बेहतर राज्यों में गिना जाता है, पर कटु सत्य यही है कि वहां की राजनीति जातीय बंधनों से मुक्त नहीं हो पाई है। राज्य में लिंगायत, वोक्कालिगा और कुरुबा- तीन बड़े समुदाय हैं। राजनीतिक दल इनके बीच अपनी वोट-राजनीति का सही गणित बैठा कर ही सत्ता की राह तलाशते रहे हैं। इस बार भी चुनावी परिदृश्य इसी गुणा-भाग से शुरू होता हुआ दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई और पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. येदियुरप्पा के रूप में सबसे बड़े लिंगायत समुदाय के बड़े चेहरे भाजपा के पास हैं, लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री जगदीश शेट्टर और पूर्व उप मुख्यमंत्री लक्ष्मण सावदी के बगावत कर कांग्रेस में चले जाने से उसे झटका भी लगा है। कांग्रेस के पास पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के रूप में कुरुबा समुदाय तथा प्रदेश अध्यक्ष डी.के. शिव कुमार के रूप में वोक्कालिगा समुदाय के बड़े चेहरे पहले से हैं। ऐसे में माना जा सकता है कि शेट्टर और सावदी के पाला



बदलने से उसे लाभ ही हुआ। इन जातिगत समीकरणों के बीच धार्मिक भावनाओं का असर भी अपना जादू दिखा दे तो कोई आश्चर्य नहीं। कांग्रेस की स्थितियां मजबूत होने के बावजूद भाजपा कोई चमत्कार घटित कर दे, इससे भी इन्कार नहीं किया जा सकता। कांग्रेस भले ही येदियुरप्पा और बोम्मई के नेतृत्व वाली भाजपा सरकारों के कामकाज को मुद्दा बनाये या जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक और जंतर-मंतर पर पहलवानों के धरने उसके लिये अतिरिक्त मुद्दे हैं। लोक लुभावन वादों वाले भाजपाई घोषणापत्र के जवाब में वैसे ही या और आगे बढ़ते हुए कांग्रेसी वादे भी राजनीतिक रूप से समझ में आते हैं, पर पीएफआई के साथ ही बजरंग दल पर प्रतिबंध के वादे ने तो भाजपा को मनवांछित मुद्दा उपलब्ध करा दिया है। पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जहरीला सांप बता कर अवांछित और अशोभनीय विवाद पैदा किया, तो अब बजरंग दल और पीएफआई को एक ही श्रेणी में रख कर कांग्रेस ने चुनाव को असल मुद्दों से भटका कर भावनाओं में बह जाने या बहा लिए जाने का मौका खुद दे दिया है। बजरंग दल का मुद्दा प्रभावी होने वाला है, क्योंकि कर्नाटक की जनता का हनुमानजी के साथ भावनात्मक एवं धार्मिक जुड़ाव है, बजरंग बली की जन्मभूमि होने का गौरव इसी प्रांत को जाता है। भाजपा तो चाहती ही थी कि ये चुनाव धार्मिक मोड़ ले, बजरंग बली का मुद्दा उछाल कर कांग्रेस ने भाजपा के लिये सहुलियत ही की है। प्रश्न है कि कांग्रेस क्यों एक बार फिर भाजपा द्वारा तैयार चुनावी पिच पर खेलने को तैयार हो गई? बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने का सपना देखने वाली कांग्रेस दरअसल अपने पूर्ण पतन का आह्वान कर रही है। बजरंग दल देशभक्त युवाओं का राष्ट्रवादी संगठन है, जो विपत्ति के समय जाति धर्म आदि नहीं देखता और देश के संकट को दूर करने में तन, मन व धन से सहयोग करता है। राजनीतिक दुराग्रह के कारण पीएफआई जैसे आतंकी संगठनों से इसकी तुलना करना जहां निंदनीय है, वहीं राजनीतिक अपरिपक्वता का परिचायक है। कांग्रेस अपनी बची-खुची इज्जत भी ऐसे पूर्वाग्रही कुविचारों के कारण गंवा रही है। यह विडंबना है कि कांग्रेस आतंकवाद की बुराई करने के बजाय राष्ट्रवादी संगठनों को निशाना बनाने की ताक में है। वह शायद बजरंग दल का इतिहास भूल रही है। राम जन्मभूमि आंदोलन को सफल बनाने में इस राष्ट्रवादी संगठन की उल्लेखनीय भूमिका भला कौन नहीं जानता? कांग्रेस ने जब घोषणापत्र जारी किया तो उसमें मुफ्त की सौगातों के साथ इस एक वायदे ने सभी का ध्यान खींचा। लगता है, कांग्रेस जो दिवास्वप्न देख रही है इससे वह जितनी जल्दी बाहर निकल जाए, उतना ही उसके उन्नत राजनीतिक भविष्य के लिये बेहतर होगा। इन चुनावों का एक अन्य पहलू यह है कि दोनों तीखी टक्कर वाले दलों ने राष्ट्रीय मुद्दों को भी पर्याप्त तवज्जो दी है। बीजेपी ने सीधे तौर पर राम मंदिर की बात भले न की हो, लेकिन समान नागरिक संहिता और एनआरसी लागू करने का वादा जरूर किया है। गौर करने की बात यह है कि कांग्रेस भी इन कथित राष्ट्रीय मुद्दों पर खासी आक्रामक नजर आ रही है। उसने अपने घोषणापत्र में हेटस्पीच के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने की बात कही है। हालांकि पीएफआई पर केंद्र सरकार पांच साल का बैन पहले ही लगा चुकी है। यही नहीं, चार फीसदी मुस्लिम आरक्षण खत्म करने की बीजेपी की घोषणा के जवाब में इसे बहाल करने की बात भी उसने कही है। पिछले कुछ समय से कथित तौर पर विभाजित करने वाले मुद्दों पर कांग्रेस के नरम रवैये में यह एक दिलचस्प बदलाव है। इन तमाम वादों के बीच सवाल सिर्फ यह नहीं कि किसका वादा कितना लुभावना है, देखने वाली बात यह भी होगी कि किसके वादों को मतदाता कितना भरोसेमंद मानते हैं और किस दल को जीत की ओर अग्रसर करते हैं। दिल्ली में मुफ्त की संस्कृति को बल देने वाले आम आदमी पार्टी के पदचिन्हों पर चलते हुए कांग्रेस एवं भाजपा दोनों ने अपने घोषणापत्रों में मतदाताओं के अलग-अलग वर्गों को लुभाने की कोशिश की है जो स्वाभाविक होने के बावजूद राजनीतिक दशा एवं दिशा पर एक बड़ा सवाल है। लेकिन इस क्रम में मुफ्त की पेशकश करने में किसी ने भी कोई हिचक नहीं दिखाई है।

# आनंद मोहन की रिहाई दर्शाती है कि सत्ता बचाने के लिए नीतीश कुछ भी करेंगे

> बाहुबली आनंद मोहन सिंह 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। दलित आईएएस अधिकारी जी कृष्णैया की भीड़ ने पिटाई की और गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस भीड़ को आनंद मोहन ने उकसाया था। साल 2007 में पटना हाईकोर्ट ने उसे दोषी ठहराया और फांसी की सजा सुनाई। आजाद भारत में यह पहला मामला था, जिसमें एक राजनेता को मौत की सजा दी गई थी। हालांकि 2008 में इस सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया। आनंद मोहन सिंह को बिहार में जाति विशेष के एक बड़े नेता माना जाता है। जाति विशेष के मतदाताओं को साधने के इरादे से आनंद मोहन को रिहा किया करवाया गया, ताकि नीतिश सरकार के प्रति उनकी जाति के मतदाताओं की सहानुभूति को चुनावों में बटोरा जा सके। नीतिश कुमार भाजपा के खिलाफ देश के विपक्षी दलों की एकता की कवायद में जुटे हुए हैं। यही वजह है कि भ्रष्टाचार और अपराध जैसे कारणों से भाजपा विपक्षी दलों को निशाने पर लेती रही है। इसका मौका विपक्षी दलों ने ही भाजपा को कई बार थमाया है।

**बिहार** की नीतिश कुमार सरकार के जेल नियमों में संशोधन करने से कुख्यात बाहुबली आनंद मोहन सिंह की रिहाई हो गई। इस गैंगस्टर पर गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की हत्या में शामिल होने का आरोप था। आनंद मोहन सिंह सहित 27 दोषियों को इस संशोधन का फायदा मिला। बाहुबली आनंद मोहन सिंह 1994 में गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी जी कृष्णैया की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। दलित आईएएस अधिकारी जी कृष्णैया की भीड़ ने पिटाई की और गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस भीड़ को आनंद मोहन ने उकसाया था। साल 2007 में पटना हाईकोर्ट ने उसे दोषी ठहराया और फांसी की सजा सुनाई। आजाद भारत में यह पहला मामला था, जिसमें एक राजनेता को मौत की सजा दी गई थी। हालांकि 2008 में इस सजा को उम्रकैद में तब्दील कर दिया गया। आनंद मोहन सिंह को बिहार में जाति विशेष के एक बड़े नेता माना जाता है। जाति विशेष के मतदाताओं को साधने के इरादे से आनंद मोहन को रिहा किया करवाया गया, ताकि नीतिश सरकार के प्रति उनकी जाति के मतदाताओं की सहानुभूति को चुनावों में बटोरा जा सके। नीतिश कुमार भाजपा के खिलाफ देश के विपक्षी दलों की एकता की कवायद में जुटे हुए हैं। यही वजह है कि भ्रष्टाचार और अपराध जैसे कारणों से भाजपा विपक्षी दलों को निशाने पर लेती रही है। इसका मौका विपक्षी दलों ने ही भाजपा को कई बार थमाया है। विपक्षी एकता में विपक्षी दलों के ऐसे स्वार्थपरक निर्णय ही बाधा बन कर खड़े हैं। मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने अपराधियों के साथ गठजोड़ करके भाजपा को एक नया मुद्दा थमा दिया। भाजपा इसका तुलनात्मक प्रचार करके विपक्ष दलों का पर्दाफाश करने में लगी है। एक तरफ बिहार है, जहां बाहुबली से राजनीतिक फायदा उठाने के लिए कानून बदल दिया गया। वहीं दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने गैंगस्टर्स के सफाए में कोई कोर-कसर बाकी नहीं छोड़ रखी। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद के गैंगस्टर बेटे और उसके साथी को मुठभेड़ में मार गिराया। संयोग से अतीक और उसका भाई भी एक हमले में मारे गए। इससे पहले भी उत्तर प्रदेश पुलिस मुठभेड़ में दर्जनों खतरनाक अपराधियों का सफाया कर चुकी है। हालात यह हैं कि उत्तर प्रदेश में अपराधी डर के मारे जेल से जमानत तक लेने से हिचक रहे हैं। गैंगस्टर रहे आनंद मोहन की रिहाई से अंदाजा लगाया जा सकता है कि गठबंधन की कवायद में लगे विपक्षी दल अपनी सत्ता को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। क्षेत्रीय दलों के लिए अपने हित सर्वोपरि हैं। संकीर्ण हितों के कारण ही क्षेत्रीय दल भारतीय जनता पार्टी को कोसने के बावजूद एकजुट नहीं हो पा रहे हैं। इस मामले में बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने फिर से पहल की है। नीतिश कुमार ने बिहार के राजद नेता और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के साथ दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल से मुलाकात की। इसके बाद राहुल गांधी ने मल्लिकार्जुन खडगे और जेडीयू और आरजेडी नेताओं के साथ अपनी एक तस्वीर पोस्ट की। जिसमें कहा गया कि वे एक साथ खड़े हैं, भारत के लिए एक साथ लड़ेंगे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भी 2024 के चुनावों से पहले अन्य दलों के साथ तालमेल बिठाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने पिछले महीने कोलकाता में अपने आवास पर समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव से मुलाकात की थी। साथ ही वे लगातार विपक्षी एकता की बात कर रही हैं। विपक्षी दलों ने इससे पहले भी भाजपा को घेरने के इरादे से प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की कार्रवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कह दिया देश के आम नागरिक और नेताओं में कोई फर्क नहीं है। नेताओं के लिए अलग से आदेश नहीं दिए जा सकते। इस पर विपक्षी दल याचिका वापस लेने को मजबूर हो गए। सुप्रीम कोर्ट से मिले तगड़े झटके के बाद विपक्षी दलों के एकता के नए सिरे से प्रयास जारी हैं। विपक्षी एकता का धरातल इतना कमजोर है कि क्षेत्रीय दलों की आपस में और कांग्रेस से पटरी नहीं बैठ पा रही है। क्षेत्रीय दलों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सभी गैर भाजपा दलों को एकजुट करना है। इस बाधा को पार करने के बाद न्यूनतम साझा कार्यक्रम तय करना है। पहली बाधा ही विपक्षी दलों के लिए हिमालय जैसी है। चुनावी एजेंडा तय करने में विपक्षी दलों को अपराध, भ्रष्टाचार सहित ऐसे कई बड़े मुद्दों से जूझना पड़ेगा, जिसमें ज्यादातर नेता प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित अन्य नेता कर्नाटक चुनाव सहित अन्य सार्वजनिक सभाओं में विपक्षी दलों की एकता को नापाक करार देते हुए हमले का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले दो लोकसभा चुनावों में भाजपा ने विपक्षी दलों के भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। भाजपा की लगातार विजय में यह प्रमुख मुद्दा रहा है। अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में विपक्षी दल भाजपा के हाथों मात खाते रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी और अन्य भाजपा नेता जिस तरह लगातार ऐसे मुद्दे उठा रहे हैं, उससे जाहिर है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विकास के साथ विपक्षी दलों के दागदार मामले प्रमुख मुद्दा रहेंगे। विपक्षी दलों के सामने यक्ष प्रश्न यही है कि एकजुटता की शुरुआत कैसे हो। यह निश्चित है कि सीटों के बंटवारे के अलावा भ्रष्टाचार और अपराधों सहित अन्य मुद्दों पर जब तक कोई सहमति नहीं बन जाती तब तक विपक्षी एकता कोरा दिखावटी प्रयास ही रहेगी। विपक्षी दल भाजपा के दामन में दाग ढूंढने की बजाए जब तक अपने स्वार्थों से ऊपर उठ कर राष्ट्रीय हित में निर्णय नहीं करेंगे, तब भाजपा एकता के उनके प्रयासों को कठघरे में खड़ा करती रहेगी।

## देश दुनीया से

# साजिश समान क्यों लगता है अतीक-अशरफ हत्याकांड!

**यहां** बात हो रही है 'तथाकथित' दुर्दांत अपराधी अतीक अहमद की। 'तथाकथित' इसलिए, क्योंकि भारतीय न्यायपालिका ने उसे उसके अपराध के लिए मृत्युदंड नहीं दिया था और अतिरेक में पुलिस की अभिरक्षा में सार्वजनिक रूप से गोली मारकर उसकी हत्या कर दी गई। यह कैसा अंधेर काल है कि न्यायपालिका के समक्ष उपस्थित होने से पहले और उनके आदेश के बिना ही किसी की हत्या कर या करवा दी जाए! इसके कई निहितार्थ निकाले जा रहे हैं। रात दस बजे अतीक-अशरफ को अस्पताल क्यों ले जाया गया गंभीर चर्चा का विषय है और पुलिस प्रशासन पर सीधा आरोप लगाया जाता है कि ऐसी क्या आफत आ गई थी कि रात दस बजे दूल्हे की तरह सजाकर दोनों अपराधियों को बारात की शक्ल में मेडिकल चेकअप के लिए ले जाया जा रहा था। दूसरा यह कि क्या प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए पुलिस के पास इतना और यही समय था अथवा वह अपराधी इतना बड़ा राष्ट्रपुरुष था कि वह चलते-चलते ही मीडियाकर्मियों से मुखातिब हो, बातचीत करे? या पूर्व निर्धारित योजनाबद्ध तरीके से ऐसा किया गया? अब सत्तापक्ष ने इस बात के लिए अपनी तलवार खींच ली है कि अतीक की हत्या विपक्ष ने कराई है। वहीं, विपक्ष इस बात के लिए तलवार खींचकर खड़ा है कि भारी—भरकम पुलिस अभिरक्षा में किसी की इतनी हिम्मत कैसे हो सकती है कि वह भीड़ में घुसकर अपराधियों की हत्या कर दे। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह कहते हैं कि अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या विपक्षी द्वारा राज खुलने के डर से कराई गई है। आगे वह कहते हैं कि कुछ गंभीर राज खुलने वाले थे, इसलिए विपक्ष ने दोनों भाइयों की हत्या करा दी। उनका कहना है कि माफिया भाइयों की हत्या को लेकर विपक्ष योगी सरकार को घेरने में जुटा है। मंत्री धर्मपाल सिंह का कहना है कि हत्याकांड को सरकार के नाम से जोड़ना पूरी तरह गलत है। लोग हंसी उड़ा रहे हैं कि यह किस तरह विपक्ष को हत्या की टोपी पहनाने में सरकार का प्रतिनिधि जुटा है। सरकार उनकी, पुलिस प्रशासन सत्तारूढ़ का, अभिरक्षा सरकार की, फिर विपक्ष किस प्रकार हत्या करा सकता है? यह गलत परंपरा की शुरुआत है जब एक दुर्दांत अपराधी की पुलिस अभिरक्षा में हत्या कर दी गई। जिस तरह हत्या की गई, उसकी जांच के लिए टीम का गठन सरकार ने कर दिया है। तो क्या सच भी सामने आ जाएगा? गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की 15 अप्रैल की रात सनसनीखेज अंदाज में हत्या कर दी गई। प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल के बाहर पुलिस की सुरक्षा के बीच मीडियाकर्मी बनकर पहुंचे हमलावरों ने दोनों पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतार दिया। दशकों तक खौफ का साम्राज्य चलाने वाले अतीक अहमद का अंत महज कुछ सेकंड के भीतर हो गया। अतीक की हत्या के बाद उसके किस्से अब सार्वजनिक हो रहे हैं। अतीक अहमद ने 44 वर्ष तक प्रयागराज और उसके आसपास के इलाकों में न सिर्फ दहशत कायम की, बल्कि इसकी बदौलत अकूत दौलत कमाई और राजनीति में भी सफलता का स्वाद चखा। वह पांच बार विधायक रहा, जबकि एक बार सांसद बना। राजनीति की सीढ़ियां चढ़ने के बाद भी उसने अपराध की दुनिया से मुंह नहीं मोड़ा। आखिरी वक्त तक उसपर हत्या, अपहरण, वसूली, रंगदारी जैसी गंभीर धाराओं समेत 100 से ज्यादा मुकदमे विभिन्न न्यायालय और पुलिस थाने में दर्ज थे। अतीक अहमद के लिए कभी खुद, तो कभी गुर्गों के जरिये लोगों की हत्या करवाना, रंगदारी मांगना, न देने पर अगवा करवा लेना, पिटाई करना बेहद आम था। वह खुलेआम लोगों को फोन पर वसूली और हत्या की धमकी देता था।

> यह तो अकाट्य सत्य है कि जिसका जन्म हुआ है, उसकी मृत्यु होगी और जिसकी मृत्यु होगी, उसका पुनर्जन्म भी होगा। हां, मृत्यु अपने निर्धारित समय पर होती है अथवा अकारण, यह अहम विषय है। अपनी पौराणिक कथाओं के आधार पर यदि विचार करें तो मान्यता यह है कि जो अपनी निर्धारित आयु से पूर्व मरता है, उसे ईश्वर भी स्वीकार नहीं करते। उसकी आत्मा भटकती रहती है। वैसे, आज के वैज्ञानिक काल में इसकी कोई मान्यता नहीं है तथा यह माना जाता है कि जिसने जैसा कर्म किया था, उसे उसी प्रकार का फल मिला। मृत्यु सबकी होती है, चाहे वह संत हों या दुर्दांत अपराधी, लेकिन उनके लिए ऊपर एक पूर्व निर्धारित मार्ग है।

## कुछ अलग

# प्रकाश की गौरवगाथा है ब्रह्माण्ड

**तैत्तिरीय** उपनिषद में लिखा हैः यह ब्रह्मांड, वास्तव में, प्रारम्भ में कुछ भी नहीं था। न स्वर्ग था, न पृथ्वी, न वातावरण। यह जीव, जो पूरी तरह से गैर-अस्तित्व था, ने एक इच्छा की कल्पना कीः 'मैं हो सकता हूं।' ब्रह्मांड, वास्तव में, ल्यूमेनोस्फीयर या फोटोस्फीयर है, अर्थात प्रकाश का घर, या प्रकाशालय। करोड़ों (संभवतः अरबों) आकाशगंगाओं में प्रत्येक में अरबों सितारे हैं, सभी अनंत सीमाओं में अपने प्रकाश को उड़ेलते-उलीचते-बिखेरते। ब्रह्मांड प्रकाश की रचनात्मकता का रौचकताओं से भरा एक 'उत्पाद' है। प्रकाश परिमित सीमाओं में नहीं रह सकता। इसलिए, उसने अपने लिए विराटतम घर बनायाः असीमित सीमाओं वाला ब्रह्माण्ड। पृथ्वी ग्रह सौर परिवार का अब तक ज्ञात एकमात्र जीवित सदस्य है जो पूरे परिवार के संतुलन में योगदान देता है। यह प्रकाश ही है जो पूरे सौर परिवार को एकजुट और एकीकृत रखता है। सौरमंडल में अपने मूल स्रोत सूर्य से उत्सर्जित होकर प्रकाश अपनी रचनात्मक यात्रा करता है और ब्रह्मांड को विकासवादी पथ पर स्थापित करने के लिए वह सब करता है जो उसे करने की आवश्यकता होती है। इसे जो कुछ भी करना पसंद है और जो कुछ भी करना है, यह सब इसकी विकासोन्मुख रचनात्मकता का एक गुण है। प्रकाश कभी स्थिर नहीं होता, कभी सुस्त नहीं होता, कभी निष्क्रिय नहीं होता, कभी धीमा नहीं होता, कभी विश्राम में नहीं होता। यह अनवरत क्रियाशील रहता है। यह सबसे तेज गति से यात्रा करता है। प्रकाश से तेज गति से कोई यात्रा नहीं कर सकता। यह सदैव क्रियाशील रहता है। यह सदैव सृजनात्मक रहता है। प्रकाश से अधिक गतिशील कुछ भी नहीं हो सकता। प्रकाश अंतरिक्ष में तरंगों के रूप में यात्रा करता है। लेकिन जब यह किसी ग्रह से टकराता है, तो यह अपने फोटोन कणों के माध्यम से क्रिया करके अपना व्यवहार बदल देता है। फोटॉन अपनी ऊर्जा को पदार्थ में स्थानांतरित करते हैं। प्रकाश की ऊर्जा से आवेशित पदार्थ में परिवर्तन होता है। कोई भी कुछ भी प्रकाश से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता। प्रकाश के संपर्क में आने पर कुछ भी शांत, निष्क्रिय और अपरिवर्तित नहीं रह सकता। ब्रह्मांड प्रकाश की रचनात्मकता के लिए एक घर प्रदान करता है। प्रकाश अपने घर को अपनी ऊर्जा से भर देता है और उसे एक करिश्माई क्रम में संचालित रखता है जो एक आश्चर्यजनक संतुलन प्रदान करता है। संपूर्ण ब्रह्माण्ड प्रकाश द्वारा प्रलोभित है। ब्रह्मांड में प्रकाश ही सबकुछ रचता है। ब्रह्मांड का नियम कहता है कि कुछ भी अपरिवर्तित नहीं रहना चाहिए। ब्रह्मांड के लिए जो प्रकाश से आवेशित है, गतिशील रहता है। परिवर्तन ब्रह्मांड का नियम है। प्रकाशालय में परिवर्तन कभी भी बेतरतीब नहीं होता है। यह विकासोन्मुखी (ऐवोलुशनरी) होता है। इस परिवर्तन में एक लय होती है, एक क्रम होता है, एक संगीतात्मकता होती है। सब कुछ स्वयं को नवीनीकृत करता है, क्योंकि नवीनीकरण ब्रह्मांड का एक विधान है। नवीकरणीयता ब्रह्मांड के नियमों में से एक है, क्योंकि ब्रह्मांड प्रकाशालय है। प्रकाश से दमकता ब्रह्मांड निरंतर अपनी रचनात्मक यात्रा करता रहता है और ब्रह्मांड में सब कुछ – इसके आकाशीय पिंडों, ग्रहों, चंद्रमाओं और उल्कापिंडों में सबकुछ – अनिवार्य रूप से रहस्यभरी रचनात्मकता की इस यात्रा में भाग लेता है। सार्वभौमिक रचनात्मकता की अपनी भव्य यात्रा में प्रकाश ने ब्रह्मांडीय पदार्थ को जीवन-प्रक्रियाओं में रूपांतरित कर जैवमंडल का निर्माण किया। जैवमंडल में प्रकाश की असाधारण भूमिका होती है। प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से यह जीवन चक्र रचता है और जीव-धाराओं में प्रवाहित होता है। यह विशाल, अथाह और अद्भुत जैव विविधता बनाता है। यह अपनी रचनात्मकता के सभी रंगों को सभी जीवित प्रजातियों में, उनकी रज में, विविध परिदृश्यों में फैले विविध पारिस्थितिक तंत्रों में, जल में, भूमि पर, मिट्टी में और वातावरण में फैलाता है। इस तरह संपूर्ण जीवमंडल, स्थलमंडल, जलमंडल और वायुमंडल के कुछ हिस्सों को शामिल करता है और ऐसा करने में जीवन की महान विविधता के साथ खिलता है और प्रकाश की जीवंत ऊर्जा के साथ प्रतिध्वनित होता है।

## नागरिक बोध

# देश मे सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला जारी

**देश** मे दिल दहलाने वाली घटनाओ से रोंगटे खड़े हो जाते है।इन दुर्घटाओ के पीछे तेज रफ्तार वाहन चलाने की वजह स्पस्ट है। रास्ट्रीय राजमार्ग बनने के साथ घटनाए भी बढ़ रही है। एनसीआरबी की रिपोर्ट में डेढ़ लाख से अधिक लोगो की मौत दुर्घटनाओं में होती है। सड़क सुरक्षा जैसे आयोजनों सड़क दुर्घटाओ को रोकने में नाकाम सिद्ध होते है। इसके पीछे शराब पी कर वाहन चलाना और दूसरा कारण तेज रफ्तार से वाहन चलाने की वजह कारणभूत है। मार्ग दुर्घटनाओं में मरने वालो की संख्या बढ़ना गंभीर बाबत है। हररोज देश मे सैकड़ो दुर्घटनाएं होती है। उसमें चोट लगना या मौते होती है। यातायात नियमो की अनदेखी, गलत और उल्टी दिशा में तेज रफ्तार से वाहन चलाने के कारण, अतिक्रमण और सड़कों की खराब डिजाइन के कारण भी हादसे बढ़ते जा रहे है। परिवार का परिवार साफ हो जाता है। यह देश के लिए गंभीर चिंता का विषय है। गड्ढा मुक्त सड़को का संकल्प महज नारा बनकर रह गया है।देश मे छोटी सड़को की हालत खराब होने से सड़को पर कंक्रीट बिखरा मिलता है। उस सड़क निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग की जाती है। ये वे सड़क होती है जिनकी उम्र साल या डेढ़ साल ही होती है। उसके बाद जर्जरित होती है। प्रधानमंत्री सड़क निर्माण में एक बार सड़क बनाई जाती है। डेढ़ साल में सड़क की खस्ताहाल हालात होने के बाद साढ़े तीन साल तक कंक्रीट पर वाहन चलाते है। उस मे घटना हो जाती है। हालांकि जिन सड़को के रखरखाव की जिम्मेदारी होती है। उस पर घटनाए कम होती है।सड़को की लंबाई की हिस्सेदारी वाले रास्ट्रीय राज्यमार्ग में35 प्रतिशत दुर्घटनाएं होती है। केंद्र ,राज्य सरकारों के साथ साथ यातायात पुलिस को सतर्कता दिखाने होगी। तेज रफ्तार वाहन चालकों की गति मर्यादा के बाद कोई पाया जाता है तो उस पर दण्डात्मक कार्रवाई की जानी चाहिए। सड़को पर दुर्घटना बहुल क्षेत्र की पहचान होने के बाद सरकार और यातायात पुलिस को सतर्क रहने की आवश्यकता है। देश मे हररोज दुर्घटना होने के बाद कोई गंभीर नही है। इन दुर्घटनाओं को रोकने या कम करने के लिए सरकार युक्तियुक्त नियमो की पालना के आदेश जारी करने चाहिए। हादसों को रोकने के उपायों का ईमानदारी से पालना होनी चाहिए। हादसों में परिवार का कमाऊ सदस्य चला जाता है। जिससे परिवार गभीर संकट में गिर जाता है। परिवार, समाज और राष्ट्र की भारी क्षति है। इससे राष्ट्र प्रभावित होता है। जयपुर में एक दुर्घटना में तीन युवतियों की मौत हो गई।तीनो अच्छी मित्र थी। जयपुर अजमेर हाईवे की दुर्घटना दिल दहलाने वाली है। अल्ट्रो कार पर ट्रक पलटने से आठ लोगो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।इस तरह की दुर्घटना हररोज सैकड़ो होती है। जिसमे परिवार उजड़ जाते है। सरकार को इस पर गंभीर होने की जरूरत है।

# डीसी अबु इमरान ने समर अभियान का किया शुभारंभ

**➲121 कुपोषित बच्चों के बीच फूड बास्केट का किया वितरण**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान के निर्देश पर कुपोषण उपचार परियोजना के तहत समर अभियान का शुभारंभ किया। इसके तहत चिन्हित कुपोषित बच्चें जिसे एम टी सी नहीं भेजा जा सकता है वैसे बच्चे जो स्पेशल ट्रीटमेंट सेंटर भेजा जाता है। इस योजना के तहत जेएसएलपीएस के सखी मंडल के द्वारा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक पोषण युक्त अतिरिक्त भोजन मुहैया कराया जाएगा। इस कार्यक्रम के आज पहले दिन उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा प्रखंड क्षेत्र के सेहदा आंगनवाड़ी केंद्र पहुंच 121 बच्चों के बीच पोषण तत्व से भरपूर फूड पैकेट का वितरण कर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा बच्चों के मस्तिष्क का अधिक विकास कम उम्र में ही हो जाता है और यदि इस बढ़ती उम्र में बच्चों को सही गुणवत्ता युक्त भोजन मुहैया न कराया जाएगा तो बच्चों का बौद्धिक विकास सम्भव नहीं है। साथ ही उपायुक्त द्वारा बताया गया कि महिलाओं के लिए गर्भावस्था अवधि से सुनहरे 1000 दिन अतिमहत्वपूर्ण है, चुँकि इस अवधि में ही बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। इस अवधि में माताओं को पोषण युक्त भोजन पर विशेष ध्यान देना अति आवश्यक है।जिलें में कुपोषण उपचार परियोजना की शुरुआत जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट से की गयी है। जिसके तहत प्रखण्ड स्तर पर आहार विशेषज्ञ की नियुक्ति की गयी, जो आंगनबाड़ी स्तर पर कुपोषित बच्चों को चिन्हित करेंगी एवं चिन्हित बच्चों को जेएसएलपीएस के सखी मंडल के द्वारा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर आवश्यक पोषण युक्त भोजन मुहैया कराया जाएगा। भोजन को आंगनबाड़ी की सेविका, सहायिका के द्वारा तैयार कर संबंधित चिन्हित कुपोषित बच्चों को उपलब्ध करायी जाएगी। जिला प्रशासन की इस पहल से कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के दिशा में एक अनूठा प्रयास है एवं यह कार्यक्रम भविष्य में एक मील का पत्थर साबित होगा। सेहदा आंगनवाड़ी केंद्र में फूड बास्केट वितरण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनी कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी चतरा गणेश रजक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## भगवान शिव का हुई प्राण प्रतिष्ठा कराया गया नगर भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर प्रखंड के धर्मपुर स्थित आंगनबाड़ी के समीप नवनिर्मित शिव मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ ब्राह्मणों के सानिध्य में विधि विधान के साथ पूजन पाठ आयोजित किया गया। पूजन अर्चना के बाद श्रद्धालुओं ने भगवान को नगर भ्रमण करवाया। जिसके बाद वैदिक रीति रिवाज से भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। ज्ञात हो कि उर्मिला मिश्रा के द्वारा मंदिर का निर्माण निजी कोष से कराया गया है। जिसका शिलान्यास 10 फरवरी 2021 को किया गया था। तथा सोमवार को कलश यात्रा निकाली गई, कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से निकलकर पंम्पुकल स्थित औरंगा नदी घाट गया फिर उसके बाद वापस मंदिर में आकर संपन्न हुआ। 9 मई दिन मंगलवार को नगर भ्रमण किया गया एवं 10 मई को प्राण प्रतिष्ठा, अभिषेक और हवन के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने शहर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुंचने और प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। इधर उनके सराहनीय कार्य के लिए जिले के कई वरिष्ठ लोगों ने बधाई दी है।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में पेयजल व स्वच्छता विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई संपन्न



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त भोर सिंह यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा जिले में जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए सभी कार्यों को गुणवता पूर्वक किए जाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया गया। उपायुक्त द्वारा जिले में जल जीवन मिशन के तहत कार्य कर रहे सभी संवेदकों को कार्य में गुणवता एवं कार्य को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्य पूर्ण करने के पश्चात ग्राम सभा करने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता आदि उपस्थित थे।

## मगध कोल परियोजना में कन्वेयर बेल्ट का उद्घाटन

**बालूमाथ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ प्रखंड के चमातू ग्राम में सीसीएल द्वारा संचालित एशिया महादेश का सबसे बड़ा मगध कोल परियोजना में लातेहार एसडीएम शेखर कुमार, बालूमाथ अंचलाधिकारी आफताब आलम, एनटीपीसी के पदाधिकारी खान साहब, बालूमाथ प्रखंड के उप प्रमुख कामेश्वर राम ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ कर एवं विधि वक्त पूजा अर्चना कर मंत्रोच्चारण के साथ कन्वेयर बेल्ट का उद्घाटन किया गया। इस संबंध में एनटीपीसी के पदाधिकारी खान साहब ने बताया कि कन्वेयर बेल्ट लगने से कोयला एनटीपीसी व कोयला साइडिंग में आसानी से पहुचाया जाएगा। ट्रांसपोर्टिंग से कोयला पहुचाने से ग्रामीण धूल कण एवं सड़क दुर्घटना का शिकार हो जाते है ।कन्वेयर बेल्ट से कोयला ले जाने से कंपनी व पावर प्लांट को कोयला सस्ते दामों में मिलेगी। जिससे लोगों को बिजली किफायती दरों में मिल सकेगी। वही लातेहार एसडीएम शेखर कुमार ने कहा कि कन्वेयर बेल्ट लगने से कोलियरी क्षेत्र के आसपास विस्थापित व प्रभावित लोगों को प्रदूषण से मुक्ति मिलेगी। एवं कई लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस मौके पर ग्रामीण शेम्भू साव, शिबू साव, खेमलाल गंझू, रूपलाल गंझू, राजेन्द्र प्रसाद, बिसेसर साव केदार साव, संतोष साव समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

# अंचल में फैले भ्रष्टाचार को लेकर आजसू करेगी तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** 9 मई दिन मंगलवार को आजसु पार्टी जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय की अध्यक्षता में विभिन्न प्रखंडों से मुख्य रूप से लातेहार प्रखंड के रैयतों के साथ बैठक हुई। जिसमें पिछले महीने हुए धरना प्रदर्शन को लेकर चर्चा हुई रैयतों ने जिलाध्यक्ष से कहा की हमारी कोई मांगे पूरी नहीं हुई उल्टा भूमाफियाओ के द्वारा कहा जा रहा है जहाँ जाना है जाओ काम नहीं होगा सरकार हमारे साथ है। इन्ही चर्चाओ के बीच निर्णय लिया गया कि आगामी 5 जून से तीन दिवसीय धरना का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 5 जून को लातेहार बाजारटांड़ से विशाल जनाक्रोश रैली निकालेगी और समाहरणालय परिसर पहुंचेगी और उसी स्थल पे 5, 6, 7 जून 3 दिनों तक अंचल में फैले भ्रष्टाचार को दूर करने के लिए धरना दिया जाएगा एवं उपायुक्त के माध्यम से मुख्य सचिव को आवेदन दे कार्रवाई कि मांग कि जाएगी। रैयत संजय तिवारी ने कहा लातेहार अंचलाधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं उन्हें सरकार तत्काल बर्खास्त करें और उनके कार्यकाल में जितने भी कार्य हुए हैं उनकी जांच की जाए तभी रैयतों को न्याय मिल सकेगा। dvc में सैकड़ों एकड़ जमीन को फर्जी कागजात के माध्यम से गोलमाल किया गया है। कल से रोज सैकड़ों आवेदन लातेहार अंचलाधिकारी की संपत्ति की जांच एवं उनके भ्रष्टाचार पर कार्रवाई को लेकर ईडी को पोस्ट के माध्यम से भेजा जाएगा। विभिन्न वक्ताओं ने अपनी बातों को रखा और सर्वसम्मति से कार्यक्रम प्रभारी श्रवण पासवान एवं सह प्रभारी संजय तिवारी एवं प्रीतम गुप्ता और जैनुल अहमद को संरक्षक बनाया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष अमित पांडे, जिला उपाध्यक्ष सरवन पासवान, संजय तिवारी, प्रीतम गुप्ता, राहुल दुबे, जैनुल अहमद, अनुज प्रसाद, सकेन्द्र भुईयां, बुटन भुईयां, इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

# बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने किया सीएसपी का उद्घाटन लोगों को मिलेगी बड़ी राहत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मयूरहंड :** मयूरहंड प्रखंड के करमा पंचायत अंतर्गत ढोढ़ी स्थित बालाजी चौक में सोमवार की शाम करीब 6:00 बैंक ऑफ इंडिया शहरजाम शाखा के मैनेजर उमेश कुमार और चतरा जिला सीएससी प्रबंधक अमित कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी शाखा का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया। शाखा प्रबंधक ने प्रभात मंत्र से बातचीत करते हुए कहा कि ढोढ़ी में बैंक ऑफ इंडिया का सीएसपी खुलने से कम से कम तीन पंचायतों करमा, मझगावां और सोकी के लोगों को अब सीधा लाभ मिलेगा। शाखा प्रबंधक ने बताया कि मुख्य शाखा में ग्राहकों को जो सुविधा दी जाती है वही सुविधा अब ढोढ़ी स्थित सीएसपी शाखा में ग्राहकों को दी जाएगी। वही सीएससी के चतरा जिला प्रबंधक अमित कुमार सिन्हा ने प्रभात मंत्र पर अपनी राय को रखते हुए कहा कि आज के दौर में साइबर क्राइम चरम पर है और वे बैंकों के अधिकारियों का नाम लेकर लोगों को ठगते हैं। सीएसपी प्रबंधक ने कहा कि बैंकों के अधिकारियों के द्वारा कभी भी किसी भी ग्राहक से किसी भी तरह की जानकारी नहीं पूछी जाती है।किसी भी फोन कॉल झांसे में ना आएं और इसकी जानकारी स्थानीय थाना के साथ-साथ बैंक को इस घटना से संबंधित जानकारी दें ताकि समय रहते साइबर क्राइम को रोका जा सके। ज्ञात हो कि ढोढी में सीएसपी केंद्र खोले जाने पर एक तरफ जहां स्थानीय दुकानदारों को जोर का झटका लगा है वहीं अब ग्राहकों के पैकेट पर किसी भी तरह की शुल्क का भार नहीं बैठेगा और अब यहां से जो भी पैसे की निकासी करेंगे उन्हें अलग से किसी भी तरह का शुल्क देना नहीं पड़ेगा। वहीं आपको बता दें कि एप्स के जरिए पैसे निकालने वाले दुकानदारों के पास जाएंगे तो आपको अलग से शुल्क देने होंगे।

## डीएसओ सलमान जफर खिजरी ने जनता दरबार के माध्यम से सुनी आमजनों की समस्याएं



**चतरा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी द्वारा जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी गई। जनता दरबार में मुख्य रूप से तालाब निर्माण संबंधित, भूमि संबंधित मामले, मनरेगा के अंतर्गत भुगतान संबंधित, आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने से संबंधित मामले समेत अन्य मामले शामिल थे। गौरतलब है कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार और शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 30 महिलाएं का एएनसी किया गया जांच



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनसी मंगलवार 9 मई को 30 महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच किया गया। जांच कर रही अनीशा चेन्नई, रिंकू कुमारी, बिमला देवी, नीलू कुमारी सभी स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम व नर्स महिलाओं का जांच बारी-बारी से किया। एवं मुफ्त दवाई दी गई। साथ ही साथ जांच करवा रही महिलाओं का नाश्ता का भी प्रबंध हॉस्पिटल से करवाया गया। मौके पर उपस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मी बीरेंद्र दांगी संतोष कुमार विजय कुमार अनिल कुमार दांगी खीरु यादव एवं दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी। बताते चलें कि एनीमिया जांच के लिए किरकिरा आंगनबाड़ी केंद्र में शिविर लगाया गया था। जहां कुल 75 महिलाओं का जांच किया गया। एवं आयरन की गोलियां दी गई। मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका शाहीन परवीन सहिया मरजीना खातून एनएमएन नीलू कुमारी के साथ जांच करवा रही सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

# 13 साल की काजल ने कुएं में लगाई छलांग 3 वर्ष के बालक को बचा बनी आईकॉन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**म्युरहंड :** थाना क्षेत्र के हुसिया में मंगलवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया इस घटना ने एक 13 वर्षीय लड़की को लोगों ने देखते ही देखते अपना आइकॉन बना लिया।हर तरफ इस लड़की की तारीफ गूंजने लगी। दरअसल मंगलवार की सुबह खुशियां के योगेश दांगी का 3 वर्षीय पुत्र घर के पास बनी हुई कुएं में गिर गया इस गिरते हुए बच्चे पर कुछ दूरी पर खडी पच्चन भुईयां की 13 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी दौड़कर कुए के पास आइए और अपनी जान को जोखिम में डालकर कुएं में छलांग लगा दी इस घटना में 3 वर्ष के बालक को तो काजल ने बचा लिया लेकिन काजल गंभीर रूप से जख्मी हो गई। और फिर क्या था देखते ही देखते काजल की हर तरफ तारीफ होने लगी और जख्मी काजल के इलाज के लिए कई लोग आगे आए अगर कोई नहीं आया तो पंचायत का मुखिया नरेश भुईयां, मयंक प्रखंड भुइया संघ के अध्यक्ष सदाफल निवासी सदानंद भुईयां घटनास्थल पर पहुंचकर बच्ची को झांसी की रानी का नाम दिया और इनकी इलाज के लिए स्वजातीय समाज की ओर से कुछ सहयोग राशि भी दिया।घायल काजल की प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद हजारीबाग मेडिकल कॉलेज ले जाया गया अब बच्ची की जान खतरे से बाहर बताई जा रही है।वहीं इस घटना से मर्माहित हुए मझगावां पंचायत के युवा मुखिया मनजीत सिंह बच्ची के घर पहुंच कर कुछ सहयोग राशि दिया और आगे के इलाज के लिए हर संभव मदद का भरोसा दिया।

## अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन कुल 5 मामले आए, एक का हुआ निष्पादन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड परिसर के अंतर्गत अंचल ऑफिस में मंगलवार 9 मई को अंचल कोर्ट का आयोजन अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के द्वारा किया गया। जहां प्रखंड से कुल 5 मामले आए। उसमें एक का निष्पादन तुरंत किया गया। निष्पादन किया गया मामला प्रमोद यादव एवं मुकेश यादव गांगपुर गांव निवासी का है। जो आपसी जमीनी विवाद चल रहा था। वही छोटन गंझू शुकर ठाकुर बारीयातु गांव का मामला चल रहा है। नागेश्वर रजक एवं भेखलाल महतो मारूंगी गांव निवासी, अनिल बांडू एवं फोदारी सिंह व अन्य लोग बांय गांव, तथा राम रोहन बैठा व जितेंद्र नाथ दांगी व अन्य लोग मारंगी का मामला लमबीत चल रहा है।

## समय से नहीं पहुंचने वाले स्वास्थ्य कर्मी का हाजिरी प्रभारी ने काटा

**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार 9 मई के सुबह 10:00 स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी सुमित कुमार जायसवाल पहुंच गए। उस समय तक कोई कमी नहीं पहुंचे थे। जिससे नाराज हो प्रभारी ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों का हाजिरी रजिस्टर में हाजिरी काट दी गई। एवं फोन कर करके सभी को जमकर फटकार लगाया। हालांकि कुछ देर बाद सभी कर्मी हॉस्पिटल में उपस्थित हुए एवं अपने अपने कार्यों में लग गए।

**काले हीरे की चमक ने छीनी चतरा के लोगों की मुस्कुराहट, विकास के नाम पर धूल फांक रहे लोग**

# सभी कोल कम्पनियों के लिए प्रदूषण के मानक है निर्धारित, नियमों का पालन नहीं करने वालों पर होगी कार्रवाई : डीसी

**संतोष कुमार @ प्रभात मंत्र**




**चतरा :** कोयला अर्थात काला हीरा जिससे बड़े बड़े शहरों की चकाचौंध बढ़ती है और बड़ी बड़ी फैक्ट्रियां चलती है। लेकिन जिस जमीन से कोयला निकलता है उस क्षेत्र के लोगों का जीवन कोयले के धुंध और कोल वाहनों से उड़ती धुंआ ने पूरी तरह से बदरंग कर दिया है।काला हीरा कहा जाने वाला कोयला भले ही सरकार और निजी कंपनियों के लिए बेशकीमती और उसकी जरूरत हो लेकिन चतरा के लोगों के लिए यही काला हीरा अभिशाप बन गया है। कोल वाहनो से होने वाली दुर्घटनाओं में निरंतर बुझती घरों के चिराग और उड़ते धूलकण ने यहां के लोगों की मुस्कुराहट छीन ली है। जिस परियोजना से सरकार को हर महीने करोड़ों रुपए का मुनाफा होता है वहां के लोग महज धूल फांकने को मजबूर है। सीसीएल की आम्रपाली मगध, अशोका, पिपरवार परियोजना से प्रत्येक दिन ट्रक और हाइवा के अलावा ट्रेन से भर-भर कर सरकारी और निजी कम्पनियो की झोली मे जा रहा है,लेकिन अगर कुछ छूट जा रही है तो वह है धूल-गर्दे और उनमे लिपटी हुई ज़िन्दगी। गाड़ियो से उड़ते गर्दे और धूल से काली,गन्दी और मैली हुई फिजा इस बात का गवाह है कि किस तरह से इनके अस्तित्व के साथ मजाक किया गया है?। इससे इस बात का साफ-साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि औद्योगिक नगरी टंडवा की जिंदगी किस तरह बदरंग हो चुकी है। जिले की औद्योगिक नगरी टंडवा में 4 से अधिक पर योजनाएं संचालित है इसके अलावा यहां दो अन्य कॉल पर योजनाएं खुल रहे हैं। जिससे न सिर्फ सीसीएल को प्रतिवर्ष करोड़ों रुपए का मुनाफा मिल रहा है बल्कि उनका व्यापार भी तेजी से बढ़ रहा है। बावजूद इसके यहां निवास करने वाले लोगों के चेहरे की चमक को काले हीरे की चमक ने फीका कर दिया है। लोगों का विकास होने की वजह है उनका अब विनाश हो रहा है। उन्हें ना तो योजनाओं का लाभ मिल रहा है और ना ही कुल कंपनियां क्षेत्र का विकास कर रही है। लिहाजा एशिया की पिक्चर कुल परियोजनाओं में से कोई सरोकार नहीं है लेकिन परियोजना से प्रभावित गांव में खर्च की जाने वाली सीएसआर मद की राशि विस्थापित आप प्रभावित गांव के बजाय कहीं और खर्च की जा रही है। इसी का परिणाम है कि ग्रामीणों के हिस्से में अब तक सिर्फ बेबसी बीमारी और धूल से सनी जिंदगी ही आई है। इलाके का वातावरण इतना प्रभावित हो गया है कि लोगों को शुद्ध हवा के जगह धूल का नहीं मिलता है। जिन नदी नालों में कल कल और छल छल बहती पानी लोगों को अपनी ओर आकर्षित करती थी आज उन नदियों का अस्तित्व भी खतरे में है। नदियों में पानी की जगह काली परत बैठी हुई है। सीसीएल की सबसे बड़ी परियोजनाओं में से एक आम्रपाली कोल परियोजना से प्रभावित गांव मनवाटोंगरी, कुमरांग, शिवपुर व होन्हे सहित दर्जनो गांवो की स्थिति नर्क जैसी हो गई है। गांव से 200-250 मीटर की दूरी पर निकलता कोयला भले ही सरकार और उनके नुमाइंदों को खुशी दे रहा होगा लेकिन इन? गांवो के लोगो के लिए सिर्फ जहर उगल रहा है। माइंस से उड़ता धूलकण और ब्लास्टिंग से दरकती दिवारें इन गांवो के लोगों के लिए कभी भी यमराज बन सकती है। माय से उड़ने वाला धूलकण तो घरों की छतों पर इस कदर जमा हुआ है जैसे कि किसी ने धूल की चादर-सी बिछा दी हो।जिन जंगलों में कभी पशुओ और पक्षियों की चहचहाहट सुनाई पड़ती थी और जिन पेड़ों की पत्तियां कभी दोना और पत्तल बनाने के काम में आती थी आज उन जंगलों में ना तो पशु और पक्षियों की चहचहाहट है और ना ही पेड़ों की पत्तियां दोना और पत्तल बनाने लायक है।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड**
**कार्यालय कृत्रिम प्रजनन पदाधिकारी, फ्रोजेन सीमेन बैंक, राँची –सह–**
**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए०, होटवार, राँची**

**पशुपालकों हेतु आम सूचना**

**मादा बाछियों की उत्पत्ति हेतु लिंग परिष्कृत वीर्य (Sex Sorted Semen) से कृत्रिम गर्भाधान सेवा**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड अन्तर्गत झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी, होटवार, राँची के द्वारा आपके पंचायत में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। केन्द्रीय योजना राष्ट्रीय गोकुल मिशन अन्तर्गत लिंग परिष्कृत वीर्य से त्वरित नस्ल सुधार (Accelerated Breed Improvement Programme using Sex Sorted Semen under RGM) में राज्य के सभी जिलों के गाय एवं भैंस का उच्च गुणवत्तायुक्त लिंग परिष्कृत वीर्य से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा सभी पशुपालकों को उपलब्ध कराया जाना है। ज्ञात हो कि सामान्य वीर्य से उत्पन्न वत्स में मादा एवं नर पशुओं को औसत 50:50 प्रतिशत होता है, जबकि लिंग परिष्कृत वीर्य (Sex Sorted Semen) से उत्पन्न वत्स में मादा एवं नर पशुओं का औसत 90:10 प्रतिशत होता है, जिससे 40% अधिक मादा पशुओं की उत्पत्ति होती है। लिंग परिष्कृत वीर्य से सुनिश्चित गर्भधारण हेतु आप के साथ एकरारनामा किया जायेगा।

**ध्यान योग्य बातें :–**

1. पशुपालक द्वारा प्रतिवर्ष प्रति पशु रुपये 500/– प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक पशु को उच्च गुणवता युक्त लिंग परिष्कृत वीर्य से सुनिश्चित गर्भधारण हेतु अधिकतम दो बार कृत्रिम गर्भाधान किया जा सकेगा। कृत्रिम गर्भाधान, गर्भ जाँच एवं वत्स उत्पत्ति हेतु कोई अतिरिक्त शुल्क देय नहीं है।
2. दो बार कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् भी पशु गर्भित न हो, तो एकरारनामा की सम्पूर्ण राशि (रुपये 500/–) पशुपालक को वापस कर दी जायेगी।
3. यदि नर वत्स की उत्पत्ति होती है, तो रुपये 500/– में से आधी राशि अर्थात रुपये 250/– पशुपालक को वापस कर दी जायेगी।
4. उक्त कार्यक्रम हेतु 1st से 3rd ब्यान की सामान्य ऋतु चक्रीय मादा (Normal Cyclic Bovines) जिनकी प्रजनन क्षमता अच्छी हो, का चयन किया जायेगा। किसी प्रकार की बांझपन आदि समस्या हेतु स्थानीय पशुचिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सहायता प्रदान की जायेगी।
5. यदि पशु पूर्व से चिन्हितीकरण एवं निबंधन किया हुआ न हो, तो सभी पशुओं को 12 अंको वाले UID Tag (टैग) से चिन्हितीकरण एवं INAPH में निःशुल्क निबंधन किया जायेगा। टैग से अनेक लाभ हैं, अतएव आप अपने पशुओं का टैगिंग अवश्य करवायें।
6. कृत्रिम गर्भाधान के पश्चात् प्रयुक्त सीमेन स्ट्रॉ को कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता से प्राप्त कर सुरक्षित रखें।

अतः सभी पशुपालक भाईयों/बहनो से निवेदन है कि इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठावें, ताकि राज्य में अधिकाधिक उच्च गुणवता युक्त बाछियों का उत्पादन कर त्वरित नस्ल सुधार किया जा सके। विशेष जानकारी हेतु अपने निकटतम पशुचिकित्सा पदाधिकारी/जिला पशुपालन पदाधिकारी/ स्टेट नोडल पदाधिकारी, जे०एस०आई०ए० से सम्पर्क करें।

निवेदक
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जे०एस०आई०ए०, राँची।
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड

PR 296888 Animal Husbandry(23-24)#D

## संक्षिप्त खबरें

### राणी सती मंदिर में स्थापना दिवस महोत्सव के दूसरे दिन भव्य मंगल पाठ का हुआ आयोजन

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के मालवीय मार्ग स्थित राणी सती मंदिर के 25 वर्ष संपन्न पर तीन दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन अग्रसेन भवन में भव्य मंगल पाठ का आयोजन किया गया जिसमें



कई महिलाओं ने दादी का मंगल पाठ किया मंदिर के प्रधान पुजारी शशीकांत मिश्रा ने यजमान स्वरूप विजय शर्मा एवं उनके परिवार जनों को पूजा अर्चना करवा कर मंगल पाठ विधिवत रूप से प्रारंभ करवाया। जिसके पश्चात गणेश वंदना की गई। रानीगंज से आई सुप्रसिद्ध भजन गायिका स्वेता रुनझुन एवं उनकी सहयोगी सुरजीत अरोरा के द्वारा राणी सती दादी की जन्म से लेकर विदाई तक की भजन प्रस्तुत की गई। भजन गायिका ने अपने भजनों में यह तेरा दरबार सजाया तेरे को बुलाने के लिए दादी जी, दादी चली पाठशाला,हो जाओ तैयार मंगल मे आने के लिया..... जैसे अनेकों भजनों पर भजन गायिका ने दादी भक्तों को झुमाया। मंगल पाठ के दौरान दादी जी का भव्य जन्म उत्सव, नारायणी चली पाठशाला मे छोटे बच्चों के द्वारा आनंदमय प्रस्तुति दी गई, दादी जी का हल्दी उत्सव, मेहंदी उत्सव मनमोहक नृत्य के द्वारा प्रस्तुत किया गया, पाठ के दौरान दादी जी की बेटियों के द्वारा दादी को रिझाने के लिए दादी थे तो आकर ओढी ए बेटिया लाई थारी चूनरी, गजरा उत्सव में दादी की बेटियों ने दादी को रिझाने के लिए आओ जी आओ मिलकर पहनावा दादी जी ने फूलों से गजरो पर प्रस्तुति दी। जैसे अनेकों पाठ के दौरान उत्सव मनाई गई। मंगल पाठ के दौरान दादी का भव्य ज्योति भी लिया गया। सभी महिलाएं राजस्थानी परिधान में पाठ में सम्मिलित हुई। पाठ के दौरान जय दादी की जय कारों की गूंज गूंजती रही दादी की जन्म के वक्त तमाम महिलाओं के बीच टॉफी,मेवे का वितरण किया गया। तो वही दादी की विदाई के वक्त सुहाग पिटारी का वितरण किया गया। यहां तेरा दरबार सजाया तेरे को बुलाने के लिए दादी जी सहित कई भजनों पर दादी भक्तों ने जमकर झूमा। अंत में दादी का भव्य आरती के साथ पाठ समापन हुआ। तत्पश्चात सभी दादी भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप पूड़ी, खीर,बुंदिया का भोग वितरण किया गया। मौके पर दादी भक्तों ने कहा की दादी की असीम कृपा से स्थापना दिवस महोत्सव का दूसरा दिन भी ऐतिहासिक रूप से संपन्न हुआ तो वहीं तीसरे दिन राणी सती दादी की भव्य पूजा अर्चना के बाद देर शाम भव्य महा आरती के पश्चात तीन दिवसीय स्थापना दिवस महोत्सव संपन्न होगा।

### नगर निगम की समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** नगर आयुक्त ने नगर निगम हजारीबाग के सभी कोषांगों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। नक्शा विभाग को शहर में बन रहे अवैध निर्माण की जांच करने तथा उस पर कार्यवाही करने का आदेश दिया गया। नगर आयुक्त ने



वार्डवार होलडिंग टैक्स तथा ट्रेड लाइसेंस की जांच करने हेतु टीम गठित करने का आदेश दिया।जन्म मृत्यु शाखा को ससमय आवेदनों का निष्पादन करने को कहा गया ,इस हेतु विस्तृत रिकॉर्ड लिखने का आदेश दिया गया, ताकि आवेदक को परेशानी उठानी न पड़े। पी जी एम एस तथा अन्य पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को त्वरित निस्पादन करने का आदेश दिया गया। नगर आयुक्त ने शहर की सफाई व्यवस्था को सुदृरह करने के लिए आवश्यकतानुसार अतिरिक्त पर्यवेक्षक नियुक्त करने का निदेश राजीव रंजन ,नोडल पदाधिकारी को दिया।नगर आयुक्त ने गत माह के लिये उत्कृष्ट कार्य करने पर तीन सफाई मित्रों को पुरस्कृत किया जिसमे 1000 रुपए प्रोत्साहन राशी तथा एक बैग दिया गया।ये सफाई मित्र है चंदन कुमार,संजय ठाकुर तथा आजाद अहमद।

### हनुमान प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ

**बरकट्ठा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :**प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सलैया के ग्राम बरवां में भगीरथ प्रसाद मंडल एंव गायत्री देवी के द्वारा श्री श्री 108 श्री मारुति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हेतु भव्य कलशयात्रा निकाली गई । कलशयात्रा में विधायक



अमित कुमार यादव एंव पूर्व झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड अध्यक्ष सह पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी प्रसाद यादव सम्मलित हुए। कलशयात्रा में 251 कलशयात्री गाजे बाजे के साथ यग्य मंडप से कलश लेकर बरवां गांव का भ्रमण करते हुए बरसोती नदी उत्तरवाहिनी से मंत्रोचारण वा पुजा पाठ के साथ कलश में जल भरकर यज्ञ मंडप पहुंची। मौके पर प्रमुख रेणु देवी, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, मणि लाल चौधरी शिक्षक यमुना प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, शंकर प्रसाद, संतोष कुमार देव, दीपक कुमार, युगेश्वर प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, साहेब कुमार, राजदीप प्रसाद, रोहित प्रसाद, रीतलाल प्रसाद, छोटू महतो, रामलखन प्रसाद, अशोक मंडल मुख्य पुजारी विन्देश्वर पांडेय,शंकर पांडेय सहीत भारी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

# बड़कागांव में दिनदहाड़े कोल खनन कंपनी के जीएम की गोली मार कर हत्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** मंगलवार दोपहर अज्ञात अपराधियों ने एनटीपीसी चट्टी बारियतु कोल माइंस कंपनी के अधीन माइनिंग कार्य कर रहे ऋत्विक कंपनी के जीएम शरद कुमार और उनके बॉडीगार्ड पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में दोनों घायल हो गये। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान शरद कुमार की मौत हो गई। घटना करीब 12 बजे हजारीबाग बड़कागांव मेनरोड हेठगढ़ा में हुई। मंगलवार



दोपहर वह अपने बॉडीगार्ड के साथ स्कार्पियो गाड़ी में हजारीबाग से केरेडारी कार्यालय जा रहे थे। गाड़ी ड्राइवर अमरेन्द्र कुमार चला रहा था। इसी बीच बड़कागांव हेठगढ़ा के पास खराब सड़क के गड्ढे में स्कॉर्पियो की गति धीमी हो गई। जिस पर पहले से घात लगाए मोटरसाइकिल सवार अज्ञात अपराधियों ने स्कार्पियो गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गाड़ी में सवार ऋत्विक कंपनी के मैनेजर शरद कुमार को सीने में एंव बॉडीगार्ड पुलिस के जवान राजेन्द्र प्रसाद को कमर में गोली लगी। गोली लगने से दोनो लहूलुहान हो गये। आनन-फानन में इन्हें आरोग्यम अस्पताल हजारीबाग ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान कंपनी के मैनेजर शरद कुमार की मौत हो गई। हजारीबाग पुलिस कप्तान चौथे मनोज रत्न ने अस्पताल का दौरा किया और स्थिति से अवगत हुए। उन्होंने कहा के ऋत्विक कंपनी के जीएम की मृत्यु हो गई है और घायल झारखंड पुलिस के जवान की स्तिथि ठीक है। अभी इस बारे में किसी तरह की टिप्पणी करना जल्दबाजी होगी। कौन अपराधी है, उसका संबंध किस गुट से है, किस वजह से ये घटना हुई है जांच के बाद ही सारी बातें सामने आएगी। अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। घटना की सूचना मिलते ही गिरफ्तारी के लिए सभी तरफ चेकिंग अभियान शुरू हो गया है। घटना का उद्भेदन जल्द से जल्द किया जाएगा। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर एएसपी कुमार सुभाशीष व एसडीपीओ बड़कागांव अमित कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी बिनोद तिर्की, केरेडारी थाना प्रभारी एनएल तिर्की, डाडीकला ओपी प्रभारी मणिलाल सिंह एंव सशस्त्र बल के जवान घटना स्थल पर पहुंच कर स्थानीय लोगों से घटना का जायजा लिया।

## बोलेरो व कंटेनर में टक्कर दो की हुई मौत, चार घायल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ कुज्जू ओपी क्षेत्र में बोंगाबार बाईपास सड़क के पास सोमवार को देर रात बोलेरो एवं कंटेनर में जबरदस्त टक्कर हो गई। जिसमें 2 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और 4 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार बाईपास रोड पर मरम्मती का कार्य चल रहा है जिससे सड़क को वनवे कर दिया गया था। इसी दौरान बोलेरो एवं की आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बलसागरा पतरवा निवासी रूपलाल महतो 50 वर्ष एवं देवकी महतो 52 वर्ष की मौत हो गई। एवं घायल चालक दीपक महतो कृणाल कुमार राजदीप कुमार घायल हो गया। घायलों को स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। बोलेरो में सवार सभी लोग अपने गांव बलसागरा पतरवा से पैकी लगन संबंधित समारोह में आए थे लौटने के क्रम में यह घटना घटी।

## अपराधियों को प्रशासन से नहीं है डर : दिलीप दांगी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी ने संबोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ शहर में दिनदहाड़े कोहिनूर ज्वेलर्स थाना चौक स्थित में अपराधियों के द्वारा लूटपाट की घटना को अंजाम देने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि रामगढ़ जिला प्रशासन की लापरवाही का फायदा उठा रहे हैं अपराधी द्य एक तरफ सीएम के आगमन वा आवभगत में जिला प्रशासन मुस्तैद होने के बावजूद रामगढ़ थाना से महज कुछ दूर थाना चौक स्थिति कोहिनूर ज्वेलर्स में अपराधियों के द्वारा घटना को दिनदहाड़े अंजाम दी गई, यह काफी चिंता का विषय है , जिला



प्रशासन की लापरवाही साफ झलकती है अपराधियों के द्वारा लूटपाट करते हुए अंतिम लोकेशन लारी तक बताई जा रही है तो कहीं ना कहीं अपराधी कोठार ओवरब्रिज होते हुए पार होंगे वहां प्रशासन की मौजूदगी के बावजूद वहां से कैसे वह लोग भाग निकले या अभी तक पकड़ में नहीं आए हैं इससे प्रशासन की लापरवाही साफ दिखती है केवल प्रशासन ईट भट्ठा के मालिकों से बालू और चिप्स लदे ट्रैक्टर से केवल पैसा वसूलने में लगी हुई है और हेलमेट चेकिंग के नाम पर लगातार आम जनता को परेशान करते हुए पैसा वसूली कर जेब कर्म करने का काम किया जा रहा है द्य जेएमएम और कांग्रेस की सरकार में अपराधियों का मनोबल इस कदर बढ़ चुका है कि दिनदहाड़े अब रामगढ़ में डकैती की घटना और व्यापारियों पर गोलीबारी की घटना बढ़ती जा रही हैं विगत कुछ महीनों में लगातार छह घटनाएं को अंजाम अपराधियों के द्वारा दी गई है और प्रशासन यहां केवल लूटने में लगी हुई है और राज सरकार को खुश करने में लगी है उन्हें जनता की सुख-दुख से कोई लेना-देना नहीं हे ।

## सत्य की रक्षा का दायित्व सभी लोगों पर है जिसे सहज स्वीकार करना चाहिए : चंद्रप्रकाश चौधरी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** नगर परिषद क्षेत्र के मुर्रामकला स्थित मुंडा टोली शिव हनुमान मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव के शुभ अवसर पर एकदिवसीय गायत्री हवन एवं महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज़ कुमार महतो,पूर्व जीप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो,अमृतलाल मुंडा,चन्दर महतो,वार्ड पार्षद सीता देवी उपस्थित हुए।मौके पर सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि यज्ञ से



शांति मिलती है। इस दौरान उन्होंने सदाचार के मार्ग पर चलने की बात बताई। साथ ही कहा कि सत्य की रक्षा का दायित्व सभी लोगों पर है जिसे सहज स्वीकार करना चाहिए। वहीं प्रवचनकर्ता के द्वारा प्रवचन किया गया। मौके पर राजेन्द्र महतो, मनोज़ महतो,लालदेव मुंडा, भोला मुंडा,बासुदेव मुंडा,हेमंती देवी, सीमा देवी,रोमी देवी,घुजा मुंडा, निरंजन मुंडा,राजेन्द्र मुंडा आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

## टीबी रोग को लेकर दीनमठ सारथी ट्रस्ट ने जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखण्ड के जोबर पंचायत के अम्बाटांड में टीबी रोग (क्षय रोग) के लक्षण एवं उपचार के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देकर लोगों को जागरूक किया गया साथ ही लोगो को बताया गया कि सरकार के द्वारा टीबी रोग की जांच एवं उपचार निशुल्क है सरकार की इस टीबी रोग उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा बन कर स्वास्थ्य सुविधा का



लाभ लें।इस दौरान दीनमठ सारथी ट्रस्ट के सुरेश राम ने कहा कि हम सब का लक्ष्य है कि प्रखंड को टीबी रोग मुक्त बनाना है।वही मौके पर रूपेंद्र महतो ने कहा कि संस्था के द्वारा टीबी रोग उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है साथ ही जांच कराने दवाई दिलाने में भी हर संभव मदद सरकार के साथ संस्था भी करेगी।

# पंसस की बैठक में बंद पड़े जलापूर्ति योजनाओं का मुद्दा गरमाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन में पंचायत समितियों की बैठक हुई,बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख जैबुन निशा ने तथा संचालन बीडीओ संजय कुमार कोंगारी ने किया। बैठक में विष्णुगढ़ प्रखंड में पानी की किल्लत को देखते हुए बंद पड़े जलापूर्ति योजनाओं को चालू करने का मुद्दा गरमाया रहा। खराब पड़े सभी चापानल मरम्मत कर अविलंब चालू करने की मांग की गई। प्रधानमंत्री आवास योजना तथा अंबेडकर आवास योजना के अंतर्गत लंबित आवासों को अविलंब पूर्ण करने की मांग की गई। विष्णुगढ़ स्वास्थ्य चिकित्सा केंद्र में डीएमएफटी से एंबुलेंस खरीदने तथा एंबुलेंस सेड बनाने की बात कहीं गई। डीलरों के द्वारा ग्रीन कार्ड धारियों को दिए जाने वाले



अनाज वितरण जन प्रतिनिधियों को शामिल कराने की मांग की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि आगामी दो वर्षों में मनरेगा से बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना से प्रखंड में लगभग 400 कूपों का निर्माण जाएगा तथा अंबेडकर आवास योजना के तहत 47 आवास बनाया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों को नए भवन में प्रवेश कराने तथा पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण करने की मांग की गई। विद्यालय में शिक्षकों का समय पर नहीं पहुंचने की बात कही गई। जन वितरण प्रणाली की दुकान स्तर पर गठित निगरानी समिति की नियमित बैठक कराने का सुझाव दिया गया। प्रखंड में जर्जर 11,000 लाइन का बिजली तार बदलने तथा बिजली व्यवस्था सुदृढ़ करने का पर चर्चा में बल दिया गया। अंचल में बनने वाले आय जाति तथा आवासीय प्रमाण पत्रों की समीक्षा की गई। बालू के अभाव पर चिंता व्यक्त किया गया। विष्णुगढ़ में पदस्थापित कर्मचारियों को आवासीय रूप से विष्णुगढ़ में रहने की मांग की गई। धान और मकई का बीज किसानों को सही समय पर उपलब्ध कराने की बात कही गई। बैठक में अनुपस्थित विभाग के अधिकारियों के प्रति निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए स्पष्टीकरण करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उप प्रमुख सरयु साव,अंचल अधिकारी रामबालक कुमार, सांसद प्रतिनिधि मधुसूदन प्रसाद, भुवनेश्वर पटेल,विधायक प्रतिनिधि गुरु प्रसाद साव, मध्य जिप सदस्य शेख तैयब,पंचायत समिति सदस्य उमा देवी,अजय मंडल,घनश्याम पाठक,मुन्नी देवी, सुशील कुमार,कल्पना देवी, मुखिया नन्हकू महतो,चंद्रशेखर पटेल समेत कई सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल शिक्षिका का निधन, शिक्षा जगत में शोक

**पतरातु (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु बाजार की शिक्षिका नीलम नारायणी उम्र लगभग 40 वर्ष पतरातू प्रखंड के ग्राम सांकुल निवासी बीते 29 अप्रैल 2023 को हजारीबाग से गांव लौटने के क्रम में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। दुर्घटना में घायल शिक्षिका नीलम नारायणी को मेदांता हॉस्पिटल रांची में परिजनों द्वारा बेहतर इलाज के लिए भर्ती कराया था। जहां इलाजरत रहने के दौरान बीते सोमवार की देर रात्रि उनका देहांत हो गया। परिजनों द्वारा शिक्षिका की मौत की मिली खबर पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु बाजार परिवार सहित प्रखंड क्षेत्र के शिक्षा जगत में शोक की लहर फैल गई। इस दौरान मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु बाजार विद्यालय में शोक सभा का आयोजन कर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेतर कर्मी व भैया बहनों द्वारा उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा को शांति एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य व साहस प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। तत्पश्चात विद्यालय के सभी भैया बहनों को छुट्टी दे दी गई।

## यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विनोबा भावे स्थित यूनिवर्सिटी लॉ कॉलेज एन0एस0एस यूनिट के वॉलंटियर्स द्वारा विशेष कर प्रथम सेमेस्टर के छात्र छात्रा ने लॉ कॉलेज एवं परिषर में स्वछता अभियान कार्यक्रम चलाया गया।मौके पर प्रधान मंत्री स्वच्छ्ता अभियान यूनिट के सदस्या पूनम मिश्रा ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया।एन0एस0एस प्रोग्राम ऑफिसर ने लक्ष्मी सिंह ने छात्रों के हाथो झाड़ू दे कर लोगो मे साफ सफाई से संबंधित प्रोत्साहित किया।कॉलेज के प्रचार्य डॉ जायदीप सन्याल ने कहा कि एन0एस0एस का 23 मई को विश्व पर्यावरण दिवस एवं पर्यावरण के लिए जीवन में गतिविधियों के सम्बंध में विभिन्न परिकल्पना करना है।पर्यावरण दिवस के पूर्व प्रतियोगिता का आयोजन,सेमिनार, स्वच्छता अभियान आदि कार्यक्रम सभी छात्र छात्रों को करना है।वही प्रोग्राम ऑफिसर को सात प्रोग्राम को कैसे सफल बनाना है इस पर बात विचार के लिए प्रोग्राम ऑफिसर को डॉ जयदीप सन्याल ने दिशा निर्देश दिया।

## पत्नी के साथ पति ने किया मारपीट, थाना में आवेदन देकर लगाया न्याय का गुहार

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चार बच्ची की मां को उनके पति द्वारा मारपीट कर घायल कर मायके में छोड़ कर भाग जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसका इलाज बरही अनुमंडलीय अस्पताल में किया गया। घायल महिला चतरा जिला के इटखोरी थाना के ग्राम असढीया की रहने वाली है। जिसका मायके बरही थाना के कौनरा शाकरी मोहल्ला है। इस बाबत भुक्तभोगी महिला शाहिना परवीन ने बरही महिला थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में उन्होंने बताया कि मेरी शादी लगभग 16 वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति रिवाज से चतरा जिला के इटखोरी थाना असढीया गांव निवासी तोहिद आलम पिता हमिद अंसारी के साथ हुई थी। मेरे पिता शादी के समय यथाशक्ति शादी का खर्च किए थे। शादी के बाद मुझे मेरे ससुराल वाले पति तोहिद आलम पिता हमीद आलम, ससुर हमीद आलम पिता स्व. छठु मियां सास हाजरा खातून, ननंद गुड़िया खातून, शबनम खातून, गोतनी फिरोजा खातून पति मेराज अंसारी सभी मिलकर मुझे बराबर गाली गलौज कर प्रताड़ित करते आ रहे हैं। फिलहाल मेरी 4 बच्ची है इस बात को भी लेकर उपरोक्त सभी लोग मुझे प्रताड़ित करते हैं। 8 मई को लगभग दोपहर 2 बजे मेरे पति गाली गलौज करते हुए मारपीट किया और मुझे मेरे मायके कोनरा शाकरी मोहल्ला छोड़कर भाग गया और धमकी दिया कि तुमको छोड़कर दूसरी शादी कर लेंगे। वही भुक्तभोगी महिला ने उचित जांच कर करवाई करने का मांग किया।

# झारखण्ड पार्टी का जिला स्तरीय कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रामगढ़ के दिगवार फोरलेन के समीप स्थित एक होटल के सभागार मे झारखण्ड पार्टी का जिला स्तरीय मांडू विमान सभा क्षेत्र में कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया है, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सोमदेव करमाली व संचालन आकाश करमाली , अनिल पासवान ने संयुक्त रूप से किया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक भगत, विशिष्ट अतिथि आनन्द पॉलजी, लाल किशोर दास, मास्टर अक्सर अली एवं अन्य लोग उपस्थित हुए । अतिथियो का स्वागत सोमदेव करमाली ने माला पहनाकर और बुके देकर स्वागत किया । कार्यक्रम मे झारखंड पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव सह पूर्व राज्य मंत्री



अशोक भगत ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए झारखंड पार्टी के नीति एवं सिद्धांतो से अवगत करवाया एवं युवा नेता सोमदेव करमाली को झारखंड पार्टी का मांडू विधान सभा का प्रभारी मनोनीत किया एवं कार्यक्रम मे आए लोगो को सदस्यता ग्रहण करवाया । इस कार्यक्रम मे सोमदेव करमाली ने लोगो को बताया की झारखंड पार्टी जमीनी स्तर पर जन समस्याओ का समाधान करेगी । इस कार्यक्रम में भवानी शंकर गुप्ता, आकाश करमाली, गंभीर करमाली, सुभाष राम करमाली, जगजीवन करमाली, रामाशीष करमाली, अनिल पासवान, सुनील कुमार पासवान, राजेश बेदिया, तुलसी बेदिया, मनोज मुर्मू, शंकर करमाली, कृष्णा मुंडा, रूपलाल बेदिया, शिवनाथ बेसरा, चन्द्रशेखर पोद्दार, आशा देवी, बिनीता टोप्पो, राधा देवी, एवं अन्य अपने सहयोगियों के साथ उपस्थित हुए।

## जनता दरबार में आए दो दर्जन से अधिक मामले उपायुक्त ने निष्पादन करने का दिया निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में,



पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार,मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन, पेंशन,भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## एशियन पेंट्स डैम्प प्रूफ ने एक संगीतमय विज्ञापन लॉन्च किया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** गर्मी चल रही है और बारिश आने में अब ज्यादा वक्त नहीं रह गया है। इसलिए, घर के मालिकों को अपने घर को बारिश और लीकेज से बचाने के लिए आवश्यक तैयारी करनी होगी। इसे देखते हुए, एशियन पेंट्स ने 'स्मार्टकेयर डैम्प फ्रूफ' के लिये एक नया कैम्पेन और टेलीविजन विज्ञापन लॉन्च किया है। इस विज्ञापन में ब्राण्ड एम्बेसेडर रणबीर कपूर और हरफनमौला मनोज पाहवा नजर आ रहे हैं। विज्ञापन में इन दोनों कलाकारों के बीच संगीत का एक दिलचस्प और मनोरंजक मुकाबला दिखाया गया है जिसमें छतों और टेरेस की मौसमी सीलन और लीकेज की चुनौतियों के लिये प्रभावी समाधान पर जोर दिया गया है। ऑगिल्वी द्वारा परिकल्पित इस टेलीविजन विज्ञापन में, रणबीर कपूर और मनोज पाहवा एक मजेदार कव्वाली मुकाबला करते हैं। वे दर्शकों को रिसती हुई और सीलन वाली छतों से घर के मालिक को होने वाली तकलीफ का प्रासंगिक सफर दिखाते हैं।

## अरगड्डा में पूजन के बाद राम जानकी हनुमान मंदिर की ढलाई भक्तों ने हर्षोल्लास के साथ किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा के चौहान मोहल्ला में राम जानकी हनुमान मंदिर का मंगलवार को भक्तों के द्वारा विधिवत पूजन अनुष्ठान करने के बाद ढलाई प्रारंभ की गई। पूजा ब्राह्मण संजय गुरु के द्वारा विधिवत करवाई गई। अवसर पर भक्तों ने तन- मन- धन से अपना योगदान दिया। साथ ही जय श्री राम, जय जानकी, जय हनुमान, हर- हर महादेव के गगनभेदी नारे लगाएं। जिससे माहौल भक्तिमय बन उठा। सभी भक्तों ने नगर में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।



अवसर पर मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष भीमसेन चौहान, उपाध्यक्ष अर्जुन चौहान, सचिव धर्मेंद्र चौहान, विनोद चौहान कोषाध्यक्ष किशोर साव, नप अध्यक्ष योगेश बेदिया, उपाध्यक्ष मनोज महतो, समाजसेवी रंजीत पासवान, सत्येंद्र महतो, कार्तिक पासवान, सीताराम पासवान, बिहारी सिंह, पंकज भारती, वसुधा तिवारी, दिलीप कुमार सिंह, बृजेश पाठक, धनंजय चौहान, नितेश नायक, सुरेंद्र चौहान, पंकज पटवा, राजू कहार, ऋषभ पंत, भानू चौहान, विनय चौहान, सुजीत चौहान, रामू सिंह चौहान, शिवनारायण चौहान समेत कई भक्तजन उपस्थित थे।

## गलती रांची विद्यालय प्रशासन की, भुक्तभोगी छात्र : अमन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिलाध्यक्ष अमन अहमद ने पत्रकारों के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए कहा की सत्र 2017 से 2020 एवं 2018 से 2021 के जेनरिक पेपर 2 में छात्र छात्राओं को पुराने अंक के अनुसार एक एवरेज निकालकर मूल्यांकन किया जाए,*एवरेज मार्क्स निकालकर मूल्यांकन संभव है, क्योंकि कोविड के समय इस तरह की कार्य की गई है॥इतने सालों तक इस गलती पर विश्विद्यालय, कॉलेज द्वारा कोई पहल नहीं की गई, पूर्व के 70त्र छात्र नियोजन कार्यों, शिक्षा या अन्य कारणों से बाहर चले गए है, खास कर वैसी छात्राएं जिनकी शादी हो गई है या अन्य कार्यों में व्यस्त है वैसे लोगों की संख्या अधिक है जो परीक्षा देने से वंचित हो जाएंगे

## पूर्व विधायक प्रत्याशी धनंजय कुमार पुटूस ने की एसडीओ से मुलाकात

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह अखिल भारतीय मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस ने मंगलवार को रामगढ़ एसडीओ सह नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी जावेद हुसैन से अनुमंडल कार्यालय में मुलाकात की एवं रामगढ़ जिला के मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिलवाने के लिए मांग पत्र सौपा।दिए गए माँग पत्र में धनंजय कुमार पुटूस ने कहा है कि रामगढ़ जिला में नगर परिषद छावनी परिषद सरकारी, गैर सरकारी कार्यालय एवं फैक्ट्रीयों में मजदूर काम करते हैं। ऐसी जानकारी मिल रही है कि कई कार्यालयों एवं फैक्ट्रीयो द्वारा मजदूरों को सरकार द्वारा तय न्यूनतम मजदूरी नहीं दी जा रही है। जैसा कि हम सभी जानते है कि मजदूरी का काम करने वाले मजदुर गरीब होते है और काम करने पर मिलने वाली मजदूरी से ही अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं एवं अपने बच्चों को पढ़ाते है। न्यूनतम मजदूरी नहीं मिलने से इन्हें कई प्रकार की आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अतः जल्द से जल्द मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी दिलवाया जाए।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए रामगढ़ एसडीओ ने सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है।



## हजारीबाग के पूर्व सांसद का बरही चौक पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

**बरही(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हजारीबाग के पूर्व सांसद सह पूर्व विदेश एवं वित्त मंत्री यसवंत सिन्हा का स्वागत किया। भाजपाइयों ने बताया की पूर्व सांसद हजारीबाग से चौपारण जा रहें थे, जिसकी सूचना मिलने पर बरही चौक पर स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष संजीव कतरियार, वरिष्ठ नेता अंबिका सिंह, मंडल अध्यक्ष अमित साहू, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, डोमन पांडे, हरी गुप्ता, मंडल उपाध्यक्ष नवल किशोर सिंह, लक्ष्मी सिंह, शंभू सिंह, पप्पू चंद्रवंशी, विजय सिंह, उमेश साव, अर्जुन सिंह आदि उपस्थित थे।




**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice**
**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/19/23-24 Dated 08.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of complete Land Acquisition Proposal with ownership details and computation of cost of acquired land as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal& Forest Diversion Proposal including clearance of all stages as required for Japla (on MDR-127)-Navinagar-upto Bihar border under Road division Daltonganj in the state of Jharkhand from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22 -08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 14.895 KM |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 10.05.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 18.05.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 19.05.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhand tenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi .

PR.NO.296931 Road(23-24):D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू**

**सूचना**

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राज्य के निजी क्षेत्र में नियोजन हेतु आरक्षण का प्रावधान करने के लिए **"झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022"** 12 सितम्बर 2022 को ई–गजट में प्रकाशित हुआ है एवं तदालोक में झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 गजट प्रकाशन की तिथि से प्रभावी हो गया है।

अतः पलामू जिलान्तर्गत वैसे सभी प्रतिष्ठान /उपक्रम (यथा – होटल /रेस्टोरेंट/शॉपिंग मॉल/ऑटोमोबाईल सेक्टर /निजी हॉस्पिटल/निजी स्कूल/ आउटसोर्स एजेंसी इत्यादि) जिनके यहाँ 10 या 10 से अधिक कार्यबल है, को सूचित किया जाता है कि वे झारनियोजन पोर्टल http://jharniyojan. jharkhand.gov.in पर अथवा जिला नियोजन कार्यालय, पलामू में आकर 3 दिनों के अन्दर अपना निबंधन कराना सुनिश्चित करें।

**नोट :– विशेष जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क स्थापित कर सकते हैं।**

जिला नियोजन पदाधिकारी,
पलामू

PR 296856 Labour Employment and Traning(23-24).D



**झारखण्ड सरकार, कारा निरीक्षणालय**
**उप कारा, खूँटी**

**ई०-निविदा सूचना**
**HJ & DM/SJ-KHUNTI/Q-3/2023/2053**

1. कारा का नाम– उप कारा, खूँटी।
2. विषय– कारा में आपूर्ति हेतु खाद्यान्नों, आलू, हरी सब्जी, फल एवं अन्य विविध सामग्रियों के निमित्त ई–निविदा का आमंत्रण। (तृतीय त्रैमासिक निविदा दिनांक– 01.07.2023 से 30.09.2023 तक)
3. निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non refundable) राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के पदनाम से होगा जो निम्न प्रकार है –
   (i) रु. 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रु. 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) रु. 10.00 से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रु. 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) रु. 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु– रु. 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4- Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि–24.05.2023 से 29.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक।
5. निविदा जमा करने की तिथि– 24.05.2023 से 29.05.2023 के अपराह्न 04:00 बजे तक सभी कार्य दिवस को।
6- Tender Fee, EMD का original copy एवं उल्लेखित नमूना (Sample) दिनांक– 30.05.2023 पूर्वाहन 10:00 बजे से 01.06.2023 को अपराह्न 05:00 बजे तक कार्यवधि में कार्यालय में जमा करना होगा।
7. निविदा खुलने की तिथि / समय / स्थान– 02.06.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अनुमंडल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में।
8. उपरोक्त संबंधित निविदा website- jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त / स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी हेतु उपरोक्त website पर प्राप्त किया जा सकता है।
9. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, उप कारा, खूँटी के कार्यालय से कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी के लिए NIC Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
उप कारा, खूँटी

PR 296764 Prison (23-24)_D



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह -मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची**

**अतिअल्पकालीन निविदा सूचना सं0– 02 / 2023–24**

मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 470, दिनांक 06.03.2023 के आलोक में वर्ष 2023–24 में तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना अंतर्गत राँची जिला के प्रशिक्षित मत्स्य बीज उत्पादकों को वितरण हेतु मैश फीड (Factory Formulated Extruded Mash Feed) का क्रय किया जाना है। उक्त की आपूर्ति हेतु मुहरबन्द तकनीकी एवं वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदादाता का नाम :–जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राँची।
2. अग्रधन राशि :– 25,000 (पच्चीस हजार रू0 (क0 1 में वर्णित नाम से राँची में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट)
3. निविदा प्राप्ति का स्थान :–जिला मत्स्य कार्यालय, डोरण्डा ,राँची।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 20.05.2023 को 02:30 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खुलने का स्थानः– क0 3 में यथा वर्णित।
6. निविदा खुलने की तिथि एवं समय :– 20.05.2023 को 03:30 बजे अपराह्न।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय, राँची के सूचना पट्ट पर किसी भी कार्य दिवस में देखा / प्राप्त किया जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
राँची

PR 296937 Fish(23-24).D


## कैथा महादेव मंदिर निर्माण समिति का हुआ गठन, राजेश महतो अध्यक्ष व राजकुमार महतो बनें सचिव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नं 26 कैथा स्थित महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार को लेकर कैथा महादेव मंदिर परिसर में वार्ड पार्षद देवधारी महतो की अध्यक्षता में मंदिर निर्माण समिति गठन किया गया है। बैठक का संचालन राजेश महतो ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से कैथा महादेव मंदिर निर्माण समिति का अध्यक्ष राजेश महतो,सचिव राजकुमार महतो, कोषाध्यक्ष देवधारी महतो, उपाध्यक्ष सत्येंद्र महतो, संजय करमाली विजय रविदास छोटे लाल महतो प्रदीप कुमार महतो सहसचिव मुनिनाथ महतो,नरेश पटेल माधव करमाली, उपकोषाध्यक्ष चुन्नीलाल महतो, संरक्षक सुदर्शन महतो, गणेश राम महतो, कोलेश्वर महतो, सुकर महतो, डिया महतो, धर्मनाथ महतो, मुकेश महतो, जितेंद्र महतो, संतोष महतो, रामप्रकाश महतो, रूपलाल महतो, सुरेश करमाली, महतो, शक्ति महतो ,जगलाल महतो को बनाया गया।


**झारखण्ड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी**

**ई० प्रोक्योरमेन्ट अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

T. Reference No. :- DWSD/KH-19(CLUS/SVS)/2022-23 (2nd Call), Date 09.05.2023

| Sl.No. | Name of Work | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| A) | Construction of Solar based Mini Pipe Water Supply Scheme (SVS) in different Block comprising of suitable R.C.C./Framed Structure ESR distribution line sources (as required) and FHTC all complete job in the different blocks of District- Khunti under D.W. & S. Division, Khunti. | | | | | |
| | Cluster Name | Block | Estimated Cost (Lakh) | Bid Security (Lakh) | Cost of BOQ (Rs) | Time of Completion |
| 1 | 11B | Khunti | 495.07 | 4.96 | 10,000.00 | 9 Months + 1 Month (Trial & Run) |
| B) | Date of Tender Uploading on Website | | | 09.05.2023/05.00 PM. | | |
| C) | Bid Submission Start Date | | | 09.05.2023/05.00 PM. | | |
| D) | Bid Submission End Date | | | 16.05.2023/05.00 PM. | | |
| E) | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (Hard Copy) | | | 17.05.2023 up to 03.30 PM. | | |
| F) | Place of receipt of Bid (Hard Copy) | | | 1. Office of the Regional Chief Engineer, D.W. & S. Department Ranchi Zone. 2. Office Of the Superintending Engineer, D.W.&S. Ranchi Circle, Ranchi 3. Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Division, Khunti | | |
| G) | Date of Opening of Tender | | | 18.05.2023/11.00 AM. | | |
| H) | Name & Address of Office Inviting Tender | | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | |
| I) | Name & Address of Opening Officer | | | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Khunti. | | |
| J) | Contact No. of Procurement Office | | | 06528-299928 | | |
| K) | Helpline No. of e-procurement cell | | | 06528-299928, Mo. No.- 7717776462 | | |

नोटः– निविदा की राशि घट/बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, खूँटी

PR 296908 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



**Govt. of Jharkhand**
**Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department**
**(Co-operative Division)**
**The Jharkhand State Co-operative Lac Marketing &Procurement Federation Ltd.(JASCOLAMPF)**
**Purulia Road, Ranchi – 834 001, Jharkhand (INDIA)**
**Phone/Fax: 91-651-3511741 e-mail:** mdjascolampf@gmail.com **Website:** www.jascolampf.com

Ref.No. - 162 / Ranchi Date: 09.05.2023

**TENDER NOTICE**

**Invitation of bid for supply of Small Scale Lac Processing Units (Capacity – 300 Kg/day)**

JASCOLAMPF invites tender in Two Parts from reputed Manufacturers/Authorized dealers/Suppliers for supply and installation of Small Scale Lac Processing Units (300 kg/day). A complete set of tender document may be purchased by interested eligible bidders from office **JASCOLAMPF, Purulia Road, Ranchi** during office hours on all working days from **11.05.2023 to 05.06.2023** after payment of a non-refundable fee of **Rs. 2000/-** (Rupees Two Thousand only) in the form of **Demand Draft in favor of JASCOLAMPF**, payable at Ranchi. It may also be downloaded from **www.jascolampf.com** in which case, the fee in the form of demand draft should be enclosed with the tender document at the time of submission

For detailed information and Terms & Conditions, please log on to www.jascolampf.com
**Last date for submission of the Tender Document – 06.06.2023 upto 5.00 pm**

sd/-
Managing Director
JASCOLAMPF, Ranchi

PR 296894 Co-opretive (23-24)_D



**Govt. of Jharkhand**
**Agriculture, Animal Husbandry & Co-operative Department**
**(Co-operative Division)**
**The Jharkhand State Co-operative Lac Marketing &Procurement Federation Ltd.(JASCOLAMPF)**
**Purulia Road, Ranchi – 834 001, Jharkhand (INDIA),Phone/Fax: 91-651-3511741**
**e-mail: mdjascolampf@gmail.com,Website: www.jascolampf.com**

Ref.No. - 163 / Ranchi Date: 09.05.2023

**TENDER NOTICE**

**Invitation of bid for supply of Broodlac for Lac Cultivation**

JASCOLAMPF invites tender in two Parts from reputed Suppliers/Producer's group/Co-operatives etc. for supply of Broodlac for Lac Cultivation.
A complete set of tender document may be purchased by interested eligible Bidders from office of the **JASCOLAMPF, Purulia Road, Ranchi** during office hours on all working days from **11.05.2023 to 05.06.2023** after payment of a non-refundable fee of **Rs. 2000/-** (Rupees Two Thousand only) in the form of **Demand Draft in favor of JASCOLAMPF**, payable at Ranchi. It may also be downloaded from **www.jascolampf.com** in which case, the fee in the form of demand draft should be enclosed with the tender document at the time of submission.
For detailed information and Terms & Conditions, please log on to www.jascolampf.com
**Last date for submission of the Tender Document – 06.06.2023 at 5.00 pm**

sd/-
Managing Director
JASCOLAMPF, Ranchi

PR 296892 Co-opretive(23-24).D


## न्यू कॉलोनी अरगड्डा वार्ड 13 में डीप बोरिंग व जल मीनार लगेगा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** अरगड्डा वार्ड 13 के न्यू कॉलोनी भुईया मोहल्ला में जल सुविधा के लिए डीप बोरिंग किया गया। इस संबंध में मंगलवार को पार्षद 13 संगीता देवी ने बताया कि जल मीनार टंकी 4 लाख 80 हजार की लागत से बनेगी। जिससे यहां के पानी मांग करने वाले एक हजार लोगों को पीने का स्वच्छ पानी मिल पाएगा। वहीं इससे पूर्व डीप बोरिंग खुदाई की शुरुआत पार्षद 13 संगीता देवी व ग्रामीण समाजसेवियों ने नारियल फोड़ व पूजन कर किया। मौके पर समाजसेवी रंजीत पासवान, सत्येंद्र महतो, अनिल भुईयां, राजेश भुईयां, नितेश नायक, शंभू, पंकज पटवा, अनिल भुईयां, राजेश कुमार, कारा भुईयां, हुसैन खान, विजय, भीम चौहान, पिंटू भुईयां, संजय कुमार, हिमांशु कुमार, लाल खान, धर्मेंद्र, ऋषभ कुमार, आरती देवी, संध्या देवी, मीना देवी, कालू देवी, राधिका देवी, सोमवती देवी, सरिता देवी समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।


**Govt. of Jharkhand**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,**
**Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda, Ranchi-834002**
**e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in**

**e-Procurement very Short Notice**
**e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/20/23-24 Dated 08.05.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for 4-Lane configuration road for Argora to Nayasrai road via Pundag with Flyover, including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance of all stages etc as required, in the state of Jharkhand from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no -3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 07.00 KM |
| 3 | Work completion time | 45 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 10.05.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 18.05.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 19.05.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi-834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division, A.P
Road Construction Department, Ranchi .

PR 296926 Road(23-24).D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय,लातेहार**

**भर्ती कैम्प दिनांक : 13.05.2023**

**सूचना**

जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा दिनांक 13.05.2023 को लातेहार खेल स्टेडियम के सामने मैदान में पूर्वाह्न 9:30 बजे से अपराहन 03:00 बजे तक **भर्ती कैम्प** का आयोजन किया जाना है। जिसमें निम्नवत प्रतिष्ठानों ने उपस्थित रहने की सहमति जताई है:–

| S. No | Name of Company | Qualification | Gender | Designation | Pay | No. of Vacancy | Age | Work Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | VPR-BGR-PLR Consortium, Magadah OCP, CCL | 10th | Male | Asst. Mechanic | 7,000 + Food + Accommodation | 10 | 18-30 | Latehar (Jharkhand) |
| 2 | Deepak Sweets, Latehar | 10th | Male | वेटर | 7,000 | 04 | 17-40 | Latehar (Jharkhand) |
| | | Below 10 th | | सफाई कर्मी | 6,000 | 02 | 17-40 | |
| | | Below 10 th | | मिस्त्री | 8,000 | 02 | 17-40 | |
| 3 | Rudra Traders, Latehar | Graduate | Male | Office Asst. | 7,000-10000 | 04 | 18-35 | Latehar (Jharkhand) |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा www. rojgar.jharkhand.gov.in पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, आवासीय, आधार कार्ड की एक छायाप्रति तथा बायोडाटा (02 कॉपी), दो पासपोर्ट साईज फोटो के साथ साक्षात्कार हेतु उपस्थित हो। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है, उन्हें पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है। चूँकि रिक्ति निजी क्षेत्र (Private Sector) की है, अतः चयन प्रक्रिया में नियोजनालय का किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं होगा। कोविड–19 हेतु निर्गत दिशा निर्देशों / SOP का दृढतापूर्वक अनुपालन किया जाना आवश्यक है।

नियोजन पदाधिकारी,
जिला नियोजनालय,लातेहार

PR 296891 Labour Employment and Traning(23-24).D

## आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष का बेंगाबाद में जोरदार स्वागत



**बेंगाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड मे आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुरेश महतो का बेंगाबाद पहुचने पर जोरदार स्वागत किया। सुरेश महतो किसी कार्य से इस रास्ते होते हुए कही जा रहे थे इसी बीच बेंगाबाद मे रुके थे जहा कार्यकर्ताओं ने गुलदस्ता देते हुए उनका स्वागत किया। वही आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र महतो ने कहा कि सरकार का 3 साल से अधिक समय होने के बाद भी कई सड़क आज भी जर्जर स्थिति में है काफी संख्या में कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## 38 वां श्री श्री रामचरितमानस यज्ञ व सम्मेलन प्रारंभ उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रत्येक बर्ष की भांति इस वर्ष भी टुंडी के भुरसाबांक स्थित 38 वां श्री श्री रामचरितमानस यज्ञ एवं सम्मेलन प्रारंभ हो गया यह यज्ञ 9 मई से लेकर 18 मई तक चलेगा। इस यज्ञ में 201 कुमारी कन्याओं द्वारा जल भरकर यज्ञ स्थल तक ले जाया गया जहां प्रकांड पंडितों के द्वारा क्लश पुजा प्रारंभ किया गया एवं यज्ञ की शुरुआत की गयी।साथ ही सभी कन्याओं को भोजन भी कराया गया। इस क्लश यात्रा में जनप्रतिनिधियों का तांता लगा रहा। टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो पैदल चलकर क्लश यात्रा में शामिल हुए एवं यज्ञ मंडपों का भ्रमण किया एवं भगवान से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस यज्ञ में 11/5/23 से लेकर 16/5/23 तक श्री राम कथा मानस मुक्ता श्री यशुमति जी अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त के द्वारा श्रवण कराया जायेगा।साथ ही बैद्यनाथ धाम देवघर के सानिध्य में 13/5/23 17/5/23 तक मानस कोकिला जया मिश्रा वृन्दावन धाम के द्वारा संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जाएगा तत्पश्चात 18/5/23 रात्रि 9 बजे से भक्ति जागरण सुदेश सिंह ग्रुप के द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा। इस क्लश यात्रा में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, झामुमो के धनबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश टुडू, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष ज्ञान रंजन सिन्हा, टुंडी प्रमुख मालती मरांडी, उपप्रमुख संजू गुप्ता, आजसू नेता भास्कर ओझा, रतिलाल चौधरी, सुखदेव जायसवाल, झामुमो नेता फूलचंद किस्कू, कामेश्वर प्रसाद सिंह, संतूलाल किस्कू, टुंडी मुखिया रेखा देवी, अवधेश सिंह यज्ञ कमिटी से कुंदन सिंह, विकास सिंह, विक्की सिंह, रविन्द्र मंडल,सोनू मंडल, धर्मेन्द्र सिंह समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भाजपा कार्यसमिति सदस्य संजीव कुमार मिश्रा आदि।

## टीकाकरण शिविर का आयोजन




**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड अंतर्गत ग्राम बेहड़ा में स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से रूबैला एवं खसरा टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें समाचार लिखे जाने तक करीब 53 बच्चों को टीका दे दिया गया था।ए? एन एम पूनम कुमारी ने बताया कि प्राइवेट हो या सरकारी सभी स्कूलों में इस तरह का शिविर आयोजित की जायेगी एवं सभी बच्चों को निशुल्क टीकाकरण किया जायेगा। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के एम पी डब्लू अफसर अंसारी,ए एन एम पूनम कुमारी, सहिया अंजलि देवी, सेविका आबिदा परवीन के अलावा मॉडर्न पब्लिक स्कूल के संस्थापक सलाउद्दीन अंसारी, प्रधानाध्यापक मोहम्मद इरशाद अंसारी, मोहम्मद आसिफ अंसारी, नदीम अंसारी समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का इस टीकाकरण अभियान में सराहनीय योगदान रहा।

## सिंदरी कॉलेज के नवनियुक्त प्राचार्य का हुआ स्वागत अभिनंदन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मगंलवार को पूर्व छात्र नेताओं ने सिंदरी कॉलेज सिंदरी के नवनियुक्त प्राचार्य केके पाठक का पौधा तथा अंग वस्त्र देकर स्वागत अभिनंदन किया। स्वागत के पश्चात छात्र नेताओं ने कॉलेज परिसर में पीजी की पढ़ाई शुरू करवाने के साथ कॉलेज के विकास पर चर्चा की। छात्र छात्राओं के समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। इस दौरान प्राचार्य कमलकांत पाठक ने कहा कि इस सत्र में पीजी की पढ़ाई शुरु होगी। उच्च शिक्षा के लिए ग्रामीण सुदूर क्षेत्र के छात्र छात्रों को आर्थिक कारणों से बीच में पढ़ाई ना छोड़ना पड़े तथा क्षेत्रीय भाषा कुड़माली जैसे विषयो की पढ़ाई शुरु हो, इसकी भी अनुशंसा विश्वविद्यालय से करेंगें। इस मौके पर पूर्व छात्र नेता रुदल पासवान, सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ सिंह, एनएसयूआई के पूर्व विश्वविद्यालय अध्यक्ष राजीव पांडे, पंचायत समिति सदस्य रोहित महतो, छात्र नेता रवि पासवान, मनीष पासवान आदि मौजुद थे।

## खसरा रूबेला टीकाकरण शिविर का आयोजन



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत एमआर अभियान के तहत जामाडोबा ब्राइट स्कूल में 9 माह से 15 वर्ष तक के 96 बच्चों को खसरा और रूबेला का टीका लगाया गया। जामाडोबा के विभिन्न जगहों से लोग अपने बच्चों को टिका दिलाने आए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत चलाए जा रहे अभियान के बारे में अभिभावकों को बताया गया। शिक्षको ने स्कूल के बच्चों के साथ साथ अगल बगल के लोगो के घर जा कर रूबेला की जानकारी दी एवं जिन बच्चे को रूबेला का टिका नहीं पड़ा है उन्हे घर से लाकर टिका दिलाने का काम किया।

## जनता दरबार : विशेष कार्य पदाधिकारी ने सुनी आमजनों की शिकायत

### समस्याओं के निष्पादन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह के निर्देश पर विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन कर आम-जन की शिकायतों व समस्याओं को सुना। उन्होंने संज्ञान में आए सभी मामलों के आवेदन को संबंधित पदाधिकारी को तत्काल निष्पादन के लिए अग्रसारित किया। जनता दरबार में मुख्यतः शिक्षा, जमीन विवाद संबंधी, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऑनलाइन रसीद, आवास, पेंशन, रोजगार, स्वास्थ्य, बकाए वेतन, जमीन बंदोबस्ती की मांग, राशन कार्ड से संबंधित आवेदन आए।

जनता दरबार में आए ग्रामीण एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष रंजीत सिंह ने बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्र संख्या 9 में सड़क पर गिरे कोल डस्ट का साफ-सफाई एवं प्रदूषण से ग्रसित क्षेत्र को प्रदूषण मुक्त कराने हेतु जिला प्रशासन के स्तर से सहयोग प्रदान करने के संबंध में एक आवेदन सौंपा। उन्होंने धनबाद नगर निगम द्वारा स्वीपिंग मशीन के माध्यम से सड़क से कोल डस्ट सफाई का बंद किए गए कार्य को पुनः अभिलंब प्रारंभ करने की मांग की। साथ ही झरिया स्थित आरएसपी कॉलेज से कतरास मोड़ होते हुए शिमलाबहाल पुल तक बीसीसीएल के द्वारा भी स्वीपिंग मशीन से सड़क की तत्काल सफाई करने की मांग की।

इस दौरान सिंदरी थाना क्षेत्र से आई टुसु देवी अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कराने के संबंध में आवेदन सौंपा। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि उनके पति की मृत्यु 10 जुलाई 2020 को कोरोना के चलते हो गई थी ।इस दौरान एसएनएमएमसीएच हॉस्पिटल द्वारा उन्हें उनके पति का पार्थिव शरीर नहीं दिया गया था। अब उन्हें मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि नगर निगम कार्यालय द्वारा मृत्यु के वक्त की फ़ोटो मांगी जा रही, जबकि मृत्यु के बाद उन्हें पार्थिव शरीर नही मिली थी। उन्होंने कहा कि मृत्यु मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनने के चलते बैंक से पैसा नहीं निकाल पा रहे हैं और विधवा पेंशन के लिए आवेदन नहीं कर पा रही, इसके चलते हमारा पूरा परिवार आर्थिक मंदी से जूझ रहा है। विशेष कार्य पदाधिकारी ने इस मामले को नगर निगम में हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। इस दौरान विशेष कार्य पदाधिकारी ने आवेदनों को चिन्हित कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन समस्याओं का समाधान होगा। इसके लिए अधाकिरियों को निर्देश दिया गया है।

## साइबर ठगी का शिकार होने से बाल बाल बचे हेलो किड्स के प्राचार्य

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** कोयलांचल में साइबर क्राइम के जरिये ऑनलाइन ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। मंगलवार को साइबर ठग का शिकार होने से हेलो किड्स के प्राचार्य इरफान खान बच गए। जिस वक्त यह घटना घटी उस वक़्त प्राचार्य इरफान खान अपने स्कूल में थे। उसी समय साइबर ठग उन्हें फोन करके बोलता है कि मैं अपने बच्चे का फीस ऑनलाइन जमा करना चाहता हूं और ऑनलाइन के लिए मोबाइल फोन नम्बर दीजिये। प्राचार्य ने कहा कि मेरे इसी नम्बर पर ऑनलाइन पेमेंट भेज सकते हैं। साइबर ठग पहले 10 रुपया का मैसेज भेज कर कन्फर्म करता है। उसके बाद पांच हजार रुपये का मैसेज भेजता है। उसके बाद दुबारा 50 हजार रुपये का मैसेज भेज कर यह कहता है कि सर गलती से 50 हजार रुपये चल गया है आप मुझे पैसा ऑनलाइन ही वापस कर दिजीए। प्रिंसिपल ने साइबर ठग के साथ फोन पर बातचीत करते हुए तत्काल बच्चे का नाम व क्लास पूछते हुए अपना स्कूल के सिस्टम को चेक किया और देखा कि इस नाम का बच्चा का फीस बकाया नही है। तब तक सब सच्चाई जानने के बाद प्राचार्य ने कहा कि आप स्कुल आए। साइबर ठग केस दर्ज करने का धमकियां दे रहा था। इस प्रकार सतर्कता बरतने पर ऑनलाइन साइबर ठगी होने से बच गए प्राचार्य और साइबर ठग का प्रयास विफल हो गया। प्राचार्य ने राहत की सास ली।

## रविंद्रनाथ टैगोर का मनाई गई 162वां जयंती



### बांग्ला को राज्य का दूसरे भाषा की दर्जा देने की मांग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रणधीर वर्मा चौक स्थित गांधी सेवा सदन में मंगलवार को रविंद्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी समेत कई समाजसेवी एवं बंगाली समाज के सदस्य मौजूद रहे। वहीं निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने रविंद्र नाथ टैगोर को पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि बांग्ला भाषा उन्नय समिति द्वारा रवींद्रनाथ टैगोर की 162वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर झारखंड सरकार से यह मांग की जाती है कि बांग्ला भाषा को जिस प्रकार बिहार में दूसरे भाषा की दर्जा दी गई है, ठीक उसी प्रकार झारखंड में भी बांग्ला भाषा को दूसरे भाषा की दर्जा दी जाए।

## रैय्यतों को दिखाए जा रहें हैं मुंगेरी लाल के हसीन सपने

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** तेतुलमूरी बाईसबारा बस्ती के रैय्यत को कई महीनों से एरिया पॉच के महाप्रबंधक मुंगेरी लाल के हसीन सपने दिखा रहे हैं। जब कभी कुछ घटना घटती है तो एरिया पॉच के महाप्रबंधक और परियोजना पदाधिकारी अपने कुछ बस्ती के दलालों (जिन लोगों को आउटसोर्सिंग से पैकेज बंधाया गया है) के साथ पंचायती कर रैय्यत को उल्टा-सीधा समझा बुझा कर कुछ सपने दिखाते हैं और समय सीमा बता देते हैं। वंशावली बनाना, नापी सही तरीके से करना वगैरह वगैरह। बस दलालों को फिर चॉदी कटनी शुरू। ब्लास्टिंग करवाना, पेड़ पौधे काटवाना, कोयला तस्करी करवाना। बीसीसीएल, आउटसोर्सिंग कंपनी और बस्ती के दलालों ने बाईसबारा के अस्तित्व को खतरे में डालकर जीवन को मृत्यू में बदल दिया। अच्छे अच्छे मकान धराशाई होने को है। कुछ लोग मुआवजे के चक्रव्यू में फसे हैं तो कुछ लोग जानबूझ कर रुके है काली कमाई के लिए। इन लोगों ने षडयंत्र के तहत बीसीसीएल के अधिकारी को प्रलोभन देकर कागजी कार्यवाई को उलझा रखा है। ताकि बस्ती रहेगी तभी झुंड रहेगी और झुंड के आड़ में काली कमाई होगी। हवा ना पानी, पेड़ ना पौधा और ना आवाजाही के लिए अच्छे मार्ग फिर भी यहॉ के रैय्यत जीवन यापन को विवश क्योंकि मुंगेरीलाल के हसीन सपने जो देखने को मिल रहा है।

## माले ने स्थापना प्रभारी व अर्बन प्लानर को दिया गया ज्ञापन

### पेयजल संकट, होल्डिंग टेक्स बढ़ोतरी, ट्रेफिक जाम समस्या, सफाई, टोल टैक्स समस्या का समाधान को लेकर दिया गया ज्ञापन।

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** मंगलवार को माले के विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा के नेतृत्व में पूर्व निर्धारित और सूचित कार्यकर्म के अनुसार नगरनिगम में कई समस्या को लेकर उपनगर आयुक्त से बात बात करनी थी। उनके ऑफिस नही आने के कारण उनसे मोबाईल से बात की गई,उन्होंने कहा की स्थापना प्रभारी मिर्तुंजय सिंह और अर्बन प्लानर मंजूर आलम को ज्ञापन देने,माले के प्रतिनिधि ने दोनो को ज्ञापन सौपा । उन्होंने ज्ञापन में कहा कि माले जब आवेदन देता है तो कार्य होने या नही होने का लिखित जानकारी आवेदक को दिया जाना चाहिए,जब माले आवेदन देता है और काम की बारी आती है तो मुख्य आवेदक को संज्ञान अखबार से मिलती है,इस परंपरा का तत्काल सुधार करने का संज्ञान नगरनिगम को लेना चाहिए।होल्डिंग टेक्स की बढ़ोतरी को कम करने का आवेदन माले दिया है उसपर पहल गिरिडीह विधायक को लेनी चाहिए। सरकार जेएमएम का है और सदर विधायक जेएमएम के ही एमएलए है।इधर वार्ड 22 और 22 के अलावा आस के वार्ड में पेयजल समस्या को लेकर आंदोलन हुआ था। नगरनिगम ने भी बहुत मेहनत कर संज्ञान में लेकर काम शुरू नगरनिगम को करना है,जल्द करें और आवेदनकर्ता को भी आवेदन पर काम होने पर आवेदक को संज्ञान देना जरूरी समझे,इसको भी लिखित दिया गया है। वार्ड एक से वार्ड पांच तक पानी की घोर किल्लत है पचंबा आदि जगहों पर पाईप बिछाया गया है किंतु पानी नही आता है तत्काल में संज्ञान लेने की जरूरत है,वार्ड एक से पांच का बहुत बुरा हाल है,इसी प्रकार वार्ड 6 से 15 तक वार्ड,16 से 36 तक वार्ड में भी पेयजल की भारी किल्लत है,वार्ड एक के कल्याण डीह में बड़ा पानी टंकी लगवाने से पानी का भारी किल्लत दूर हो गया सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## महुदा : सड़क दुर्घटना में युवक की मौके पर मौत



**महुदा( प्रभात मंत्र संवाददाता) :** महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत भुरूंगिया में मोटरसाइकिल सवार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मिले आधार कार्ड के अनुसार मृतक का नाम विश्वजीत टुडु, पिता- स्याम सुन्दर टुडू, ग्राम- तुलसीकावर, पंचायत-चितरा, थाना-चितरा, जिला-देवधर, झारखण्ड का रहने वाला है। बताया जाता हैं की मोटर साइकिल नंबर जे एच 04 डब्लू/ 7474 तेज गति में होने के कारण आशंतुलित होकर खंभे से टकराया जिसमे मोटरसाइकिल चालक की मौत मौके पर हो गई।

## कॉलेज में मनाया गया रविंद्र नाथ टैगोर की 162वीं जन्मदिवस



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** मंगलवार को गिरिडीह आरके महिला कॉलेज में आज रविंद्र नाथ टैगोर की 162वीं जन्म दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्या डॉक्टर मधुश्री सेन सन्यास की अध्यक्षता में मनाई गई।इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रभा रघुनंदन उपस्थित थी।कार्यक्रम की शुरुआत टैगोर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके की गई। इसके बाद टैगोर के जीवन पर प्राचार्य डॉ मधु श्री सेन सन्याल ने प्रकाश डालते हुए बताया कि शांतिनिकेतन में भारतीय सभ्यता-संस्कृति के अनुसार शिक्षण कार्य संपन्न करवाए जाते हैं गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर जो कि इस देश के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता थे,बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। कला,साहित्य ,संस्कृति, दर्शन, शिक्षा और धर्म के मर्मज्ञ थे। इसके बाद बारी-बारी से कॉलेज के विभागाध्यक्ष विस्तार से टैगोर के व्यक्तित्व और कृतित्व तथा उनके जीवन के योगदान पर प्रकाश डालें।कार्यक्रम में नृत्य-गीत-संगीत का दौर चला एक क बाद एक कलाकारों ने ममचन किए।कार्यक्रम का मंच संचालन दीपिका कुमारी तथा रेणुका साहू कर रही थी।इस कार्यक्रम में डॉ निवेदिता चौधरी ने चित्रकला पर,डॉ संजीव कुमार सिन्हा ने इतिहास साहित्य पर,डॉ आतिश रंजन ने टैगोर साहित्य पर, डॉ प्रभात कुमार सिन्हा ने टैगोर का साहित्यिक देन पर तथा प्रो महेश अमन ने टैगोर के नाटकों पर विस्तार से बातें रखी। जिसे उपस्थित छात्राओं ने मंत्रमुग्ध हो सुना। प्रगति वर्मा ने रविन्द्र संगीत पर बहुत सुंदर भरतनाट्यम नृत्य का मंचन किया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

## प्रखंड सभागार में प्रखंड स्तरीय त्रैमासिक पेंशन दिवस कैंप का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता



**जमुआ :** प्रखंड सभागार में मंगलवार को प्रखंड स्तरीय त्रैमासिक पेंशन दिवस कैंप का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ज्ञापन संख्या 1275 दिनांक 19/04/23 के आधार पर केंद्रीय प्रायोजित योजनाओं के अधीन राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम के तहत संचालित योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निष्पादन हेतु शिविर का आयोजन किया गया। कैंप को लेकर पूर्व में ही प्रचार प्रसार किया गया था साथ ही पंचायत में मुखिया वार्ड को इसकी जानकारी अपने पंचायत अधिक लोगो तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया था। ताकि सरकार की पेंशन जैसी योजनाओं से कोई वंचित ना रहे वही आज शिविर में लगभग 22 लोगो ने आवेदन जमा किया। कार्यक्रम में जमुआ पेंशन अधिकारी आशुतोष कुमार झा , पेंशन ऑपरेटर दीपक वर्मा ने लोगों का आवेदन जमा लिए। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने कहा प्रखंड के कोई भी जरूरतमंद पेंशन जैसी योजनाओं से वंचित ना रहे इसके लिए शिविर का आयोजन किया गया हैं और इस तरह के आयोजन लगातार कर के सभी लाभुको को पेंसन योजना से जोड़ना है।

## आज से जिला परिषद मैदान में एक्सपो डिज्नीलैंड मेला आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला परिषद मैदान में 10 मई से एक्सपो डिज्नीलैंड मेला को लेकर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान आयोजक मुन्ना सिंह ने मीडिया को बताया की जिला परिषद मैदान में जिला परिषद चेयरमैन शारदा सिंह एवं धनबाद थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता के द्वारा संध्या 6~30 बजे से एक्सपो डिज्नीलैंड मेला का उद्घाटन होगा। इस मेले में बच्चों के लिए विशेष मनोरंजन से भरपूर साधनों का भी ध्यान रखा गया। इस मेले में बच्चे और बड़ों के लिए कुल 20 तरह के झूले लगाए गए हैं जिसमें ब्रेक डांस, ज्वाइंट व्हील, कोलंबस ड्रैगन, चांद तारा झूला, मिकी माउस, धूम बाइक, मिनी ब्रेक हेलीकॉप्टर और हाउस राइड जैसे मनोरंजन झूले मौजूद होंगे। इस मेले में साइंस थ्रीडी शो भी देखने को मिलेंगे। हर मेले की तरह डिज्नीलैंड मेले में भी लोग अपने पसंद के सामान की खरीदारी कर सकेंगे। लोगों के लिए मेले में विभिन्न प्रांतों से आए लगभग 50 से अधिक स्टॉल होंगे जिसमें सहारनपुर, असम और त्रिपुरा के फर्नीचर वुडन हैंडीक्राफ्ट, कानपुर मुंबई के प्रसिद्ध फैंसी लेडीज सैंडल और बैग, भदोही का मशहूर कारपेट, गुजराती गलीचा और पर्दा आदि।

## भाजपा समर्थकों ने लोदना क्षेत्रीय कार्यालय का किया घेराव

प्रभात मंत्र संवाददाता



**झरिया :** लोदना क्षेत्र के प्रबंधन पर एंटी एसटी जीनागोरा के परियोजना क्षेत्र में कोयले की ग्रेड में हेरफेर कर चहेते डीईओ धारकों से कोयला डिस्पैच कराने का आरोप लगा। मंगलवार को भाजपा समर्थकों ने लोदना क्षेत्रीय कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। भाजपा लोदना मंडल के संयोजक शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के महिला व पुरुष समर्थकों ने लोदना और जयरामपुर से जुलुस निकालकर प्रबंधन विरोधी नारे लगाते हुए क्षेत्रीय कार्यालय में शक्ति प्रदर्शन किया। इस दौरान सभा में छोटू सिंह ने विक्रय प्रबंधक पर क्षेत्र में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन दिनों एंटी एसटी जीनागोरा में कोयले कि डिस्पैच करने कि आड़ मे घोटाले के लिए लूट मची हुई है। जिससे बीसीसीएल को रोजाना लाखों का नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। राजाराम पासवान ने कोयला घोटाले कि सीबीआई से जांच कराने कि मांग करते हुए जीएम को अल्टीमेटम दिया कि वे कोयला डिस्पैच कि आड़ में हो रही घोटाला पर चौबीस घंटे के अंदर रोक लगाऐं नहीं तो 12 मई से क्षेत्र में अनिश्चितकाल के लिए कोयला डिस्पैच बाधित किया जाएगा। सभा कि अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष राजाराम पासवान एवं संचालन रोहित कुमार बिंद ने किया। मौके पर राजाराम पासवान, रविशंकर सिंह, छोटू सिंह, टुना सिंह, पूर्व पार्षद संजय यादव, बबसुजीत सिंह, अरविंदम बनर्जी, संतोष शर्मा, छोटू सिंह, रविकांत पासवान, दिलीप भारती, बीरेंद्र वर्मा, शैलो पासवान, विजेंद्र सिंह, रामाधार सिंह, कुणाल सिंह, गोपाल बाउरी, रोहीत, दुर्गेश सहाय, निर्मला , गुड़िया, वमंजु देवी, विरजु दास, विजेन्द्र सिंह, संतोष आदि थे।

# हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की

➲20 सदस्यीय टीम में सिमडेगा जिला की दो सहित झारखंड के तीन खिलाड़ी सलीमा टेटे, संगीता कुमारी और निक्की प्रधान है

➲शीर्ष गोलकीपर सविता टीम की कप्तानी करेंगी और अनुभवी डिफेंडर डीप ग्रेस एक्का वाइस कैप्टन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** हॉकी इंडिया ने आज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 18 मई 2023 से एडिलेड में होने वाली तीन मैचों की सीरीज के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा की। वे ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैच भी खेलेंगी। यह दौरा सभी महत्वपूर्ण हांग्जो एशियाई खेलों 2023 से पहले टीम की तैयारियों का हिस्सा होगा। इस 20सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम में सिमडेगा की दो सहित झारखंड के तीन खिलाड़ी है, डिफेंडर में निक्की प्रधान, मिडफील्डर में सलीमा टेटे और फॉरवर्ड में संगीता कुमारी। निक्की प्रधान खूंटी जिला की है वही सलीमा टेटे और संगीता कुमारी सिमडेगा जिला के है और वर्तमान समय में तीनों ही खिलाड़ी रांची रेलवे में कार्यरत है। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय टीम का नेतृत्व शीर्ष गोलकीपर सविता करेंगी जिन्हें हाल ही में बलबीर सिंह सीनियर हॉकी इंडिया प्लेयर ऑफ द ईयर (2022) पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उप कप्तान के रूप में दीप ग्रेस एक्का द्वारा उनकी सहायता की जाएगी। बिछु देवी खारीबम दूसरे गोलकीपर हैं जिन्हें डिफेंडर्स दीप ग्रेस एक्का, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और गुरजीत कौर के साथ टीम में शामिल किया गया है। मिडफील्डर्स में निशा, नवजोत कौर, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति और बलजीत कौर शामिल हैं। भारत की फॉरवर्ड लाइन का नेतृत्व अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया करेंगी, जिनके पास 250 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय कैप हैं। उनके साथ लालरेमसियामी, संगीता कुमारी और शर्मिला देवी भी होगी । भारत 18 मई, 20 मई और 21 मई को ऑस्ट्रेलिया से और 25 मई और 27 मई को ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा। एडिलेड का मेट स्टेडियम सभी पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

# पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख राम उरांव की अध्यक्षता में हुई सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय भवन स्थित कार्यालय सभागार में 09 मई मंगलवार को प्रखण्ड प्रमुख श्री राम उराँव की अध्यक्षता मे एवं प्रखंड उप-प्रमुख मधुलिका रानी, प्रविपदा0 पवन कुमार महतो, अंचलाधिकारी कमलेश उराँव व प्रखंड के सभी विभागों के प्रमुख, पंचायत समिति सदस्यो की उपस्थिति में पंचयात समिति की बैठक आहुत की गयी। बैठक मे अंचल कार्यालय से दाखिल खारिज,बज्रपात मुवावजा राशि की आश्रितों की भुगतान, पंजी 02 मे छूटे हुए नामों की सुधार इत्यादि विषयो पर चर्चा की गई। वही बैठक मे पशुपालन,बाल विकास, चिकित्सा, आपूर्ति, पंचायतीराज, कृषि, कल्याण, शिक्षा, मनरेगा, पेयजल एवं स्वच्छ्ता, जेएसएलपीएस इत्यादि के द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं पर बैठक मे विन्दुवार चर्चा की गई। बैठक में प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राकेश कुमार ने कहा कि प्रखंड मे चिकित्सा भवन नही रहने के कारण मरीजों को उपचार मे कठिनाईयाँ होती हैं,अतः जबतक चिकित्सा भवन तैयार नही होती वैकल्पिक व्यवस्था के तहत प्रखंड कार्यालय के भवन मे ही चिकित्सा हेतु कमरा आवंटित किया जाये। शिक्षा के क्षेत्र मे चर्चा करते हुए प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने कहा कि प्रखंड के सभी स्कूलों में 5659 छात्रों का खाता खुल चूका है, और सरकार से मिलने वाले लाभ सभी खाताधारी तक पहुँच रही है, नवोदय विद्यालय के जाँच परीक्षा मे इस वर्ष कूल 137 छात्र शामिल हुए।

# पति हत्या के आरोप पर पत्नी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बुटी छोटका टोली में पति के हत्या के आरोप में पत्नी को गिरफ्तार मेडिकल जांच कराकर पुलिस ने भेजा जेल। सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी छोटका टोली ग्राम में पति पत्नी के बीच महीनों से चल रहा परिवारिक विवाद में पत्नी एतमनी देवी ने अपने पति दिलेश्वर उराँव का धारदार हथियार से मार कर हत्या के दी थी। जिसकी सूचना पुलिस प्रशासन को प्राप्त होते ही त्वरित कारवाई कर एतमनी को गिरफ्तार किया गया था। तथा हत्या में प्रयुक्त टांगी को बरामद करते हुए पुलिस द्वारा सख्ती से पूछ ताछ करने पर एतमनी देवी ने अपना जुर्म कबूल किया। अनुसंधान के दौरान हत्या कांड की गुथी सुलझाते ही मेडिकल जांचोपरत न्यायिक हिरासत में एतमनी देवी को लोहरदगा जेल भेजा गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने जानकारी देते हुए कहा कि पत्नी तीन वर्ष से पति का घर छोड़ अपने बेटी दामाद के घर गुमला जिला के घाघरा में रहती थी। और एक माह पूर्व पति के घर आई थी। इसी बात को लेकर शराब के नशे में आये दिन पति पत्नी के बीच विवाद होता था। जिससे तंग आकर पत्नी ने रविवार को टांगी से प्रहार कर पति की हत्या कर दी।

# पलमी के जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र के स्थान पर शीघ्र नया भवन बनवाएं विभाग : आलोक साहू



**भंडरा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भंडरा प्रखंड के ग्राम पलमी के ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ पलमी ग्राम पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए ।मौके पर ग्रामीणों ने बताया कि पलमी ग्राम में जो आंगनबाड़ी केंद्र था वह काफी जर्जर अवस्था में हो गया था कोई दुर्घटना नहीं हो इसलिए पुराने टूटे मध्य विद्यालय में विगत 10 वर्षों से आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है। यह भवन भी काफी जर्जर अवस्था में हो गया है ।जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र होने के कारण पलमी के लोग अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र में भेजने से परहेज कर रहे हैं इस वजह से यहां काम करने वाले सेविका एवं सहायिका परेशान हैं। ग्रामीणों ने श्री साहू से नया आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने की मांग किए। श्री साहू सेविका एवं ग्रामीणों के साथ जर्जन आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया तो पाया कि भवन काफी जर्जर अवस्था में है जो कभी भी ध्वस्त हो सकता है। श्री साहू ने ग्रामीणों को कहा कि लोहरदगा में उपायुक्त के द्वारा मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाया जा रहा है उसी तर्ज पर यहां मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने का प्रयास करेंगे ।श्री साहू ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नारायण राम को यहां की सारी वस्तु स्थिति से अवगत कराते हुए यहां नया मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र जल्द बनवाने की बात कहें। समाज कल्याण पदाधिकारी ने इस संबंध में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिए। मौके पर कांग्रेसी नेता परमेश्वर भगत, अमर साव, सेविका सुनीता उरांव सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# स्वच्छता ही जीवन का मूल पूंजी है : विकेश कुमार सिन्हा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड के अरु पंचायत ग्राम में जल सहियाओं ने स्वच्छता जगरुक्ता कार्यक्रम चलाया स्कूली छात्र छात्राएं सहित शिक्षक शिक्षिका हुए शामिल। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के अरु चौक, आदिवासी मुहल्ला, पंचायत भवन अरु, मध्य विद्यालय प्रांगण में पंचायत के जल सहिया हसीबुन खातून, उर्मिला देवी, सुनीता उरांव ने स्कूल तथा गाँव के चौक चौराहों में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। वही मध्य विद्यालय अरु के स्कूली बच्चों ने स्वच्छता अभियान में भाग लिया। मौके पर विद्यालय के सहायक शिक्षक विकेश कुमार सिन्हा ने कहा की जल सहियाओं ने विभिन्न गांवो में स्वच्छता के प्रति मेहनत कर रही है। वे इस लिऐ मेहनत कर रही है। की गांव के लोग स्वच्छता में ध्यान दें और जागरूक रहें। स्वच्छ रहने के लिए स्वच्छता जरूरी है। साथ ही कहा कि मनुषयः का जीवन मे अच्छा और खराब हर तरह का आदत होता है। जिसे गाँव घर और मुहल्ला को स्वच्छ रखने के लिये अच्छे आदत को अपनाना चाहिये। घर परिवार, गाँव मुहल्ला साफ सुथरा रहेगा तो बीमारी नही होगा। सभी लोग स्वच्छ रहेंगे। सभी लोग को दिनचर्या में स्वच्छता को शामिल करना चाहिये। वही जल सहिया हसीबून खातून ने कहा कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत अरु कल्हेपाट, जोगना सहित अन्य राजस्व गांव में जागरूक करने का प्रयास कर रहें हैं। और जल संचय, सोखता गढ़ा तथा खराब पड़ा नल कूप का सर्वे कर हेंडपंप को बनाने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को सूची उपलब्ध करा कर बनवाने का प्रयास किया जा रहा है। मौके पर राजेश उरांव, हसीबून खातून, उर्मिला देवी, सुनीता उरांव सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं शामिल थे।

# थाना प्रभारी व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** उडुमुडू गांव मे मंडा पूजा का आयोजन हर साल की भांति इस साल भी बहुत धूमधाम से किया गया। जिसमें फुलखुंदी और झूलन के पश्चात सोमवार रात को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे कुडू थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरजू कुमार साहू, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष संजय चौधरी, रामदीप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का रंगारंग शुरुआत किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने कहा कि समाज के सभी लोगों को मिलजुलकर और शांति व्यवस्था को बनाते हुए कार्यक्रम को करें और सफल बनाएं। वहीं सरजू कुमार साहू ने कहा कि मंडा पूजा सरना सनातन संस्कृति का एक अनूठा संगम है।



हम सभी मिलकर इस कार्यक्रम को करते हैं लेकिन अभी कुछ असामाजिक तत्व के लोग और कुछ बाहरी शक्तियां हमारे सरना सनातन समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं। जिससे हमें बचना होगा और उसे मुंहतोड़ जवाब देना होगा। इस दौरान आयोजन कमेटी के अध्यक्ष राजदीप सिंह,मुख्य संरक्षक सुरेंद्र सिंह, सक्रिय सदस्य राजदीप सिंह, संजय साहू, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, सचिव दीपक महतो, उपसचिव शिवराम, कोषाध्यक्ष कृष्णा साहू, उप कोषाध्यक्ष रामेश्वर साहू, सतीश ठाकुर, रितेश सिंह, शुभम महतो, धनंजय प्रसाद, अवध साहू, राजदेव सिंह, सूरज साहू, छोटू सिंह, प्रकाश महतो, शुभम ठाकुर, बालक साहू, बहादुर साहू, पंकज साहू, बादल सिंह, शिवानंद प्रसाद, रोहित साहू, ज्योति उराँव, सुबोध उरांव, सतीश उराँव, तेम्बा उरांव, सुनिल साहु आदि लोग उपस्थित थे।

# ममता बनर्जी ने द केरल स्टोरी पर लगाए गए प्रतिबंध से कट्टरपंथियों का बढ़ेगा मनोबल : ओमप्रकाश सिंह



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने द केरल स्टोरी पर बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के द्वारा पाबंदी लगाये जाने की घोर निन्दा की है। उन्होंने कहा है कि बंगाल सरकार का यह निर्णय वोट बैंक की सस्ती राजनीति से प्रेरित है। ममता बनर्जी के इस निर्णय से कट्टरपंथियों का मनोबल बढ़ेगा। बंगाल सरकार का यह मनमाना फैसला है। श्री सिंह ने कहा है कि सेंसरबोर्ड के द्वारा इस फिल्म की स्वीकृति प्राप्त है, इस फिल्म पर उठाई गई आपत्तियों को उच्च न्यायालय तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया हो तो उसे प्रतिबंधित करना न्यायालय का अवमानना माना जाएगा। भाजपा नेता के कहा है कि द केरल स्टेरी में छल-कपट से धर्मांतरण करने वाले जघन्य अपराधो को उजागर करने का काम किया गया है, वैसे संगठनों के कृत्यों को भी बेनकाब करने की कोशिश की गई है, जो देशद्रोही तथा समाज को तोड़ने का कार्य कर रही है। श्री सिंह ने मध्यप्रदेश तथा उत्तर प्रदेश सरकारों की सराहना करते हुये कहा है कि इन सरकारों ने अपने राज्यों में इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की घोषणा कर लव जिहाद तथा आतंकवादी संगठनों के प्रति जनचेतना बढ़ाने का ही कार्य किया है।बंगाल सरकार के द्वारा द केरल स्टोरी को बंगाल में प्रतिबंध लगाने पर घोर निन्दा की,निन्दा करने वालों

# सड़क दुर्घटना को आंजम दे छुपाया गया ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** कंडरा चौक में सड़क दुर्घटना को आंजम दे फरार ट्रैक्टर को पुलिस ने जब्त कर कांड दर्ज करते हुए अग्रतर कारवाई में जुट गई। सेन्हा थाना क्षेत्र के कंडरा चौक में बाइक सवार को धक्का मार ट्रैक्टर फरार हो गया था। सड़क दुर्घटना में दो युवती गम्भीर रूप से घायल हो गई थी। जिसका प्राथमिक उपचार सेन्हा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सको द्वारा करते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेजा गया था। परंतु इलाज के दौरान कोयनारा टोंगरी टोली निवासी पातरिक बिलु की पुत्री रितिक बिलु का मौत हो गया था। युवती के मौत की सूचना पर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने घटना को संज्ञान में लेते हुए अज्ञात फरार ट्रैक्टर जे एच 08 एफ 4582 को जब्त कर सेन्हा थाना कांड के आलोक में पुलिसिया कारवाई किया गया। और चालक की गिरफ्तारी के लिये पुलिस कारवाई कर रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान ने कहा कि सड़क दुर्घटना की सूचना के पश्चात पुलिस कारवाई आरम्भ कर दिया गया था। छानबीन के दौरान पता चला कि अज्ञात फरार ट्रैक्टर जमुरा निवासी सुनील भगत का है। जिसके विरुद्ध कारवाई करते हुए ट्रैक्टर को जब्त किया गया है।

# आम बागवानी हेतु गड्ढा खोदो अभियान का किया गया शुरुआत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जलडेगा :** जलडेगा प्रखंड के लोमबोई पंचायत के तिलाईजारा गांव में मनरेगा योजना अंतर्गत आम बागवानी हेतु गड्ढा खोदो अभियान की शुरुआत पंचायत की मुखिया शिशिर डांग ने गढ्डा खोदकर मंगलवार को शुरुआत की । इस दौरान मुखिया शिशिर डांग ने कहा कि आम बागवानी योजना महत्वपूर्ण योजना है, इससे फलदार पेड़ पौधे लगाकर भविष्य के लिए आमदनी का जरिया बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण को भी संतुलित रखा जा सकता है, उन्होंने कहा कि किसान खेती बाड़ी करते खाली जमीन पर वृक्षारोपण का कार्य करें, इससे कई फायदे मिलेंगे, मौके पर पंचायत सचिव अमित आशीष डुंगडुंग, रोजगार सेविका सरोजनी, स्वयंसेवक कलविन डांग सहित श्रमिक एवं लाभुक उपस्थित थे, मुखिया ने बताया कि आगामी वित्तीय वर्ष में पंचायत में 22 लाभुकों के माध्यम से 15 एकड़ जमीन पर फलदार पौधो का वृक्षारोपण का कार्य किया जाएगा।

## गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर का हुआ शुभारंभ


**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यार्थियों को चरित्रवान,बलवान एवं संस्कारवान बनाने के पवित्र उद्देश्य को लेकर झारखंड एवं समीप के सुयोग्य शिक्षकों की देखरेख में सात दिवसीय युवा चरित्र निर्माण शिविर आगामी 9 मई से 15 मई तक आयोजित है। इस संबंध में गुरुकुल के आचार्य शरचचंद्र आर्य ने बताया कि शिविर में 15 वर्ष से 25 वर्ष तक के युवा भाग ले रहे हैं।

# टीपीसी के नाम पर 5 लाख लेवी की मांग, नही देने पर जान मारने की धमकी चिपकाया पोस्टर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा में उग्रवादियों के नाम पर एक बार फिर से आपराधिक मामला गरमाया है पिछले दो तीन महीनों में उग्रवादियों के नाम पर जिले में कई मामले सामने आये है जिस पर जिला प्रशासन ने बड़ी गंभीरता तथा और हिम्मत के साथ कार्यवाही करते हुए कई उग्रवादियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा है परंतु इस बार मामला सदर थाना क्षेत्र के निंगनी गंगूपारा स्थित गुलाब ईट भट्ठा की है जहाँ भट्ठा मालिक उपेंद्र साहू से टीपीसी के नाम पर 5 लाख रुपये की लेवी की मांग की गई है। जिसे देने पर उपेंद्र साहू के असमर्थता जताने पर रविवार की रात्रि उनके घर पर अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोली चलाते हुए हस्तलिखित पोस्टर चिपका कर उपेंद्र साहू को 24 घंटे के अंदर 5 लाख रुपये देने की बात कहते हुए धमकी दी है और नही देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी भी दी



गई है। घटना की सूचना पर एसडीपीओ बीएन सिंह एवं सदर थाना प्रभारी अनिल उरांव दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर छानबीन की साथ ही घर के बाहर दीवार पर सटे पोस्टर एवं घर पर चली गोली का खोखा को कब्जे में लेते हुए जांच में जुट गई है इधर उपेंद्र कुमार साहू के परिवार भी काफी दहसत में है,इधर उपेंद्र साहू ने बताया कि विगत 20 अप्रैल को उनके मोबाइल पर एक गुमनाम फोन आया जिसमें खुद को टीपीसी का अजय जी बताते हुए संगठन की मजबूती के लिए मदद करने की बात कही और 5 लाख रु की मांग की गई थी वही 23 अप्रैल को पुनः उसी नंबर से दुबारा फ़ोन कर 15 दिनों के अंदर 5 लाख रुपये लेवी मांगी गई थी जिसके बात अंतिम फोन 29 अप्रैल को करते हुए 5 लाख रुपये जुगाड़ होने की बात पूछी गई जिसपर उपेंद्र कुमार साहू ने असमर्थता जताते हुए पैसा नही होने की बात कही जिसके बाद फ़ोन करने वाले ने उन्हें बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी थी।जिसके बाद रविवार की देर रात पीड़ित के घर के दीवार पर टीपीसी के नाम का पोस्टर साटा गया और दीवार पर गोली चलाई गई। जिसे क्षेत्र में पूरा डर का माहौल बना हुआ है वही पुलिस ने घटना मामले की पूरी जानकारी लेते हुए मामले दर्ज किये है तथा इस घटना मामले में गहराई से जांच पड़ताल कर रही है।

# वनाधिकार कानून के तहत हुई ग्राम सभा की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पाकरटाड़ प्रखंड अंतर्गत सरखु टोली में वनाधिकार कानून 2006 के तहत ग्राम सभा की बैठक जेवियर बिलुंग की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में झारखंड जंगल बचाओ आंदोलन जन संगठन के अनूप लकड़ा, खुशीराम कुमार एवं आदिवासी उमेन्स नेटवर्क के रेजिना टोप्पो को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर अनूप लकड़ा ने कहा कि वनाधिकार कानून के उल्लंघन या इसके क्रियान्वयन में बाधा डालने पर दंडात्मक कानूनी करवाई करने का अधिकार है, वनाधिकार कानून के क्रियान्वयन में कोई प्राधिकरण, समिति या अधिकारी या सदस्य बाधा उत्पन्न करे या वनाधिकार मान्यता के नियमों का उल्लंघन करे तो वह या वे अपराध के दोषी समझे जायेंगे तथा उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाई एवं जुर्माने से डंडित किये जाने की भागी होंगे। (धारा 7 के तहत)।यदि अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के किसी सदस्य को गलत तरीके से वनाधिकार से वंचित या बेदखल किया जाता है तो वह अनुसचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार एवं उत्पीड़न निवारण) संशोधित अधिनियम 2015 के धारा 3.1 (छ) तहत एक अपराध है और अपराधी पर इस कानून के तहत कानूनी कार्यवाई होगी। खुशीराम कुमार ने कहा कि फॉरेस्ट राइट एक्ट 2006 आदिवासी जनजाति एवं अन्य परम्परागत वन निवासी (वनों पर अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2 2006, भारतीय संसद द्वारा पारित एक सशक्त केंद्रीय कानून है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

(2nd Call)

निविदा सूचना संख्या – DWSD/SVS (JJM)/Med-34/2022-23 दिनांक 09.05.2023

| Sl. No. | Name of Work / Group No. | No. of Schemes | Estimated Cost (Rs.) | Bid Security (Rs.) | Cost of BOQ (Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | केन्द्र प्रायोजित योजना ''जल जीवन मिशन'' के अन्तर्गत :– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT/GPT (Solar Based) 01/2.0 H.P. D.C Motor Pump complete set for different tolas of concern villages which is not included in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 15/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23. | | | | | |
| 1 | **Chauffal group** of svs scheme under Panchayat Pakariya, Block Panki **(Group No. 01)** | 3 | 3208677.00 | 64500.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 2 | **Tilamba group** of svs scheme under Panchayat Loharshi, Block Panki **(Group No. 06)** | 1 | 605689.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 3 | **Kerwatanr group** of svs scheme under Panchayat Naudiha-2, Block Panki **(Group No. 07)** | 1 | 609081.00 | 12500.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 4 | **Shankardih group** of svs scheme under Panchayat Guri, Block Bishrampur **(Group No. 21)** | 1 | 1195675.00 | 24000.00 | 2500.00 | 03 Month |
| 5 | **Kumhardih group** of svs scheme under Panchayat Manjhouli-2, Block Tarhasi **(Group No. 29)** | 3 | 2640114.00 | 53000.00 | 5000.00 | 03 Month |
| 6 | **Karma group** of svs scheme under Panchayat Kasmar, Block Tarhasi **(Group No. 31)** | 1 | 831468.00 | 17000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| 7 | **Mukundpur group** of svs scheme under Panchayat Tarhasi, Block Tarhasi **(Group No. 33)** | 1 | 597338.00 | 12000.00 | 1250.00 | 03 Month |
| | **Total :-** | **11 Nos.** | | | | |
| 2 | Date & time of Tender Uploading on Website | **12.05.2023 / 12.30 P.M.** | | | | |
| 3 | Date & time of Document Download start date | **12.05.2023 / 12.35 P.M.** | | | | |
| 4 | Last date & time of Bid Submission | **17.05.2023 / 05.00 P.M.** | | | | |
| 5 | Last date time of Submission Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | **18.05.2023 / 05.00 P.M.** 1. Office of the Superintending Engineer, DW&S Circle, Medininagar 2. Office of the Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 6 | Date & time of Opening Tender | **19.05.2023 / 04.00 P.M.** | | | | |
| 7 | Name & Address of Office inviting tender | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 8 | Name & Address of Tender Opening officer | Executive Engineer, DW&S Division, Medininagar | | | | |
| 9 | Contact No. of Procurement office | 9835068475 | | | | |
| 10 | Help No. of e-Procurement Cell | 0651-2490920 | | | | |

नोटः– विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0–231 (स्वी0) रांची, दिनांक 14.02.2023
निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 296964 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## चलते चलते एक नजर

### सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल मे लगा नेत्र रोग जांच अभियान

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर के नेत्र विभाग द्वारा पिछले दो महिनों में रेटिनल विकार (नेत्र रोग) संबंधी 300 से अधिक रोगियों का सफलतापूर्वक जांच किया गया। कुछ मरीजों को फंडस फ्लोरेसिन एंजियोग्राफी करायी गयी और उन्हें उचित सलाह दी गयी। विशेषज्ञों की टीम ने मरीजों को एफएफए डायबिटिक रेटिनोपैथी, उम्र से संबंधित धब्बेदार अध-पतन, रेटिनल वेनस ऑक्लूजन, आदि जैसे कई दृष्टि संबंधी विकारों के प्रबंधन संबंधी चिकित्सीय परामर्श दिये गये। इसी क्रम में रेटिनल कैमरा की मदद से विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिशुओं की भी स्क्रीनिंग की गई थी। सीसीएल द्वारा निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र के कुशल मार्गदर्शन में समय-समय पर विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में डॉ उत्पला चक्रवर्ती एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### श्री महावीर मंडल रांची ने मंदिर में किया हनुमान चालीसा का पाठ

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के आह्वान पर श्री महावीर मंडल रांची के द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ एवं आरती रांची के सभी प्रमुख मंदिरों में किया गया।आयोजन में मुख्यरूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय सचिव विरेंद्र साहू उपस्थित थे ।इस मुख्य आयोजन में श्री महावीर मंडल रांची के पूर्व अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्रा , श्री महावीर मंडल रांची के अध्यक्ष अशोक पुरोहित , मंत्री कैलाश केसरी , उपाध्यक्ष राहुल सिन्हा चंकी,गोपाल पारीक, इंदर सिंह, उपेंद्र रजक , अमित केसरी,अमित तिवारी ,साहिल कुमार, मनीष सिंह, कैलाश पारीक, अमित पाल एवं दर्जनों भक्तगण शामिल थे।

### प्रमोद कुमार बेहेरा एचईसी की हर समस्याओं से निपटने को हैं तैयार

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उड़ीसा राज्य के केन्द्रपाड़ा जिला स्थित चंदनपुर गांव निवासी प्रमोद कुमार बेहेरा अपने कठिन परिश्रम और जुनून के बल पर आज महाप्रबंधक एचईसी के पद पर पदस्थापित हैं। उन्होंने महाप्रबंधक के पद तक का सफर गरीब परिवार में भाई बहन के बीच रह कर पढ़ाई की और कई चुनौतियों का सामना करते हुए मंजिल प्राप्त किया । प्रमोद बेहेरा परिस्थितियों के अनुरूप सटीक निर्णय लेने का अद्भुत क्षमता और मिलनसार अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं । प्रमोद कुमार बेहेरा एचईसी की समस्याओं के निदान हेतु हर सम्भव प्रयास करते हुए एचईसी के विकास के लिए पहल कर रहे है । एचईसी महाप्रबन्ध से पूर्व इन्होंने इस्पात, बिजली, खनन और भारी उद्योग मंत्रालय सेवा की । उन्हें झारखण्ड ( जेआरयू ) विश्वविद्यालय रांची से ( पीएचडी )डॉक्टरेट की डिग्री मिली ।




# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहल पर मणिपुर में फंसे झारखंड के 21 विद्यार्थियों की हुई सकुशल वापसी

**सभी विद्यार्थियों ने मणिपुर में जारी हिंसा के बीच सकुशल वापसी के लिए मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की संवेदनशीलता, व्यक्तिगत प्रयास और त्वरित पहल से मणिपुर के हिंसा ग्रस्त क्षेत्र में फंसे झारखंड के 21 छात्र-छात्राओं की की आज सकुशल वापसी हुई। इन सभी विद्यार्थियों को आज सुबह इंफाल से पटना के लिए एअरलिफ्ट किया गया और फिर पटना से 18 छात्र- छात्राओं को बस से रांची लाया, जबकि तीन विद्यार्थी पटना से अन्य जिलों में स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गए। इन सभी विद्यार्थियों ने मणिपुर में जारी हिंसा के बीच सकुशल झारखंड वापसी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया है।





**श्रम विभाग को 34 विद्यार्थियों की मिली थी सूची:** ज्ञात हो कि श्रम विभाग के राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष को झारखंड के वैसे 34 छात्र-छात्राओं की सूची प्राप्त हुई थी, जो मणिपुर हिंसा में फंसे हुए थे। इनमें इनमें से 22 विद्यार्थी झारखंड स्थित अपने घर वापस आना चाहते थे । मणिपुर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय आईआईटी मणिपुर और अन्य विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे रांची, पश्चिमी सिंहभूम, पूर्वी सिंहभूम, बोकारो और धनबाद के 21 विद्यार्थियों को वापस लाने के लिए राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष ने पहल शुरू की। इसके बाद राज्य सरकार के श्रम विभाग और आपदा प्रबंधन विभाग के सहयोग से इनका हवाई टिकट कंफर्म किया गया। इस क्रम में सभी विद्यार्थियों को एयर लिफ्ट करा कर पहले इंफाल से पटना लाया गया। इसके बाद रांची जिला प्रशासन के द्वारा विद्यार्थियों को रिसीव करने के लिए एक अधिकारी को पटना भेजा गया। वहां से ये अधिकारी 18 विद्यार्थियों को बस से लेकर रांची आएं। वहीं, अन्य 3 विद्यार्थी पटना से ही अन्य जिलों में स्थित अपने घर के लिए रवाना हो गए।

### तीन योजनाओं के आठ साल पूरे होने पर पीएम ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के आठ साल पूरे होने पर लाभार्थियों को बधाई दी है।प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त मंत्रालय के एक ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 8 साल पहले शुरू की गई जन सुरक्षा योजनाएं करोड़ों भारतीयों के लिए मजबूत समर्थन का स्रोत रही हैं। उन्होंने लोगों को एक प्रभावी सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान किया है। सभी लाभार्थियों को मेरी शुभकामनाएं।

## झारखंड में तपती धूप ने बढ़ाई परेशानी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में तपती धूप ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। सुबह आठ बजे के बाद घर से निकलना मुश्किल हो गया है। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा तापमान गोड्डा का 47.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है। सबसे कम तापमान रामगढ में 22.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने मंगलवार को बताया कि अभी तापमान में और वृद्धि होगी, अभी मौसम शुष्क रहेगा। तापमान में तीन से चार डिग्री की बढ़त दर्ज की जा सकती है। राज्य के कई शहरों में तापमान 40 तक पहुंच गया है। लोगों को बढ़ते तापमान से सतर्क रहने की जरूरत है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए अपनी सुविधानुसार दिनचर्या में बदलाव जरूरी है। मौसम विभाग ने कहा है कि थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। विभाग ने बताया कि 11 मई से 14 मई तक राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। हालांकि, इससे तापमान में कमी नहीं होगी। लोगों को गर्मी का एहसास होगा। उमस का भी सामना करना पड़ेगा। 13 मई तक तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जायेगी।

## पलामू के बच्चों को भौतिकी के गुर सिखाएंगे डॉ. एचसी वर्मा : अविनाश देव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मंगलवार को संत मरियम स्कूल के नावाहाता प्रागंण में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह सदस्य माटी कला बोर्ड झारखंड सरकार अविनाश देव और दृश्यम कोचिंग संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण दुबे द्वारा संयुक्त रूप से प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। मौके पर अविनाश देव ने कहा की अनेकों पुस्तकों के लेखक, करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्त्रोत, पद्म श्री डॉक्टर एचसी वर्मा का आगमन 12 मई को पलामू की धरती पर हो रहा है। 13 मई को जेएमपी कॉम्पलेक्स के सभागार में सुबह 11 बजे से वे पलामू के सभी छात्रों के साथ सेमिनार में हिस्सा लेंगे। तत्पश्चात् संध्या 7 बजे से शहर के तमाम बुद्धिजीवी शिक्षाविद लोग उनके साथ समय को साझा करके उनके अनुभवों का लाभ उठाएंगे। आगे श्री देव ने कहा की यह पलामू के लिए बड़े गर्व की बात है कि भारत के पद्मश्री डॉक्टर एचसी वर्मा का आगमन पलामू के धरती पर हो रहा है। पलामू में शिक्षा की दशा और दिशा को बेहतर बनाने की दिशा में सर का आगमन मिल का पत्थर साबित होगा। शहर के सभी सीनियर विद्यार्थियों व बुद्धिजीवी लोगों से मेरा अपील होगा कि वे सेमिनार का हिस्सा बनकर पलामू को विकास के चरमोत्कर्ष पर ले जाने में अपनी अहम भूमिका निभाए। दृश्यम कोचिंग संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रवीण दुबे ने कहा की डॉक्टर एचसी वर्मा सर का आगमन पलामू वासियों के लिए हर्ष की बात है। पलामू में शिक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने में ऐसे महान विभूति का योगदान और मार्गदर्शन एक नई लकीर खीचेगा। हमलोग प्रयासरत है की समय समय पर ऐसे महान लोगो से छात्रों को रूबरू करवाया जाए। ताकि वे प्रेरित होकर अपनी मंजिल को पा सके।



## पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशक अनुराधा मोइत्रा के निधन पर शोक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशक अनुराधा मोइत्रा ( 79 ) का निधन . सोमवार को देर रात कोलकाता में इलाज के दौरान हो गया. वे लम्बे समय से बीमार चल रही थी. वे मेदिनीनगर के बेलवाटिका की रहने वाली थी. श्रीमती मोइत्रा को पलामू की पहली महिला नाट्य निर्देशक माना जाता है. उन्होंने बच्चो से नाटक प्रस्तुत करवा कर सुर्खिया बटोरी. दुर्गा बाड़ी के रंगमंच पर उन्होंने सबसे पहले झालापाला नामक नाटक के माध्यम से अपने निर्देशकीय यात्रा की शुरुआत की थी. इसके बाद उन्होंने करीब तीन दशक तक दुर्गा बाड़ी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रीय भागीदारी निभाई. उन्हें सभी रंगकर्मी आदर से बोउ माँ कहा करते थे. उनके तीन पुत्र देवेश मोइत्रा ( चंचल) , स्नेहेश मोइत्रा (कुंतल) व उत्पल मोइत्रा (उतु ) तथा पुत्री इला आचार्या (शुभा) हमेशा शहर में होने वाले नाटक व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में अपने माँ की दिशा निर्देश से अहम भूमिका निभाते रहे. उन्होंने कई रंगकर्मियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनकर काम किया. उनके निधन से कलाकारों में बंगाली समाज में शोक का लहर है. उनके निधन पर बंगाली समिति के अध्यक्ष प्रभास रंजन दासगुप्ता ने कहा की श्रीमती मोइत्रा का निधन रंगमंच की अपूरणीय क्षति है, दुर्गा बाड़ी सञ्चालन समिति के सचिव दिवेन्दु गुप्ता ने अनुराधा मोइत्रा समाज के लिए एक सदमा बताया. मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव सैकत चटर्जी ने कहा की रंगमंच अपनी एक माँ को खो दिया। उनके निधन पर बंगाली समिति व दुर्गा बाड़ी के देवाशीष सेनगुप्ता, सौभिक दत्ता, अरुण राय, संजीत दासगुप्ता, प्रमोद दासगुप्ता, सुजीत कुमार माइती, शुभंकर चक्रवर्त्ती, गौतम घोष, आशीष दासगुप्ता, प्रसेनजीत बोराल, मधुमिता घोष, अमिताभ राय,सनत चटर्जी, प्रसेनजित दासगुप्ता, प्रियंकर बागची, कुमार अरिंदम, अर्पिता दासगुप्ता, संजीव बोराल, नयन गोस्वामी, अशोक चक्रवर्त्ती, दीपक मजूमदार,नीलकमल भट्टयाचार्य, डॉ एसके रॉय, सुजीत कुमार घोष, गौतम सेनगुप्ता, जया चटर्जी, सौमित्रो भट्टयाचार्या, इप्टा के उपेंद्र मिश्रा, प्रेम प्रकाश, रविशंकर, अमित कुमार भोला, पॉप स्टार ओर्केस्ट्रा के मुकेश सिन्हा मंटू, शर्मिष्ठा सिन्हा, सुमित भट्टयाचार्य, मासूम आर्ट ग्रुप के विनोद पांडेय, मुनमुन चक्रवर्त्ती, अमर कुमार भांजा, परिमल भट्टयाचार्य, उज्जवल सिन्हा, अविनाश तिवारी, संजीव सिंह, कमलकांत कुमार, मनीषा सिंह आदि ने शोक ब्यक्त किया है.



### 15 स्थानों पर एनआईए ने मारे छापे

**श्रीनगर।** आतंकवाद से संबंधित एक मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने श्रीनगर सहित जम्मू और कश्मीर में 15 स्थानों पर छापे मारे। छापेमारी फिलहाल जारी है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि एनआईए के अधिकारियों ने जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की सहायता से जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर, शोपियां, कुलगाम, बडगाम, बारामूला, अनंतनाग, पुंछ और राजौरी जिले में छापेमारी की। एक अधिकारी ने छापेमारी की पुष्टि की और कहा कि यह तलाशी अभियान पाकिस्तानी कमांडरों, संचालकों के इशारे पर विभिन्न छद्म नामों के तहत संचालित आतंकी समूहों द्वारा रची गई आपराधिक साजिश से संबंधित है। श्रीनगर में एनआईए की टीमों ने जामिया मस्जिद के पास कुरसू राजबाग में मोहम्मद अय्यूब पख्तून, तारिक अहमद और स्वर्गीय हबीबुल्लाह पख्तून के सफीन पुत्रों के संयुक्त आवासीय घर पर छापा मारा।

## सभी क्षत्रिय को एक होने की जरूरत : मनोज सिंह

**महाराणा प्रताप की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए भावी मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** महाराणा प्रताप की जयंती गुरू तेग बहादुर मेमोरियल हॉल मेदिनीनगर में बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ट्रस्ट ने कार्यक्रम का आयोजन कर महाराणा प्रताप के जीवन सिद्धांतों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह एवं कार्यक्रम का संचालन सुशील सिंह ने किया। अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात उपस्थित सभी क्षत्रियों को साफा बांधकर एवं पुष्प देकर उनका स्वागत किया गया। जयंती कार्यक्रम में उपस्थितजनों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर महाराणा प्रताप के गौरवशाली इतिहास को याद किया। इस मौके पर पलामू मुखिया संघ के अध्यक्ष उदय सिंह ने कहा की महाराणा प्रताप के उज्जवल इतिहास को सामने लाने की आवश्यकता है। महाराणा प्रताप के जीवनवृत्त व उनके समाज और राष्ट्र को दिये योगदान को आने वाली पीढ़ियों को बताने की जरूरत है। नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि सभी क्षत्रियों को आज एक होने की जरूरत है। अलग रह कर हम समाज का कल्याण नहीं कर सकते। क्षत्रियों के शासन में भारत का स्वर्णिम काल रहा है। सभी क्षत्रियों को एक होकर समाज के सभी जातियों का कल्याण करने की आवश्यकता है। पूर्व महापौर मेदनीनगर मंगल सिंह ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि क्षत्रिय समाज एक हो रहा है। हम सभी से जितना हो सकेगा सहयोग करने की आवश्यकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सूर्यांश प्रताप सिंह, महाराणा सिंह, डॉ अनिल सिंह, डॉ अवधेश सिंह, अजय सिंह, रूपा सिंह, सोमेश सिंह, सुमिता सिंह, रूबी सिंह, सुमन सिंह, आलोक सिंह आदि उपस्थित थे।



## आशी केयर अस्पताल ने किया निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** मंगलवार को आशी केयर अस्पताल, पांकी रोड, रेड़मा, द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क परामर्श एवं जाँच शिविर आयोजित किया गया।इस शिविर में मुख्य अतिथि मेयर अरुणा शंकर का स्वागत डॉक्टर रेणु यादव ने पुष्पगुच्छ दे कर किआ तथा कार्यक्रम की शुरुवात हिंदी की प्रख्यात विद्वान डॉ प्रमिला पाठक, नेचर क्लब सोसाइटी के संस्थापक डी एस श्रीवास्तव, के जी गर्ल्स हाई स्कूल की प्राचार्या सुषमा मेम आदि ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर की।इस शिविर में डॉ रेणु यादव (संजय गाँधी मेमोरियल हॉस्पिटल, नई दिल्ली) ने अपनी सेवा दी। अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी जी ने बताया की इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि कोई भी प्रसूता महिला अपना प्रसव सुरक्षित करा सके और वो भी डॉक्टर की उचित सलाह के साथ करा सके। पलामू ओर आस पास में ऐसी कितनी ही महिलायें है जो निर्धनता के कारण अपना इलाज सही समय पर नही करा पाती है और जिसका खामियाजा आये दिनों जच्चा या बच्चा के मौत के रूप में देखने को मिलता है , इसपे विशेष रूप में ध्यान देने हेतु ही ये शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में 56 प्रसूता मरीजो को निःशुल्क जांच व परामर्श दिया गया। इस अवसर पर उपनेदशक अमितेश पाण्डेय, अस्पताल प्रबंधक डॉ राहुल, सिस्टर डेजी, सिस्टर प्रतिमा, लेब तकनीशियन ललन कुमार, हेल्प डेस्क कर्मचारी प्रेरणा, अनूप, अभिषेक तथा अस्पताल के सभी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## झारखण्ड पुलिस सेवा के पदाधिकारियों की औपबंधिक वरीयता की सूची जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड पुलिस सेवा के पदाधिकारियों की औपबंधिक वरीयता की एक सूची गृह विभाग के द्वारा जारी की गई है। यह सूची सभी प्रक्षेत्र के आईजी, डीआईजी, वरीय पुलिस अधीक्षक, एसपी के कार्यालय को भी उपलब्ध करा दी गयी है। संबंधित पुलिस पदाधिकारी वरीयता सूची में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर गृह विभाग में आवेदन दे सकते हैं। 260 झारखंड पुलिस सेवा के पदाधिकारियों की वरीयता सूची में सरोजनी लकड़ा, एलमेड़ा एक्का, शिवेंद्र , सादिक अनवर रिजवी, अरविंद कुमार सिंह, विकास कुमार पांडे, विजय आशीष कुजुर, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, राजेंद्र कुमार चौधरी, शत्रुघ्न रजक, दीपक कुमार शर्मा ,राजकुमार मेहता, शंभू कुमार सिंह, अजय कुमार सिन्हा, अनुदीप सिंह, पूज्य प्रकाश, दीपक कुमार, सहदेव साव, मजरूल होदा, अमित कुमार सिंह, अजीत कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, दीपक कुमार पांडे, अनिमेष नैथानी, अजय कुमार, आरिफ एकराम, विमल कुमार, अविनाश कुमार, मनीष टोप्पो, कैलाश करमाली, पीतांबर सिंह खेरवार, रोशन गुड़िया, श्री राम समद, निशा मुर्मू, सुरजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार चौधरी, राहुल देव बड़ाईक, क्रिस्टोफर केरकेट्टा, प्रभात रंजन बरवार, अनूप कुमार बड़ाईक, समीर कुमार तिर्की ,हीरालाल रवि, वचनदेव कुजुर, रजत मणि बाखला, विनोद कुमार महतो, विनोद कुमार महतो, शशि प्रकाश। अजय कुमार ,जगदीश प्रसाद, अमित कुमार, सतीश चंद्र झा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, वेंकटेश्वर रमण ,प्रमोद कुमार केसरी, संदीप कुमार गुप्ता, विकास चंद्र श्रीवास्तव, सुमित कुमार ,राजा कुमार मित्रा, राजकिशोर ,अजीत कुमार विमल, चंदन कुमार वत्स, ज्ञानरंजन, कैसर अली, पवन कुमार ,अमर कुमार पांडे, मनोज कुमार महतो, रणवीर सिंह, मनोज कुमार झा ,अभिषेक कुमार, धीरेंद्र नारायण बंका, प्रकाश तिवारी ,सुदर्शन कुमार आस्तिक, संजय कुमार, विजय कुमार महतो ,प्रवीण कुमार सिंह, नीरज कुमार, संजीव कुमार बेसरा, अजीत कुमार सिन्हा, अजय केरकेट्टा, जयदीप लकड़ा, विनोद रावानी, मनीष कुमार, जीत वाहन उरांव,नजीर अख्तर, दिलीप खलखो ,अशोक कुमार सिंह ,संतोष कुमार, सुनील कुमार रजवार, मुजीब उर रहमान. भूपेंद्र प्रसाद रावत, आनंद ज्योति मिंज, तौकीर आलम, समीर कुमार सवैया श्रद्धा केरकेट्टा, बहामन टूटी, पूनम मिंज, बैजनाथ प्रसाद फैज अकरम, दीपक कुमार, अमित कुमार कच्छप, प्रदीप उरांव, अरविंद कुमार वर्मा, विकास आनंद लागुरी ,संदीप भगत, अनुज उरांव ,प्रदीप पाल कच्छप, प्रकाश सोए, आशीष कुमार महली, अरविंद सिंह बिन्हा, शकील आबिद शम्स, मंगल सिंह जमुदा, नवनीत एंथोनी हेंब्रम, कपिंदर उरांव , विश्वजीत बक्स राय, महेंद्र सिंह मुंडा, विजय कुमार, मनोज कुमार राय, प्राण रंजन कुमार, वशिष्ठ नारायण सिंह, नितिन खंडेलवाल, सुमित प्रसाद, नेहा बाला, यशोधरा, नौशाद आलम, विमलेश कुमार त्रिपाठी ,संतोष कुमार मिश्र ,आशुतोष कुमार सत्यम, अशोक रविदास , कुलदीप कुमार, सरिता मुर्मू, पवन कुमार ,नवीन कुमार सिंह, आलोक रंजन ,अरविंद कुमार साजिद जफर ,जय श्री कुजुर, मुस्तफा अंसारी, वरुण रजक, प्रकाश चंद्र महतो ,चंद्रशेखर आजाद ,मनोज कुमार, संदीप सुमन, महेश प्रजापति ,राजीव कुमार, किशोर कुमार रजक, रंजीत कुमार लकड़ा, गोपाल कालुंडिया। विजय कुमार कुशवाहा, वरुण देवगन, सुमित सौरव लकड़ा, राजेंद्र प्रसाद, अखिल नीतीश कुजुर, अमिता लकड़ा, ओम प्रकाश, सिरिल कुमार मरांडी, प्रमोद कुमार मिश्र, कृष्ण कुमार महतो, कमलेश सिंह, अवध कुमार यादव, जयप्रकाश सिंह, राजेंद्र कुमार दुबे, अनिल कुमार सिंह, सुधीर कुमार ,अमरनाथ, नीरज कुमार सिंह, भोला प्रसाद सिंह, नवीन कुमार लकड़ा, करुणानंदराम, शमशाद आलम शमसी, मनीष चंद्र लाल, केदारनाथ उरांव, परमेश्वर प्रसाद नबीन चंद्र दास, जयप्रकाश नाग, जितेंद्र कुमार सिंह, संजीव कुमार मिश्रा, संजय कुमार सिंह, जयप्रकाश नारायण चौधरी, हेलेन सोय, रीतिभान सिंह, वीरेंद्र कुमार राम, प्रवेज आलम, दीप नारायण रजक, जोखू राम, लखन राम, मदन पासवान, सुमन गिनी नाग, अरुण कुमार तिर्की, दाऊद किंडो, राजेश कुजुर डेविड ए दोडराय , तारामणि बाखला, पतरस बिरुवा, राकेश नंदन मिंज, ईकडू डुंगडुंग, नोवेल कुजुर, हिमांशु चंद्र मांझी, बैजनाथ होरो, तालो सोरेन, रिमेजियस टोप्पो, सत्येंद्र नारायण सिंह, नीरा प्रभा टोप्पो, दिनेश मुर्मू, दिल्लू लोहार,परम प्यारेलाल खलखो। सिप्रियन बागे शशिकांत सुधांशु कुजुर, वीरेंद्र बाड़ा संचमान तमांग, विजय शंकर चौधरी ,प्रकाश नारायण, आनंद मोहन सिंह, अंजनी कुमार तिवारी, आमोद नारायण सिंह, अशोक कुमार गिरी, संजय कुमार, रविशंकर सिंह, अरविंद कुमार, कमल किशोर, संजीव कुमार सिंह, तेतरू उरांव, अजीत कुमार कुजूर, अलविनुस बाड़ा, वीरेंद्र कुमार पांडे ,राज नारायण सिंह, शिव शंकर तिवारी ,संजय कुमार राणा ,अरविंद कुमार सिंह, अशोक कुमार ,सियाशरण प्रसाद, सुमन आनन ,अशोक कुमार, रवीश कुमार सिंह, विनोद कुमार, नारायण तिवारी ,अमरेंद्र नारायण, कमलेश्वर पांडे, तालकेश्वर राम, टेशलाल राम, बेनेडिक्ट मरांडी, बिंदेश्वर महतो, अनिमेष कुमार गुप्ता, उमेश कुमार सिंह, उमाशंकर सिंह, सत्येंद्र सिंह जोना, योगेंद्र मुर्मू, कुलदीप टोपनो, महावीर शिलानंद किंडो, आलोक कुमार टूटी, प्लेयर किस्कू, प्रमोद कुमार सिंह ,अंकिता राय ,रोहित रंजन सिंह, प्रदीप कुमार, रोहित कुमार सुरेश प्रसाद यादव और धनंजय कुमार के नामों को शामिल किया गया है।